आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 12:19 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 55, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



स्थिर नही है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान 16

भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों करेंगी अच्छा प्रदर्शन 15

## एक नजर

### संपत्तियों के ध्वस्तीकरण मामले में नई याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को देश के विभिन्न राज्यों में संपत्तियों के कथित ध्वस्तीकरण से संबंधित किसी नई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ याचिका पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं थी, जिसके बाद याचिकाकर्ताओं के वकील ने इसे वापस ले लिया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील से कहा कि उसने हाल में उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है, जिसमें यह दलील दी गई है कि कई राज्यों में अपराध के आरोपी व्यक्तियों की संपत्तियों सहित अन्य संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। पीठ ने कहा इस पर पहले ही फैसला हो चुका है।

### उद्धव अस्पताल में भर्ती एंजियोग्राफी की संभावना

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को जांच के लिए यहां रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ठाकरे को हृदय रोग है और उनकी हृदय धमनियों में रुकावटों की पहचान के लिए परीक्षण किए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक ठाकरे की एंजियोग्राफी होने की संभावना है।

### इनामी नक्सली दंपती ने किया आत्मसमर्पण

**गढ़चिरौली, एजेंसी।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार को 10 लाख रुपये के इनामी नक्सली दंपती ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मुताबिक वरुण राजा मुचाकी उर्फ उंगा (27) एवं रोशनी विजया वाचामी (24) ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इसमें कहा गया कि उंगा भामरागढ़ एल ओ एस का कमांडर था, और वाचामी भामरागढ़ एल ओ एस की सदस्य थी। पुलिस के अनुसार, उंगा के नाम पर 15 अपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 10 मुठभेड़ के हैं और उस पर आठ लाख रुपये का इनाम है। वाचामी के नाम पर 23 मामले दर्ज हैं, जिनमें 13 मुठभेड़ के हैं और उस पर दो लाख रुपये का इनाम है। पुलिस ने बताया कि सरकार की पुनर्वास नीति के अनुसार दम्पती को 11.5 लाख रुपये मिलेंगे।

# धधका बहराइच, दुकानों-अस्पताल में तोड़फोड़

## पुलिस ने किया लाठीचार्ज, हवाई फायरिंग, आंसू गैस के गोले दागे, पूरे जिले में बंद की गईं इंटरनेट सेवाएं

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच

**अमृत विचार :** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल में युवक रामगोपाल मिश्रा की हत्या के बाद सोमवार सुबह एकबार फिर बहराइच में हिंसा भड़क उठी। लाठी-डंडों से लैस लोगों ने तोड़फोड़ करते हुए बाइक के दो शोरूम, दो घर और एक अस्पताल में आग लगा दी। पीएसी के साथ डीएम, एसपी और छह जिलों के पुलिस बल की मौजूदगी में दोपहर तक बवाल होता रहा।

हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए हवाई फायरिंग की, कई बार आंसू गैस के गोले दागे। सुबह 11 बजे से जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। इस दौरान 30 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीजीपी मुख्यालय से चार वरिष्ठ आईपीएस, दो एएसपी, छह डिप्टी एसपी, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी बहराइच भेजी गई। बहराइच के महसी तहसील स्थित महराजगंज कस्बे में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद पत्थरबाजी हुई थी। इससे विसर्जन यात्रा में शामिल रामगोपाल मिश्रा (22) को दूसरे संप्रदाय के लोगों ने घर में खींच कर रॉड से पिटाई की। चाकू और फिर कनपटी पर असलहा सटाकर गोली मार दी। उसे बचाने गए राजन समेत 12 लोग घायल हो गए। सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे पोस्टमार्टम के बाद रामगोपाल का शव घर पहुंचा तो भीड़ शव लेकर महसी तहसील पहुंची और सड़क जामकर प्रदर्शन करने लगी। करीब दो हजार लोग कस्बे और कबड़ियनपुरवा में घुस गए और तोड़फोड करने लगे। बाइक के दो शोरूम, दो घर और एक अस्पताल में आग लगा दी गई।



घटना के बाद रेहुवा गांव में भीड़ जमा हो गई, शव के आने के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

**मुख्यमंत्री ने मांगी रिपोर्ट :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे मामले का गंभीरता से लिया है। उन्होंने रविवार को ट्वीट कर नाराजगी जताई। वहीं, पूरे मामले की रिपोर्ट जिला प्रशासन से तलब की है।

**दो घंटे तक फोर्स के साथ किया मार्च :** एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह महाराजगंज बाजार पहुंचे। पूरे क्षेत्र में दो घंटे बिताने के बाद वह रमपुरवा के लिए रवाना हुए। वहां से जिला मुख्यालय जाएंगे।

- एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व गृह सचिव ने संभाला मोर्चा, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी भेजी

### 30 उपद्रवी हिरासत में

रविवार शाम से शुरू हुए हिंसा में अब्दुल हमीद, रिंकू उर्फ सरफराज, फहीम, राजा उर्फ साहिर खान, ननकऊ, मारुफ अली व अन्य अज्ञात पर हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस कप्तान का कहना है कि 30 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए हैं। वीडियो फुटेज से पहचान की जा रही है।



### पिस्टल लेकर सड़क पर उतरे एडीजी लॉ एंड ऑर्डर

हिंसा बेकाबू होता देख मुख्यमंत्री के आदेश पर तत्काल एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व एसटीएफ चीफ अमिताभ यश और सचिव गृह संजीव गुप्ता को मौके पर भेजा गया। दोपहर में महसी के रमपुरवा चौकी पर भीड़ ने एडीजी के सामने ही तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने अपनी पिस्टल से हवाई फायरिंग की तो उपद्रवी भागे।

### बिना असलहा मिले एसपी, मिली फटकार

हिंसा के दौरान एसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी मौके पर मौजूद थे। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने देखा कि उनके पास असलहा नहीं है। इस पर उन्होंने सबके सामने उन्हें फटकार लगाई। कहा, इतनी बड़ी वारदात के दौरान बिना असलहे के पहुंचे, इस तरह का रवैया ठीक नहीं है।

## अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

- इंडिगो की दो और एयर इंडिया की एक उड़ान को धमकी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई से उड़ान भरने वाली वाली तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में सोमवार को बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मच गई, जबकि न्यूयॉर्क जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली में उतार दिया गया। अधिकारियों के अनुसार एअर इंडिया की उड़ान के अलावा इंडिगो की मस्कट और जेद्दा जाने वाली दो उड़ानों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इंडिगो के विमानों को उड़ान भरने से पहले ही धमकियां मिल गईं और संबंधित विमानों को सोमवार सुबह सुरक्षा जांच के लिए अलग स्थान पर ले जाया गया।

एअर इंडिया ने एक बयान में कहा 14 अक्टूबर को मुंबई से जॉन एफ कैनेडी (जेएफके) अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे जाने वाली उड़ान संख्या एआई-119 को विशेष सुरक्षा चेतावनी मिली और सरकार की सुरक्षा नियामक समिति के निर्देश पर विमान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली भेज दिया गया।

## दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब, पटाखों पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

- पर्यावरण मंत्री ने कहा- 1 जनवरी 2025 तक लागू रहेंगे आदेश

दिल्ली सरकार ने यहां सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर व्यापक प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है और यह प्रतिबंध एक जनवरी, 2025 तक लागू रहेंगे।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पटाखों से हवा की गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। पटाखों के प्रतिबंध के निर्णय के पीछे हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की हवा सांस लेने योग्य बनी रहे। यह प्रतिबंध ऑनलाइन प्लेफार्म के माध्यम से पटाखों की बिक्री पर भी सख्ती से लागू होगा। हाल के वर्षों में सर्दियों में दिल्ली को अत्यधिक प्रदूषण का सामना करना पड़ा है।

### सख्ती से लागू करें प्रतिबंध

दिल्ली पुलिस को पटाखों के पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस को प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को सौंपनी होगी। यह पहल दिल्ली में वायु गुणवत्ता को सुधारने की दीर्घकालिक अवधि रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## चिराग पासवान को दी जाएगी जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री एवं हाजीपुर से सांसद, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान का सुरक्षा कवर बढ़ाने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने पासवान को जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया है, जिसके तहत अब पासवान की सुरक्षा में 33 सुरक्षा कर्मी तैनात होंगे। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 33 जवान 24 घंटे उनकी सुरक्षा में रहेंगे।



## डंपर-ट्राला के बीच पिस गई कार, पांच की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के चार बीटेक छात्र-छात्राओं और कार चालक की जान गई
- पनकी थानाक्षेत्र में भौंती पुल ढाल पर कॉलेज जाते वक्त हुआ दर्दनाक हादसा

**अमृत विचार।** कानपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर भौंती पुल की ढाल के पास सोमवार सुबह 8.47 बजे एक खड़े डंपर में पीछे से ऑल्टो कार घुस गई। कार के पीछे आ रहा सरिया लदा ट्राला भी कार से टकरा गया। जिससे कार डंपर और ट्राला के बीच में फंसकर पिस गई। इससे कार सवार पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के चार छात्र-छात्राओं और कार चालक की मौत हो गई। ट्रक चालक और डंपर चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

हादसे के बाद हाईवे पर करीब 20 किमी लंबा जाम लग गया। पुलिस ने कार की बॉडी काट-काटकर शवों को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मृतकों के घर कोहराम मचा है। पुलिस ने बताया कि चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां निवासी 54 वर्षीय विजय साहू प्रणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (पीएसआईटी) के छात्र-छात्राओं को कॉलेज लाने और ले जाने का काम करते थे। सोमवार सुबह 8 बजे वह केडीए कालोनी सनिगवां रोड निवासी उदय भारती इंटर कॉलेज के संचालक राजेश सिंह के 22 वर्षीय पुत्र प्रतीक सिंह (बीटेक फोर्थ ईयर), सनिगवां के चंद्रनगर निवासी सीआरपीएफ में एसआई रमेश चंद्र के 21 वर्षीय पुत्र सतीश सिंह (बीटेक थर्ड ईयर), सनिगवां रोड निवासी फार्मासिस्ट शिवशंकर पटेल की 18 वर्षीय पुत्री आयुषी पटेल (बीटेक फर्स्ट ईयर) और सनिगवां के चंद्र नगर निवासी टीएसआई भरत कुमार त्रिपाठी की 21 वर्षीय पुत्री गरिमा त्रिपाठी (बीटेक सेकेंड ईयर) को कार से कॉलेज छोड़ने जा रहा था।



क्षतिग्रस्त वाहन।

> हादसे में दो छात्र, दो छात्राओं और कार चालक की मौत हुई है। डंपर और ट्राला चालक फरार हैं। मृतकों के परिजनों से तहरीर मांगी गई है। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। दोनों चालकों को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं।
>
> – **राजेश कुमार सिंह**, डीसीपी पश्चिम

## कनाडा से उच्चायुक्त और राजनयिकों को बुलाया

नई दिल्ली, एजेंसी

**निज्जर मामला**

- हत्या में भारतीय अधिकारियों को जांच में किया था शामिल
- भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर जताई आपत्ति

भारत ने सोमवार को कनाडा से अपने उच्चायुक्त और निशाना बनाए जा रहे अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को वापस बुलाने का निर्णय लिया। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से इन अधिकारियों को जोड़ने के कनाडा के प्रयासों के जवाब में भारत ने यह कार्रवाई की है।

विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रभारी राजदूत को तलब करने के कुछ ही देर बाद फैसले की घोषणा की। उसने कहा कनाडा के प्रभारी राजदूत को सोमवार शाम सचिव (पूर्व) ने तलब किया। उन्हें सूचित किया गया कि कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को निराधार तरीके से निशाना बनाना पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा इस बात पर जोर दिया गया कि उग्रवाद और हिंसा के माहौल में ट्रूडो सरकार की कार्रवाइयों ने उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

## जौहर विवि की भूमि लीज रद करने के खिलाफ याचिका रद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में सपा नेता आजम खान की अध्यक्षता वाले न्यास द्वारा संचालित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की भूमि लीज रद करने को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा। उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूमि लीज रद्द किये जाने के खिलाफ मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की कार्यकारी समिति की याचिका खारिज कर दी थी।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : शूटर की तलाश में उज्जैन और खंडवा में छापे

भोपाल, एजेंसी

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में वांछित संदिग्ध शूटर की मध्य प्रदेश में तलाश सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई और मध्य प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीमें उज्जैन और खंडवा में पूजा स्थलों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

सिद्दीकी की हत्या के एक दिन बाद मुंबई पुलिस की एक टीम रविवार को मध्य प्रदेश पहुंची। यह टीम फरार शूटर शिव कुमार गौतम का पता लगाने के लिए मध्य प्रदेश में है। बाबा सिद्दिकी हत्याकांड में पुलिस ने अब तक तीन संदिग्धों-हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह (23), उत्तर प्रदेश निवासी धर्मराज राजेश कश्यप (19) और पुणे निवासी सह-साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध हैंडलर मोहम्मद जिशान अख्तर भी मामले में वांछित है। उज्जैन और खंडवा प्रसिद्ध महाकाल और ओंकारेश्वर मंदिरों के लिए प्रसिद्ध हैं, जहां हर दिन हजारों श्रद्धालु आते हैं।

### बहराइच के फरार संदिग्ध ने सोशल मीडिया पर लिखा, यार तेरा गैंगस्टर है जानी

**लखनऊ।** बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में उत्तर प्रदेश के फरार संदिग्ध शिव कुमार गौतम ने शान दिखाने के मकसद से खुद को गैंगस्टर बताते हुए सोशल मीडिया पर हाल में ही पोस्ट करना शुरू किया था। गौतम ने 24 जुलाई को इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो साझा करते हुए लिखा था, यार तेरा गैंगस्टर है जानी। फोटो में दिख रहा है कि वह मोटरसाइकिल पर सवार है। पोस्ट के बैकग्राउंड में एक हरियाणवी गाना बज रहा है। गौतम उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के गंडारा गांव का रहने वाला है। स्थानीय लोगों और पुलिस ने कहा कि गांव में उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह महाराष्ट्र के पुणे शहर में कबाड़ की एक दुकान पर काम करता है। 8 जुलाई को गौतम ने एक पोस्ट किया था, जिसमें लिखा था, शरीफ बाप है... हम नहीं।

## विधायक को थप्पड़ मारने वाले भाजपा से निष्कासित

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अवधेश सिंह, पुष्पा सिंह समेत चार लोगों पर था आरोप

**अमृत विचारः** विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारे जाने के मामले में भाजपा प्रदेश संगठन ने सोमवार को भाजपा नेता अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, उनकी पत्नी समेत चारों लोगों को पार्टी से निष्कासित कर दिया।

बुधवार को अर्बन कोआपरेटिव बैंक डेलीगेट के चुनाव के दौरान पर्चा छीने जाने को लेकर बैंक की पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेत्री पुष्पा सिंह के पति भाजपा नेता जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह की सदर विधायक योगेश वर्मा से तीखी तकरार हो गई थी। गुस्साये अवधेश सिंह ने सदर कोतवाल अंबर सिंह के सामने विधायक को थप्पड़ जड़ दिया और उनके समर्थकों ने मारपीट की थी। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर 10 अक्टूबर को प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने अवधेश सिंह, पुष्पा सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव व ज्योति शुक्ला को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा था। सोमवार को प्रदेश संगठन ने चारों को पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने चारों लोगों के पार्टी से निष्कासन की पुष्टि की है।

## छात्रा से गैंगरेप, मृत समझकर फेंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खेत में खून से लथपथ मिली किशोरी, दुपट्टे से बंधे मिले हाथ-पैर
- चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, आरोपियों की धरपकड़ के लिए 3 टीमें गठित

**अमृत विचार :** चिनहट में सोमवार तड़के 8वीं की छात्रा से आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद तीनों ने उसी के दुपट्टे से हाथ-पैर बांध कर गला कस दिया। आरोपी पीड़िता को मृत समझकर खेत में फेंककर आरोपी भाग निकले। घर न पहुंचने पर भाई तलाश करते हुए खेत पर पहुंचा, जहां बहन की हालत देख वह चौक गया। साथियों की मदद से किसी तरह उसके हाथ-पैर खोले और गोद में उठाकर लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में तीन टीमें लगाई गई हैं।

थाना क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीया किशोरी कक्षा 8 की छात्रा है। बहन ने बताया कि मायके से कुछ दूरी पर वह रहती है। सुबह करीब 3:30 बजे पीड़िता उसके पास पहुंची और नित्यक्रिया जाने की बात कहकर घर से निकल गई। करीब 7 बजे तक वापस नहीं लौटी तो घर के सभी लोगों ने तलाश शुरू की। तभी गांव के एक व्यक्ति ने उन्हें जानकारी दी कि खेत में बेसुध हालत में वह पड़ी है। खबर मिलते ही भाई भागकर खेत पर पहुंचा, देखा तो बहन के हाथ-पैर बंधे हैं और गले में दुपट्टा कसा है। कपड़ों पर खून के निशान थे। इस पर भाई उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचा। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल और फिर अस्पताल पहुंची। परिजन ने गांव के तीन लोगों पर आरोप लगाया है। डीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि सर्विलांस समेत अन्य टीम की मदद ली जा रही है। जिन पर आरोप है, उनके खिलाफ तथ्य तलाशे जा रहे हैं। ताकि सही कार्रवाई की जा सके।



## तीन अर्थशास्त्रियों को नोबेल पुरस्कार

- राष्ट्रो के बीच समृद्धि में अंतर पर किया रिसर्च

**स्टॉकहोम।** राष्ट्रों के बीच समृद्धि में अंतर पर शोध के लिए डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए रॉबिन्सन को अर्थशास्त्र का नोबेल दिया गया है। रॉयल स्वीडिश अकेडमी ऑफ साइंसेज की नोबेल समिति ने कहा कि तीनों अर्थशास्त्रियों ने किसी देश की समृद्धि के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित किया है। कानून के खराब शासन वाले समाज और आबादी का शोषण करने वाली संस्थाएं वृद्धि या बेहतर बदलाव नहीं लाती हैं। ऐसमोग्लू और जॉनसन मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में काम करते हैं और रॉबिन्सन शिकॉगो विवि में शोध करते हैं।

## अब बिल्डर नहीं वसूल सकेंगे मनमाना बिजली बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संबंधित बिल्डर पर पन्द्रह हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा
- नहीं सुधार हुआ तो कट जाएगा सिंगल प्वांइट कनेक्शन

**अमृत विचार।** आवासीय भवनों में मनमाने ढंग से बिजली बिल वसूलने पर संबंधित बिल्डर पर पन्द्रह हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा। इसके बाद भी अगर बिल्डर की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो सिंगल प्वांइट पर दिया गया बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा और आवासीय उपभोक्ता अपने नाम से कनेक्शन ले सकेंगे। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने टैरिफ आदेश में बिजली निगमों को यह व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं।

निर्देश के तहत सिंगल पॉइंट कनेक्शन में पहली बार गलती पाये जाने पर बिल्डर पर पांच हजार जुर्माना, दूसरी गलती पर 10 हजार व तीसरी बार गलती पर 15 हजार जुर्माना लगाया जाएगा। आयोग के निर्देश के तहत बिजली कंपनियां ऑनलाइन पोर्टल बनाएंगी, जिसमें बिल्डर को सभी उपभोक्ताओं का बिजली बिल संबंधी डाटा प्रदर्शित करना होगा। सभी बिल्डरों को अपना ऑडिटेड अकाउंट भी रखना होगा। इस बीच, सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर उपभोक्ता हित में बिजली दर तय करने के लिए आभार व्यक्त किया। मालूम हो कि नियामक आयोग को शिकायतें मिल रहरी थीं कि कुछ बिल्डर सिंगल प्वाइंट कनेक्शन लेकर आवासीय उपभोक्ताओं से मनमाना बिल वसूल कर रहे हैं। निर्धारित फिक्स चार्ज 110 रुपये व एनर्जी चार्ज सात रुपये प्रति यूनिट से ज्यादा वसूली की जा रही है।



### आवासीय समिति मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर नहीं काट सकतीं कनेक्शन

नियामक आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि कोई भी बिल्डर या आवासीय वेलफेयर समिति फ्रेंचाइजी के रूप में काम करेगी। वह मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर किसी भी उपभोक्ता का बिजली का कनेक्शन नहीं काट सकेंगी। ऐसे बिल्डर या फ्रेंचाइजी आवासीय समिति जनरेटर व डीजी सेट होने पर इसका अलग से बिजली बिल उपभोक्ताओं से वसूल सकेंगी। उपभोक्ताओं को मेंटेनेंस चार्ज का भी बिल अलग से अदा करना होगा।

## एक नजर

### सपा जिला पंचायत सदस्य के पति पर रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ।** फसल काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यहां हुई मारपीट के बाद वायरल हो रहे वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लिया है। इसके साथ ही सपा के जिला पंचायत सदस्य के पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के गांव शंकरपुर में एक किसान के खेत में खड़ी धान की फसल को काटने को लेकर विवाद हो गया। यहां दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक पक्ष के द्वारा जिला पंचायत सदस्य पति संदीप यादव के साथ मारपीट की जा रही है। पुलिस ने किसान लज्जाराम पुत्र अनंतराम की तहरीर पर पुलिस ने संदीप यादव पुत्र रामभरोसे, मिंटू व सुमित पुत्रगण संतराम, जगवीर व राजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### भाजपा सरकार में सबको मिल रहा हक व सम्मान

**गुरसहायगंज।** सोमवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ठाकुर ने नगर में एक प्रतिष्ठान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को किसान निधि, पीएम आवास, फसल बीमा योजना आदि का लाभ दे रही है। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास है। इससे पहले पूर्व प्रधान कौशलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पप्पू ठाकुर ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह यादव, प्रधान बृजपाल सिंह, रामकिशोर मिश्रा, कृपाराम पाल, राजीव सोलंकी, अजय, विक्रम सोलंकी, प्रधान जितेंद्र सिंह, अखिलेश राजपूत, आजाद खान आदि मौजूद रहे।

### कल आएंगी महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय

**कन्नौज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि 16 अक्टूबर को सुबह 11 बजे विकास भवन के सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय जनसुनवाई करेंगी। महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीड़िताओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए आयोग की सदस्य जिले में आएंगी।

### हज यात्री 23 तक बनवाएं फिटनेस प्रमाण पत्र

**कन्नौज।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि हज यात्रा 2025 के लिए हज यात्रियों का चयन हो चुका है। चयनित लोग जिला अस्पताल से मेडिकल स्क्रीनिंग कराकर स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनवा लें। 23 अक्टूबर तक उसे एलोपैथिक डॉक्टर से प्रमाणित करा लिया जाए। प्रमाण पत्र राज्य हज समिति लखनऊ को भेजा जाएगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का कहना है कि हालांकि हज यात्रियों की सुविधा के लिए सीएमओ से कैंप लगाने का अनुरोध किया गया है।

विभाग किसानों से साध रहा संपर्क, विपणन अधिकारी बोले-अभी फसलें तैयार नहीं

# मक्का-बाजरा के 12 क्रय केंद्र खुले, पर बोहनी नहीं

**01** अक्टूबर से जिले भर में 34 केंद्र खरीद करने के लिये खोल दिये गये हैं

**06** केंद्र मक्का, और छह केंद्र बाजरा खरीद के खोले गये हैं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में मक्का व बाजरा के सरकारी खुले खरीद केंद्रों पर 14 दिन बाद भी बोहनी नहीं हुई है। विभाग लगातार किसानों से संपर्क बनाये हुए है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी बोले जिले में अभी उक्त फसलें तैयार नहीं हुई हैं।

जिले में मक्का व बाजरा की भी खरीद की जायेगी। इस के लिये खाद्य एवं विपणन विभाग ने एक अक्टूबर से जिले भर में 34 केंद्र खरीद करने के लिये खोल दिये हैं। इन में छह केंद्र मक्का, छह केंद्र बाजरा के खोले गये है। 14 दिन बीत जाने के बाद भी इन केंद्रों पर मक्का, बाजार लेकर किसान नहीं पहुंचे है। खरीद के लिये खुले इन सरकारी खरीद केंद्रों पर केंद्र प्रभारी पूरे दिन बैठ कर किसानों के आने का इंतजार करते रहते हैं। शाम होने पर वह केंद्र बंद कर चले जाते हैं।

जिले में बरसाती मक्का की बुआई किसान कम करते हैं, इसलिये विभाग को कम ही उम्मीद है कि इन केंद्रों पर मक्का को बिक्री करने किसान पहुंचेगे। इस के बाद भी विभाग उन किसानों से संपर्क कर रहे हैं जो बरसात के मौसम में मक्का व बाजरा को उगाते हैं। इस के बाद भी जिले में दोनों अनाज के छह-छह केंद्र खोले हैं।

सरकार ने बरसाती मक्का व बाजरा का रैट निर्धारित कर दिया है। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 रुपये प्रति क्विंटल व बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2625 रुपये निर्धारित किया गया है। किसान सरकारी खरीद केंद्रडों पर मक्का या बाजरा लेकर पहुंचते हैं तो उनके अनाज की जांच की जायेगी। अनाज पूरी तरह से सूखा हुआ होना चाहिये। अनाज में गंदगी नहीं होनी चाहिये। इस के बाद केंद्र किसानों के इन अनाज की खरीद करेंगे।



मण्डी समिति में खुला धान, मक्का व बाजरा खरीद केंद्र। अमृत विचार

### किसानों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

- यही नहीं सरकारी खरीद केंद्रों पर मक्का या बाजरा बेचने के लिये पहले रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके बाद वह इन सरकारी खरीद केंद्रों पर अनाज की बिक्री कर सकते हैं। अनाज बेचने के बाद रुपये सीधे खाते में भेजे जायेंगे। किसानों को मक्का या बाजरा की उतराई प्रति क्विंटल बीस रुपये की दर से खरीद केंद्र पर देना होगा।

### जिले में उत्पादन कम

- जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि जनपद में इन अनाजों का उत्पादन कम किया जाता है। इसके बाद भी दोनों फसलों के केंद्र खोले गये हैं। जो किसान इन अनाज को सरकारी क्रय केंद्र पर बेचना चाहता है, वह पहले रजिस्ट्रेशन करा लें, इसके बाद अनाज किसी केंद्र पर लाकर बेच सकते हैं।

## आधार से निःशुल्क सरसों बीज पाइए

**कन्नौज।** जिले के किसानों के लिए राजकीय बीज भंडारों पर राई/सरसों के 5550 पैकेट ब्लॉकों में पहुंच गए हैं। कुल 111 क्विंटल राई का वितरण निशुल्क होगा। किसान को आधारकार्ड दिखाना होगा और पॉस मशीन में अंगूठा लगाना होगा।

जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि जिन किसानों का पंजीकरण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पोर्टल पर है निशुल्क राई बीज का वितरण उनको ही किया जाएगा। बताया कि उमर्दा व छिबरामऊ ब्लॉक क्षेत्र में किसानों के लिए 825-825 पैकेट, कन्नौज व तालग्राम इलाके के किसानों के लिए 750-750 पैकेट, सौरिख व हसेरन के लिए 675-675 पैकेट और जलालाबाद व गुगरापुर के लिए 525-525 पैकेट दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि पैकेट दो-दो किलोग्राम के हैं। जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि इसके अलावा अनुदान वाले सरसों बीज भी उपलब्ध हैं जो किसान को 54 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बिक्री किए जाएंगे। वैसे सरसों का बीज करीब 108 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित है। दूसरी ओर तोरई का भी तीन कुंतल बीज यानि 150 पैकेट ब्लॉकों में राजकीय बीज भंडार पर उपलब्ध है।



भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पार्टी पदाधिकारी व सदस्य।

## भाजपा की मजबूती ही लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सदर विधानसभा क्षेत्र में 40 हजार से अधिक सदस्य बने

**अमृत विचार।** भाजपा ने सदर विधानसभा क्षेत्र में 40 हजार से अधिक नए सदस्यों को जोड़ा है। अभियान को गति देने के लिए सोमवार को पार्टी कार्यालय में हुई कार्यशाला में कहा गया कि पार्टी को मजबूत बनाना ही मुख्य लक्ष्य है।

पार्टी ने इस बार डिजिटल सदस्यता अभियान को प्रोत्साहित किया है। इच्छुक लोग वेबसाइट या मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। मिस्ड कॉल से भी सदस्यता ले सकते हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा, महिलाओं, किसान, अनुसूचित जाति/ जनजाति और पिछड़े वर्गों को भाजपा से जोड़ना है, ताकि पार्टी की नीतियों और विकास योजनाओं को इन वर्गों तक पहुंचाकर सशक्त बनाया जा सके। क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी ने कहा कि सदस्यता अभियान के दौरान विशेष कार्यक्रम, रैलियां और संवाद हो रहे हैं। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक व जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने अधिक से अधिक सदस्य बनाने की बात रखी। इस मौके पर जिला महामंत्री हरिबख्श सिंह, उमर्दा ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा व विकास त्रिपाठी मौजूद रहे।

## अपने विभाग की खराब रैंक सुधारें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक करते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व एडीएम आशीष सिंह।

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की बैठक हुई। जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली की जाए। दर्पण पोर्टल में जनपद की रैंकिंग हर हाल में अच्छी होनी चाहिए। जिस विभाग की रैंक खराब है उसे समय से सही करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि पोर्टल को अपडेट करते रहें।

डीएम ने वाणिज्य कर 111.99 करोड़ वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 33.44 करोड़ की वसूली, स्टांप में 128 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 28.29 करोड़ की वसूली, आबकारी में 405.71 करोड़ वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 40.22 करोड़ की वसूली, बिजली में 455.56 करोड़ वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 30.24 करोड़ की वसूली पर राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में मंडी सचिव गैरहाजिर रहे इस पर डीएम ने नाराजगी जताई।

उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने-अपने अधीनस्थ न्यायालयों का स्वयं रिव्यू करें।

कोई भी वाद लंबित न रहने पाए इस पर फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष एवं 3 वर्ष से ऊपर के मुकदमें किसी की भी कोर्ट में लंबित नहीं होने चाहिए। तहसीलदारों से कहा कि राजस्व के मुकदमों एवं अन्य विवादित मामलों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के लिए मौके पर जाएं। दोनों पक्षों की उपस्थिति में आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण कराएं।

### डर के साथ कार्य करना छोड़ें अधिकारी: जिलाधिकारी

डीएम ने कहा कि न्यायिक कार्यों को डर-डर के करना अनुभवहीनता प्रदर्शित करता है। अधिकारी बिना दबाव के आदेश पारित करें और डर के साथ कार्य करना छोड़ें। कहा कि बिना फाइलें खोलें तारीखें देना भी लापरवाही है। प्रकरण को देखें, सुने और समय से निस्तारित करें। बैठक में एडीएम (वि./रा.) आशीष सिंह, एडीएम (न्यायिक) देवेंद्र सिंह, एसडीएम सदर रामकेश, छिबरामऊ उमाकांत तिवारी व तिर्वा अशोक कुमार मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



छात्रा को सम्मानित करते महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

### शाक्य महासभा ने तेजस्विनी को किया सम्मानित

**जलालाबाद।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में 39 वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक पाने वाली तेजस्विनी को शाक्य महासभा ने सम्मानित किया। रविवार को अखिल भारतीय महासभा इकाई के पदाधिकारियों ने पीएसएमपीजी डिग्री कॉलेज की छात्रा रही जलालाबाद निवासी तेजस्विनी कुशवाहा परास्नातक (भूगोल) को यूनिर्वसिटी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर घर पहुंच कर बधाई व सम्मान पत्र दिया। जिलाध्यक्ष हरि शर्मा और महासचिव राजेश कुमार ने उनका मुंह मीठा कराया। संरक्षक रुकुम बहादुर शाक्य, राष्ट्रीय संस्कृतिक सचिन हरगोविंद शाक्य ने पंचशील पट्टिका पहनाकर बधाई दी तो कोऑर्डिनेटर कुलदीप शाक्य ने पुष्पगुच्छ देते हुए शिक्षा के लिए सहयोग का भरोस दिलाया। इस दौरान दिनेश कुमार कुशवाहा, नवनीत कुमार, संगीता कुशवाहा, सरोजनी देवी, रीना, नीता कुशवाहा, सौरभ तिवारी, सुनीता, सुंदरलाल कुशवाहा, शिवांशु कुशवाहा, प्रशांत कुशवाहा आदि लोग रहे।



विजेता छात्रा पूनम के साथ मौजूद प्रधानाचार्य व शिक्षक। अमृत विचार

### दौड़ प्रतियोगिता में पूनम बनीं सबसे तेज धावक

**गुरसहायगंज।** जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता डीएन कॉलेज तिर्वा में हुई। दौड़ में चौ .जयवीर सिंह इंटर कॉलेज की छात्रा पूनम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक प्रशांत सिंह ने बताया कि कक्षा 7 की छात्रा पूनम ने जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 मीटर व 1500 मीटर दौड़ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा की इस उपलब्धि से माता-पिता और विद्यालय नाम रोशन हुआ है। विद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक, प्रधानाचार्य राहुल भदौरिया, मुख्य व्यवस्थापक आलोक यादव ने विजेता छात्रा पूनम का स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। प्रबंधक प्रशांत सिंह ने बताया कि हर बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती हैं। उनको निखारना संस्थान का काम होता है। अन्य छात्र छात्राओं को पूनम से सीख लेनी चाहिए और इसी प्रकार आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान राजेंद्र सिंह यादव, अगम कुमार दुबे, संजीव मोहन शर्मा, टीम कोच अजय यादव एवं संगम, सचिन, रवि, दिनेश, अभिषेक, संदीप, अजीत कुमार, आशीष कुमार, दीपक कुमार सौरभ, जगमोहन सिंह, जितेन्द्र सिंह, रिंकी, सपना, आकांक्षा दुबे, प्रियंका आदि रहे।

### पूर्व प्रधान प्रतिनिधि सहित 8 नामजद, 3 अज्ञात पर रिपोर्ट

**गुरसहायगंज।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज और मारपीट के बाद खूनी संघर्ष हो गया था। मामले में दोनों से महिलाओं सहित लगभग आठ लोग घायल हुए थे। उपचार के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 12 अक्टूबर की दोपहर बाद वह ग्राम मैकीपुर्वा हार स्थित अपने पैतृक खेत पर ट्रैक्टर से जुताई करा रही थी। तभी ग्राम भवानीपुर निवासी पूर्व प्रधान प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, दुर्गेश, रघुराज सिंह, रवीन्द्र प्रताप, टिंकू, धीरेन्द्र, मानवेन्द्र सिंह अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ धारदार हथियार व लाठी-डंडा लेकर आए और गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर महेन्द्र सिंह के इशारे पर रवि और टिंकू महिला को उठा ले गए और जमीन पर गिराकर छेड़छाड़ करने लगे। इसी बीच महिला की मां और भाई को आता देख आरोपित उसे छोड़ मां और भाई पर हमलावर हो गए। आरोपियों ने महिला को जान से मारने की मंशा से सिर में राड से हमला कर दिया। इसका सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो गया। हालांकि इस वीडियों की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। उधर, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि ने भी महिला व उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आठ नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले में सीओ सदर कमलेश कुमार का कहना है कि मामले की दोनों पक्षों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की जांच की जा रही है।

## सड़कों के जाल को डबल लेन कर रहे: असीम अरुण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सदर ब्लॉक के भिम्मापुर्वा के जन संवाद कैंप में पहुंचे मंत्री

**अमृत विचार।** सदर ब्लॉक क्षेत्र के कटरी अमीनाबाद के भिम्मापुर्वा में जनसंवाद कैंप लगा। इसमें समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने समस्याएं सुनीं। कहा, सड़कों के जाल को डबल लेन किया जाएगा। नगर में वही वाहन प्रवेश कर सकेंगे जो जरूरतमंद हैं।

सोमवार को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि कटरी से होते हुए जीटी रोड व संयोगिता मार्ग को जोड़ने का प्लान है। इससे यातायात बाधित नहीं होगा। मंत्री गांव में घूमकर लोगों से मिले और जरूरतमंदों की मदद करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जिनके कृषि के पट्टों पर कब्जा देने का अभियान शुरू हो गया है। भूमिहीनों को नए पट्टे दिए जाएंगे। 10 लाख रुपये के बजट से गौशाला का निर्माण होगा, इसका टेंडर हो गया है। कूड़ा प्रबंधन केंद्र बनने वाला है। जनसंवाद कैंप में कई सरकारी विभागों ने स्टॉल भी लगाए।

## बारात में खिले अनूठे रंग, राम की हुईं सिया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** श्री पंचमुखी दुग्धेश्वर महादेव जी आदर्श रामलीला समिति की तरफ से शहर के एसबीएस कॉलेज ग्राउंड में रामलीला का आयोजन चल रहा है। इस क्रम में श्री राम बारात का आयोजन किया गया। इसमें शामिल करीब 35 झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया।

श्री राम बारात का शुभारंभ रामलीला स्थल से समिति के पदाधिकारियों द्वारा आरती के साथ किया गया। एसबीएस इंटर कॉलेज ग्राउंड से शुरू हुई बारात नगर का भ्रमण करते हुए देर रात वापस लीला स्थल पर पहुंची। बारात में शामिल 35 झांकियों के अलावा कलाकारों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया तो वहीं काली माता के रूप में कलाकार ने लोगों की वाहवाही बटोरी।



राम बारात में काली माता का करतब दिखाते कलाकार। अमृत विचार



श्री पंचमुखी दुग्धेश्वर महादेव जी आदर्श रामलीला समिति की राम बारात में शामिल पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार गुप्त, पवन पांडेय और बाराती। अमृत विचार

इसके साथ ही डीजे पर बारात में शामिल श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। रास्ते भर बारात पर पहले से प्रतीक्षा में बैठे श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। बारात संपन्न होने के बाद श्रीराम और सीता का विवाह संपन्न कराया गया। बारात के दौरान समिति के अध्यक्ष रंजन बाजपेई, पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार गुप्त, पवन पांडे समेत कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

तिर्वा में आयोजन — शिव ताण्डव के साथ कई मंडलों के कलाकारों ने किया मनोरंजन, मां अन्नपूर्णा मंदिर से मां भद्रकाली मंदिर तक निकली शोभायात्रा

# मां भगवती की शोभायात्रा में डांडिया और गरबा की धूम

संवाददाता, तिर्वा

**अमृत विचार।** कस्बे के अन्नपूर्णा नगर मोहल्ले से मां अन्नपूर्णा नवदुर्गा कमेटी के तत्वावधान में रविवार की देर शाम मां भगवती की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मां अन्नपूर्णा मंदिर परिसर से शुरू होकर मां भद्रकाली खैरनगर रोड तक पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल विभिन्न मंडल शोभायात्रा की शोभा बढ़ाते हुए लोगों का मनोरंजन कर रहे थे।

विशाल शोभायात्रा की शुरुआत आचार्य पुष्पेन्द्र त्रिपाठी ने विधि-मंत्रो के साथ शाम 6 बजे बाबा पंचमुखी मंदिर से कराई। शोभायात्रा में गरबा डंडिया, गणपति डंडिया, राधा-कृष्ण, शिव-तांडव, मां काली मंडल में शामिल नगर के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। इसके अलावा बाहरी जनपदों से आए हुए कलाकरों ने भी अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा तिर्वा-कन्नौज मुख्य मार्गों से होते हुए देर रात मां भद्रकाली के दरबार में जाकर समाप्त हुई। रास्ते में कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने जोरदार स्वागत किया। प्लाजा मार्केट के सामने नवदुर्गा सेवा समिति के संरक्षक दिलीप कुमार अवस्थी, महासचिव प्रभात कुमार वर्मा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान भारी संख्या में पीएसी व पुलिस बल तैनात रहा।

यातायात को लेकर ठठिया रोड चैराहा व गांधी चौक चौराहा पर बेरिकेडिंग कर डायवर्जन किया गया था। शोभायात्रा में कमेटी के अध्यक्ष गौरव सक्सेना, शैलेन्द्र कुशवाहा, धीरज, अंकुर सिंह, किशन भट्ट, अंशुल कौशल, अंशू शर्मा, शिवम गुप्ता, दीपक उर्फ भोला, मिक्की, अनुज राजपूत आदि शामिल थे।





शोभायात्रा में झांकियां निकालकर कला का प्रदर्शन करते कलाकार। अमृत विचार

## धान कटाई में मशीन पकड़ी

**सौरिख।** अवैध रूप से धान की कटाई कर रही कंबाइन मशीन को नायब तहसीलदार ने पकड़ लिया। पुलिस को सौंप दिया।

सकरावा थाना क्षेत्र के बझेड़ी गांव में ठेकेदार द्वारा अन्य प्रांत से धान की कटाई के लिए कंबाइन मशीन मंगाई गई है, जो रविवार को गांव में किसानों के धान की कटाई कर रही थी। सूचना पर नायब तहसीलदार भरत सिंह मौर्य, लेखपाल औरंगज़ेब पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए और जांच-पड़ताल में मशीन अवैध पाई गई। इस पर कार्रवाई करते हुए मशीन को पुलिस के सुपुर्द किया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से मशीन संचालकों एवं ठेकेदारों में हड़कंप मचा हुआ है। वे मशीन लेकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE
I Santosh Kumar S/o Surya Narayan, Address- Khasra no 155 , Badshah kheda, Alamnagar, Lucknow 226017 , wants to inform publicly that by mistake my daughters name in Adhar Card mentioned as Ruby Trivedi where as her true name is Vedanshi Trivedi according DOB certificate .

सूचना
सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सं0- 270863 पर मेरे नाम के साथ पिता का नाम भगवती प्रसाद शुक्ला लिखा है, जो कि गलत है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम भगवत प्रसाद शुक्ल होना अनिवार्य है। **चन्द्रकान्त शुक्ल पुत्र भगवत प्रसाद शुक्ल नि0 - ग्राम पूरे काली तिवारी मजरे उमरी प0 व तह0 सलोन जिला- रायबरेली।**

सूचना
सूचित हो कि मेरे प्रथम सेमेस्टर की बी.एस.सी. की मार्कशीट फरवरी 2022 व द्वितीय सेमेस्टर जुलाई 2022 की मार्कशीट कहीं खो गई है। जिसका अनुक्रमांक 2121290492 है। **सौरभ वर्मा पुत्र श्री परमानन्द निवासी - केन्द्रीय विद्यालय के पास लखेपड़ाबाग, बढ़ेल, परगना व तहसील- बाराबंकी।**

सूचना
सूचित हो कि मेरे नाम जारी एलआईसी पॉलिसी बान्ड में मुकेश कुमार पुत्र राजाराम लिखा है, जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाते में मुकेश राजाराम कर्मवीर लिखा है। दोनों नाम मेरे ही हैं। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये। **मुकेश राजाराम कर्मवारी, ग्रा0पो0- सोतवाखेड़ा, जि0- रायबरेली, मो0- 7041623475**

सूचना
प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति की प्रथम बैठक ब्लॉक टोडरपुर की न्याय पंचायत सुंदरपुर अमरौली के ग्राम कमालपुर में 18 अक्टूबर को मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड की प्रथम संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जायेगा।
प्रार्थी- रज्जन कश्यप,
मो0: 9598461370

आवश्यकता है
शहजादे सिंह महाविद्यालय, अतरौली- भरावन, हरदोई के बी.टी.सी. विभाग में विभागाध्यक्ष/प्राचार्य -1, सभी विषय के प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। वेतन व योग्यता एन.सी.टी.ई./राज्य सरकार के मानकानुसार। 30/10/2024 तक आवेदन करें। साक्षात्कार- 11/11/2024 को सुबह 10 बजे महाविद्यालय परिसर में होगा।
प्रबन्धक
मो0 : 9918126001

सूचना
सूचित हो कि मेरा बड़ा लड़का मोहनलाल व पुत्रवधू राजकुमारी का चाल-चलन व व्यवहार ठीक नहीं रहता है, वे आये दिन मुझे गाली देना, मारपीट करना, खाना-पीना न देना व अभद्र व्यवहार करता है। जिससे मेरी सामाजिक छवि धूमिल हो रही है। इस कारण मैंने अपने लड़के मोहनलाल व पुत्रवधू राजकुमारी के कृत्यों से क्षुब्ध होकर उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से 16.07.2024 से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सराकोर नहीं होगा। **राम विलास पुत्र पूर्वीदीन ग्राम महावीर खेड़ा, पो0- महरानीगंज, थाना- खीरो, जिला- रायबरेली।**

**आज का मौसम**

मंगलवार को हल्के फुलके बादलों के बीच धूप रहने की संभावना है।

| 32.0⁰ | 20.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 10 | सूर्यास्त 05 : 42 |

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा, बस पर सवार थे करीब एक सैकड़ा यात्री

# बिहार से पंजाब जा रही डबल डेकर बस पलटी, 37 घायल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसा सोमवार शाम करीब 6 बजे किलोमीटर संख्या 163.600 पर हुआ। बस बिहार से यात्रियों को लेकर भटिंडा (पंजाब) जा रही थी। बस में करीब एक सैकड़ा यात्री सवार थे। हादसे में 37 यात्री घायल हो गए, जिन्हें तालग्राम सीएचसी पहुंचाया गया। 10 घायलों को मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। दो गंभीर घायलों को कानपुर रेफर कर दिया गया है।

बिहार से यात्रियों को बैठाकर डबल डेकर बस भटिंडा (पंजाब) के लिए रवाना हुई थी। रविवार की शाम जब बस आगरा-लखनभ एक्सप्रेस-वे पर तालग्राम थाना क्षेत्र के बेहटा गांव के पहुंची, पंजाब के पटियाला थाना क्षेत्र के तिरुपति चाउन निवासी चालक कुल्दीप सिंह ने नियंत्रण खो दिया। इससे बस एक्सप्रेस-वे के डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

हादसे की सूचना मिलते ही तालग्राम थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उधर, सूचना पर यूपीडा के अधिकारी राजेंद्र कनौजिया कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और राहत बचाव कार्य शुरू किया। एंबुलेंस से सभी घायलों को तालग्राम सीएचसी और मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल रोशन कुमार यादव और श्याम नंदन को मेडिकल कालेज से कानपुर रेफर कर दिया गया। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। सभी घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। यातायात बहाल कर दिया गया है।


एक्सप्रेसवे पर पलटी डबल डेकर बस। अमृत विचार

**ये घायल तालग्राम सीएचसी में भर्ती**

राजेश (26) पुत्र सिकंदर, लखन (27) पुत्र राजू साधन, भूपेंद्र (28) पुत्र महेश, बबलू (21) पुत्र सुखन, दिलीप यादव (47) पुत्र ब्रह्मदेव यादव, मंगल यादव (48) पुत्र कमिश्वर यादव, देवन (44) पुत्र जग्गू, जयप्रकाश (29) पुत्र सरवन शर्मा, रंजीत (22) पुत्र राजकिशोर, विमल (36) पुत्र करंती रित्री, लालू यादव (35) पुत्र कपिल देव, नुनुलाल (55) पुत्र नेतिक, संजीत यादव (36) पुत्र राजेंद्र यादव, मंटू यादव (36) पुत्र रामगोविंद, नीरज (22) पुत्र ज्ञानचंद्र, गुलशन यादव (32) पुत्र सरवन यादव, शुभम (19) पुत्र सरवन शर्मा, वीरभान (36) पुत्र करंती रित्री, सोम ऋषि (30) पुत्र ऋषि।

**ये यात्री राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा में भर्ती**

- सुनील पुत्र प्रेमलाल ऋषि (29) निवासी थाना बढ़ा कोठी जिला पूर्णिया बिहार।
- राजन कुमार पुत्र विजय (18) निवासी थाना बढ़ा कोठी जिला पूर्णिया बिहार।
- मुकेश पुत्र सदानंद ऋषि (28) निवासी थाना बढ़ा कोठी जिला पूर्णिया बिहार।
- मुकेश कुमार जादव पुत्र प्रेमलाल जादव (30) निवासी चंपावती बालू टोला सरसी पूर्णिया बिहार।
- बरहन ऋषि पुत्र देवी ऋषि (44) निवासी पंचायत खड़ी पूर्णिया बिहार।
- सूरज कुमार पुत्र नरेश ऋषि (16) निवासी पंचायत खड़ी पूर्णिया बिहार।
- रोशन कुमार पुत्र भागीरथी यादव (26) निवासी पूर्णिया बिहार।
- बिकनदार कुमार पुत्र टुनटुन सदा निवासी ढलान सिरसा दलन जिला कटिहार बिहार।
- नीरज पुत्र नरेश ऋषि (22) निवासी दतखुलवा पूर्णिया बिहार।
- श्याम नंदन पुत्र दुख सदन (30) सिरसा चंदन चौक जिला कटिहार बिहार।

## बहराइच की घटना को लेकर पुलिस चौकन्ना

**कन्नौज।** बहराइच घटना को लेकर सीओ कोतवाली पुलिस ने शहर में परखी शांति व्यवस्था। शहर में उन्होंने भारी पुलिस बल के साथ भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया। वहराइच में दुर्गा विर्सजन यात्रा के दौरान हुई हिंसा के मामले में जिले की पुलिस भी एलर्ट हो गई है। सोमवार को सीओ सदर कमलेश कुमार की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने शहर में भ्रमण किया। इस दौरान जनता से बात कर उनसे मुख्यालय में वहराइच की घटना को लेकर जानकारी ली। उन्होंने व्यापारियों से बात कर सुरक्षा का भरोसा दिया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे व अन्य पुलिस जवानों ने शहर के मुख्य बाजार में भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा पुलिस लेती रही। सीओ सदर ने बताया कि उन्होंने शहर में भ्रमण कर वहराइच की घटना के संबंध में सुरक्षा व्यवस्था जाची है। शहर में उस घटना को लेकर किसी तरह की हलचल नहीं है। लोग प्रति दिन की तरह अपने काम काज कर रहे हैं। व्यापारियों से भी संपर्क किया गया है। वह भी व्यापार कर रहे हैं। शहर में जगह-जगह पुलिस को तैनात किया गया है। वह शहर के हालात पर नजर रखे हुए हैं।


प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत करते कांग्रेसी। अमृत विचार

# उपचुनाव में भाजपा को विदा करेंगे: अजय राय

संवाददाता, तिर्वा

- लखनऊ से आगरा जाते समय कांग्रेसियों ने प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**अमृत विचार।** एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का काफिला रोककर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यूपी के विधानसभा उप चुनाव में एकजुट होकर भाजपा को विदा कर देंगे।

सोमवार को लखनऊ से आगरा जाते समय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के यहां से गुजरने की जानकारी मिलने पर कांग्रेसी एक्सप्रेस-वे पर पहुंच गए। जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष का काफिला यहां पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने रोककर उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा उप चुनाव में एकजुट होकर लड़ाई लड़ी जाएगी। सभी 10 सीटों पर भाजपा को उप चुनाव में विदा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लखनऊ हो या बनारस हो, कन्नौज हो या बहराइच सब जगह भाजपा दंगा और हत्या कराने का काम कर रही है। गन्ना मंत्री के गौशाला में लेटने से बीमारियां खत्म होने के बयान पर बोले कि जो कह रहे हैं, सबसे पहले वे ही इसका अनुपालन करें और अस्पतालों में ताला लगा दें। ये सभी डॉक्टरों की सेवा का मखौल बना रहे हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा, एहसानुल हक समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

## आतिशबाजी का स्टॉक किया तो होगी कार्रवाई

**कन्नौज।** लाइसेंस मिलने से पहले आतिशबाजी का स्टॉक किया तो कार्रवाई की जायेगी। सीओ सदर ने आतिशबाजी बिक्रेताओं को दी हिदायत।

शहर में दीपावली से पहले आतिशबाजी निर्माण के दौरान हो चुकी घटनाओं को लेकर पुलिस ने एलर्ट जारी किया है। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि पुलिस लगातार दीपाबली से पहले आतिशबाजी का स्टॉक करने वालों पर नजरे लगाये हैं। यदि कहीं पर पुलिस को आतिशबाजी का स्टॉक मिलता है तो आतिशबाजी जप्त करने के साथ ही संबंधित पर भी कार्रवाई की जायेगी।

लगातार गोपनीय तरीके से आतिशबाजी का स्टॉक करने वालों की लोकेशन ट्रेस कर रहे हैं। सूत्रों को भी लगाया गया है। आतिशबाजी की दुकाने लगाने वालों के स्टॉक कररने की जानकारी जुटा रहे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया कि आतिशबाजी का सटॉक करने वालों पर शिकंजा कसा जायेगा। आतिशबाजी की दुकान लगाने वालों को चतावनी दी गई है कि वह पहले उप जिलाधिकारी के कार्यालय से स्टाक और बिक्री का लाइसेंस प्राप्त कर लें। इसके बाद आतिशबाजी का स्टॉक कर दुकान लगा कर बिक्री करें।

# पुलिस अभिरक्षा से भागा वारंटी 15 घंटे बाद हत्थे चढ़ा, गया जेल

संवाददाता, तिर्वा

**अमृत विचार।** पुलिस अभिरक्षा के दौरान पहले वारंटी ने खिड़की से सिर पटककर खुद को घायल कर लिया। उसका मेडिकल कालेज में इलाज कराया गया। कोतवाली में बंद होने के बाद शौच जाने के दौरान सिपाही को धक्का मारकर फरार हो गया। पुलिस ने उसका पीछा किया और फिर 15 घंटे में खोज कर गिरफ्तार कर लिया। घायल अवस्था में उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

आबकारी अधिनियम के तहत न्यायालय से गैर जमांती वारंट होने पर कस्बे के बौद्ध नगर के रहने वाले गौतम का न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायालय के समक्ष पेश नहीं होने पर न्यायालय ने वारंट जारी कर दिया था। रविवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया और कोतवाली ले आई। कोतवाली में उसे लॉकअप में बंद कर दिया गया। इसके बाद उसने खिड़की में सिर मार लिया। खिड़की में कांच का शीशा टूटकर उसके सिर और हाथ में लग गया था, जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने आनन-फानन उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस उसे कोतवाली ले आई। देर शाम आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। शौच जाने के बहाने वह सिपाही को धक्का देकर भाग निकला था। कोतवाली से वारंटी के फरार होने की सूचना से पुलिस के हाथ-पांव फूल गये। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस की कई टीमें बनाकर उसके घर और रिस्तेदारियों में छापेमारी शुरू कराई। 15 घंटे बाद वह पकड़ में आया।


मेडिकल कालेज में भर्ती घायल वारंटी गौतम। अमृत विचार

**अंधेरे का फायदा उठाकर भागा था वारंटी**

कोतवाल ने बताया कि रविवार की शाम वारंटी ने शौच के लिए जाने की बात कही। शौच से वापस आते समय वारंटी निगरानी में तैनात सिपाही को धक्का देकर गेट की तरफ भाग गया था। पुलिस ने फौरन पीछा किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण पुलिस उसे पकड़ नहीं सकी थी। सोमवार को छापेमारी के दौरान उसे पकड़ लिया गया। उसे न्यायालय भेजा गया है। इस संबंध में सीओ प्रियंका वाजपेई का कहना है कि कोतवाली से फरार हुए वारंटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## किशोरी से किया दुष्कर्म, आरोपी युवक गिरफ्तार

**तिर्वा।** शौच के बाद वापस आ रही किशोरी के साथ गांव के युवक ने दुष्कर्म किया। दो दिन बाद पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की मां ने रिपोर्ट में बताया कि दो दिन पहले शाम को 13 वर्षीया बेटी शौच के लिए खेत गई थी। वहां से घर आ रही थी। इसी दौरान गांव का नितिन बेटी को मक्का के खेत में खींच ले गया और दुष्कर्म किया। किसी तरह छूटी बेटी बदहवाश हालत में घर पहुंची और जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गांव के बाहर से दबोच लिया। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी को पकड़ लिया गया है। किशोरी को महिला पुलिस की अभिरक्षा में भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

# यूरिडा संभालेगी पालिका क्षेत्र की सड़कों का जिम्मा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शासन के आदेश से कराया जा रहा सर्वे, 10 वार्ड कवर

**अमृत विचार।** जल्द ही यूपीडा की तर्ज पर नगर पालिका क्षेत्र की सड़कों के निर्माण से लेकर रखरखाव की जिम्मेदारी एक एजेंसी के जिम्मे होगी। इसको लेकर शासन के निर्देश पर सभी पालिका क्षेत्रों में सर्वे कराया जा रहा है। इस क्रम में शहर क्षेत्र में भी यह काम चल रहा है। अब तक तकरीबन 10 वार्डों में यह काम पूरा कर लिया गया है।

नगर पालिका ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि अभी तक क्षेत्र की सड़कें विभिन्न विभागों से संबंधित हैं। कुछ सड़कें पीडब्ल्यूडी, कुछ ग्राम पंचायत, कुछ पालिका, कुछ एनएच, कोई जिला पंचायत तो कोई मंडी समिति से भी बनी हैं। ऐसे में बड़ी दिक्कत तब आती है जब इनके रखरखाव पर काम कराना होता है। कहीं कोई शिकायत आती है तो यह देखा जाता है कि किस संस्था के पास जिम्मेदारी है। ऐसे में आम लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

ऐसे में शासन स्तर से पालिका क्षेत्र की सड़कों के निर्माण, रखरखाव आदि के नियंत्रण के लिए अर्बन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी को दी जानी है। इसी मंशा से पालिका क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति को लेकर सर्वे कराया जा रहा है। इसके तहत देखा जा रहा है कि संबंधित पालिका क्षेत्र के पास कितनी सड़कें हैं और उनकी लंबाई-चौड़ाई कितनी है। इसके साथ ही किस प्रकार की हैं यानी सीसी, डामर, खड़ंजा है या फिर इंटरलॉक। अभी तक पालिका क्षेत्र में कुल 400 सड़कें हैं जिनकी लंबाई करीब 135 किलोमीटर है। अब नये सर्वे में बढ़े पालिका क्षेत्र को भी जोड़ा गया है तो ऐसे में सड़कों की संख्या और लंबाई बढ़ने का अनुमान है।

**सार-संक्षेप**


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान व घटना की जानकारी देतीं महिलाएं। अमृत विचार

### छिबरामऊ के दो घरों से लाखों का सामान चोरी

**छिबरामऊ।** शहर के एक मोहल्ला के दो बंद घरों से चोरों ने निशाना बनाया। चोर यहां से लाखों रुपये का माल व नकदी समेट ले गये। घटना की जानकारी होने पर पीड़ितों के होश उड़ गये। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पटेल नगर मोहल्ले की रहने वाली प्रेमलता सक्सेना पत्नी रणवीर सक्सेना कई दिन पहले गुरसहायगंज स्थित मायके गई थी। वहां से सोमवार को घर लौटी तो मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी व बक्से खुले पड़े थे। चोर यहां से 70 हजार नकद, सोने की जंजीर, एक जोड़ी झाले, मटरमाला, दो जोड़ी पायल, झुमकी के साथ अन्य सामान चोरी कर ले गये। वहीं दूसरी घटना सुधीर कुमार पुत्र बालेशुर दयाल के घर हुई। वह मूल रूप कसावा चौकी क्षेत्र के गांव भारापुर के रहने वाले हैं। खेती बाड़ी के काम के चलते वह परिवार के साथ गांव गये थे। तभी चोरों ने बंद पड़े इस मकान को भी निशाना बना डाला। चोर यहां से सोने की अंगूठी, पायल, एलईडी व 10 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। पड़ोस के लोगों ने मेन गेट का ताला टूटा देख कर परिजनों को सूचना दी। इस पर मकान पर आये सुधीर ने बताया कि चोर से घर में रखा सारा सामान समेट ले गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के बावत जानकारी ली।

### मिशन शक्ति फेज-5 में जागरूक हो रहीं महिलाएं

**कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत थानों की एन्टीरोमियो टीम की ओर से महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है। इसका असर यह कि महिलाएं व किशोरियां सहायता के नंबरों को सुरक्षित कर रही हैं। साथ ही अनजान नंबरों को रिसीव करने से कतरा रहीं हैं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर अभियान के के तहत जनपद के थानों पर तैनात एन्टीरोमियो पुलिस टीम बस अड्डा, सार्वजनिक स्थानों, कस्बों, मंदिरों, बीट क्षेत्र, मोहल्लों, स्कूल, कालेज आदि के आस-पास गश्त करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक कर रही है। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे शोहदों को चेतावनी, महिला संबंधी अपराध व सजा के बारे में जागरुक किया जा रहा है। हेल्पलाइन नंबरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में चौपाल लगाकर जागरूक किया जा रहा है। बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में जागरुक कर बताया जा रहा है कि किसी अन्जान से अपना ओटीपी शेयर न करें। साइबर फ्रॉड होता है तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। इसी का असर है कि महिलाएं व किशोरियां जागरुक हो गई हैं। वे अनजान नंबर से आई कॉल को पहले तो रिसीव नहीं करती यदि रिसीव किया तो चंद सेकेंड में बात कर फोन काट रही हैं। अपने दस्तावेजों की जानकारी नहीं दे रही हैं। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि फेज-5 के तहत पहले से अधिक पुलिस टीमों को लगा कर अधिक से अधिक महिलाओं को जागरुक किया जा रहा है। इससे महिला साइबर अपराध की शिकार कम हो रहीं हैं।

# परिषदीय स्कूलों में दो दिन होगा निपुण एसेसमेंट टेस्ट

कार्यालय संवादादाता, कन्नौज

- 18 नवंबर को कक्षा एक से तीन और 19 को कक्षा चार से आठ तक के विद्यार्थी शामिल होंगे

**अमृत विचार।** कक्षा एक से आठ तक के परिषदीय स्कूलों में निपुण एसेसमेंट टेस्ट (एनएटी) कराने के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने तारीखों का ऐलान कर दिया है। कन्नौज समेत कानपुर मंडल के सभी छह जिलों में यह परीक्षा 18 व 19 नवंबर को होगी।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि कक्षा एक से तीन तक के छात्र-छात्राएं 18 नवंबर व कक्षा चार से आठ तक के विद्यार्थी 19 नवंबर को निपुण एसेसमेंट टेस्ट में शामिल होंगे। परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं का परख एप के जरिए निपुण लक्ष्य/ लर्निंग आउटकम पर आधारित आकलन होगा। महानिदेशक ने निर्देश दिए हैं कि कक्षा एक से तीन तक के छात्र-छात्राओं के एनएटी के लिए प्रति परिषदीय स्कूल (कंपोजिट वाले भी) कक्षावार 10-10 प्रश्न पत्र मुद्रित कराए जाएंगे।

# विवादित जमीन पर प्रशासन ने कराई सफाई

संवाददाता, छिबरामऊ

- बाल्मीकि जयंती के आयोजन को लेकर प्रशासन सक्रिय

**अमृत विचार।** कस्सावान मोहल्ले में जमीन को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद चल रहा है। बाल्मीकि जयंती पर यहां होने वाले आयोजन के चलते प्रशासन की देखरेख व कैमरे की निगरानी में सोमवार को नगर पालिका के कर्मियों ने सफाई अभियान चलाया।

नगर पालिका परिषद के वार्ड संजय नगर के मोहल्ला कस्सावान में कई दशक पुराना बाल्मीकि मंदिर है। यहां बाल्मीकि जयंती पर कई सालों से शोभायात्रा का आयोजन होता है। मंदिर के सामने पड़ी जमीन पर एक समुदाय के धर्म स्थल के नाम से वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति है। ऐसे में दोनों समुदाय के लोग इस जमीन पर अपना दावा कर रहे है। मामला न्यायालय में चल रहा है।

प्रशासन ने इस विवादिन जमीन पर किसी भी समुदाय को बिना अनुमति के आयोजन न करने की हिदायत दी। बाल्मीकि जयंती को लेकर सोमवार को अपर जिलाधिकारी आशीष सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की मौजूदगी में नगर पालिका प्रशासन ने विवादित जमीन पर सफाई करवाई। इस दौरान ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। एसडीएम उमाकांत तिवारी व सीओ ओमकार नाथ शर्मा भी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

**मंदिर के सामने बन रहे पिलर को हटवाया:** वक्फ बोर्ड के द्वारा विवादित जमीन की घेराबंदी कराई जा रही है। सोमवार को मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बाल्मीकि मंदिर के सामने बनाये जा रहे पिलर का काम बंद करवा दिया।


विवादित जमीन की सफाई करते नगर पालिका कर्मचारी। अमृत विचार

**सावधानी जरूरी** बदलते मौसम में लापरवाही बरती तो हो सकती है समस्या, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने लोगों को दी सलाह

# वायरल फीवर होने पर कराएं जांच, डॉक्टर से लें सलाह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बारिश के बाद अब मौसम बदला है। इससे वायरल फीवर तेजी से पैर पसार रहा है। सही और समय पर उपचार ही मरीज के लिये लाभकारी है।

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि वायरल फीवर, खास तौर पर बारिश के बाद फैलने वाली बीमारी है। समय पर इलाज न कराया जाए तो परेशानी का कारण बन जाती है। बुखार किसी भी तरह का हो प्लेटलेट्स में गिरावट आ सकती है। घर में थर्मामीटर से जांच में शरीर का तापमान 98 से अधिक होने तथा शरीर में दर्द व सीने में जकड़न पर वायरल फीवर हो सकता है। उनका कहना है कि चार से पांच दिन दवा लेने के बाद राहत मिलती है। इस अवधि में रोगी को आराम करना जरूरी है। बुखार जाने के बाद भी मरीज को अगले चार से पांच दिन तक कमजोरी महसूस होती है।

**इस तरह फैलता वायरल फीवर :** मच्छरों के जरिए वायरस का संक्रमण तेजी से फैलता है। ऐसा संक्रमण तेज बुखार का कारण बन जाता है। ऐसे में जरूरी है कि मच्छरों के पनपने के ठिकाने जैसे ठहरे हुए पानी को न रुकने दें। बुखार होने पर सही टेस्ट करवाएं।


सीएमएस डॉ. शक्ति बसु। अमृत विचार

**हवा से भी फैलता वायरल फीवर**

- वायरल फीवर हवा के जरिए भी फैल सकता है| किसी के छींकने से निकलने वाले वायरस से भी संक्रमण हो सकता है| ऐसे में भीड़भाड़ वाली जगह पर मास्क लगा कर जायें। मास्क किसी के खांसने, छींकने से निकलने वाली बूंदों को नाक तक पहुंचने में रोकने में सहायक हो सकता है।

**ये होते लक्षण और दिक्कतें**

- वायरल बुखार होने पर मरीज के जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द होता है| ठंड लगती है| कमजोरी महसूस होती और चिड़चिड़ापन आ जाता है| साथ-साथ थकान और चक्कर भी आते हैं| ऐसे में उबकाई, बार-बार उल्टी आना, दस्त लगना, भूख कम लगना जैसे लक्षण सामने आते हैहैं। डिहाइड्रेशन यानी निर्जलीकरण भी वायरस संक्रमण का एक लक्षण है| वायरल फीवर को बिगड़ने से रोकने के लिए जरूरी है कि मरीज के शरीर में पानी की कमी ना होने दिया जाये| नवजात और बच्चों में यदि वायरल फीवर है तो उनकी त्वचा पर लाल या बैंगनी रंग के चकते दिख सकते हैं| बच्चे को सांस लेने में परेशानी हो सकती है| यह लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए|

# अंग्रेजों के जमाने की राइफलों से सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कंडम हो चुकी 303 बोर की राइफलें पीआरडी जवानों को

**अमृत विचार।** सन् 1947 की राइफलों के सहारा बिजली विभाग की सुरक्षा की जा रही है। जो राइफले पुलिस से हटा ली गई है उनको बिजली विभाग में लगे पीआरडी जवानों को दे दिया गया है। इनमें जंग लग चुकी है। जरूरत पड़ने पर यह फायर करेंगी इसकी भी गारंटी नहीं है।

जिले में बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय छिबरामऊ व कन्नौज हैं। इनमें छह-छह पीआरडी के जवान 24 घंटे ड्यूटी करते हैं। सुरक्षा के लिए इनको कंडम राइफलें 303 बोर की दी गई हैं। इनकी सफाई कई माह से नहीं होने से जंग लग गई है। यही हाल कारतूसों का है। मैग्जीन में कारतूस न डाले जाने से वह भी खराब हो रहे हैं। बताया जाता है कि पुलिस विभाग ने इन राइफलों को कंडम घोषित कर दिया है। इससे यह थाना कोतवाली से निकलकर पीआरडी जवानों के कंधों पर लटक गईं हैं। सिपाही इन को लेकर अब नहीं निकल रहे हैं। सोमवार को बिजली दफ्तर में पीआरडी जवान राइफल टांगे दिखाई दिया। जानकारी करने पर बताया गया कि पीआरडी विभाग के पास ऐसी 45 राइफलें हैं। जो कार्यालय के पास हैं, उनकी सफाई होती रहती है पर जो बिजली विभाग में लगे पीआरडी जवानों के पास हैं उनकी सफाई वर्षों से नहीं कराई गई है। जंग लगने से यह जाम भी हो रहीं हैं। जवान ने बताया कि यह राइफले फायरिंग के मामले में सबसे वेहतर हैं। फायरिंग हर हाल में करती है। इस में किसी तरह का संदेह नहीं है। समय समय पर इनकी सफाई होना जरूरी है।


बिजली विभाग के एक्सईएन कार्यालय में 303 बोर की कंडम राइफल के साथ खड़ा पीआरडी जवान। अमृत विचार

# सफाई करते समय दीवार गिरी, किशोरी की मौत

## मां व बहन गंभीर रूप से घायल, नगरिया यादवान में हुआ हादसा

संवाददाता ताखा, इटावा


घटना स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव नगरिया यादवान में दीपावली के त्यौहार को देखते हुए सफाई करते सूय एक कच्ची दीवाल अचानक भरभरा कर गिर गई। मलबे में दबने से एक किशोरी की मौत हो गई। उसकी मां और बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और मलवे को हटाकर उसमें दबी मां व बेटी को बाहर निकाला। दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पीजीआई में भर्ती कराया गया। किशोरी के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

तहसील क्षेत्र के गांव नगरिया यादवान निवासी तार बाबू की पत्नी तारबाबू की पत्नी रचना सोमवार की सुबह अपनी दो बेटियों शिवा (17) सलोनी (12) घर की साफ सफाई करने लगी। जब वह तीनों सफाई कर रही थी तभी अचानक कच्ची दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। जिससे काम कर रही तीनों मलवे में दब गई। जानकारी होने पर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुचे और मलवे में दबी मां व बेटियों को निकालने में जुट गए। शिवा के पैर मिट्टी से बाहर निकले थे उसे लोगों ने बाहर निकाल लिया। बाकी रचना और सलोनी पूरी मिट्टी में दबी हुई थी ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से दोनों को बाहर निकाला तो सलोनी की मौत हो चुकी थी वहीं रचना की हालत गंभीर बनी हुई थी घायल मां रचना व बेटी शिवा को पीजीआई सैफई इलाज के लिए भिजवाया। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार बिपिन मिश्रा सीओ भरथना अतुल प्रधान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि नगरिया यादवान में घर की सफाई करते समय अचानक कच्ची दीवाल के गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई जबकि मां व बेटी घायल हो गईं।


कचहरी में ज्ञापन देने पहुंची आशा कार्यकत्रियां। अमृत विचार

# आशा कार्यकत्रियों से बेगार कराने का आरोप, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** आशा कर्मचारी यूनियन की ओर से आशा कार्यकत्रियों को घरों में भेज कर बेगार करने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा गया है और यह मांग भी की गई है कि उनसे सरकारी काम के अतिरिक्त अन्य कार्य न कराया जाए।

इस संबंध में आशा कर्मचारी यूनियन की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। उसमें कहा गया है कि आशा कर्मचारी यूनियन को शिकायत मिली है कि बढपुरा क्षेत्र में दबाव बनाकर आशा तथा संगिनी कार्यकत्रियों को घरों में ड्यूटी लगाकर भेजा जा रहा है। जहां उन्हें घरों में काम करना पड़ता है। यह आशा कार्यकत्रियों का अपमान है यह भी कहा गया है कि आशा कार्यकत्रियों को सरकार की योजनाओं से आम जनता को जोड़ने और योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनसे सरकारी काम ना कराकर इन आशा कार्यकत्रियों से घरेलू काम कराया जा रहा है जो कि अनुचित है। ज्ञापन में इस तरह के कामकाज कराए जाने पर रोक लगाए जाने और आशा कार्यकत्रियों को न्याय दिलाए जाने की मांग की गई।

# सैंपलिंग के नाम पर छोटे, मझोले व्यापारियों का उत्पीड़न बंद हो

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● फूड एक्ट की विसंगतियों में बदलाव की मांग उठाई गई

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने छोटे और मझोले व्यापारियों का सैंपलिंग के नाम पर कर्मचारियों के उत्पीड़न का विरोध किया है। व्यापारियों का कहना है कि खाद्य की फसलों में पेस्टिसाइड बहुत अधिक संख्या में डाला जाता है तो सैंपल तो फेल होंगे। सरकार को पेस्टिसाइड डालने का मानक तय करना चाहिए। अधिकारी बड़ी मछली को न पकड़कर छोटी मछली को पकड़कर परेशान करने का कार्य करते हैं। सरकार को चाहिए कि ब्रांडेड माल के सैंपल फेल होने पर ब्रांडिंग कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए। सरकार से हम मांग करते हैं कि रजिस्ट्रेशन की टर्नओवर सीमा 12000 से बढ़ाकर 40000 की जाए।अगर छोटे व मझोले व्यापारियों को सैंपल के नाम पर परेशान किया गया तो व्यापार मंडल अधिकारियों का विरोध कर प्रदर्शन करेगा, किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा हम हमेशा व्यापारियों की लड़ाई लड़ने के लिए तत्पर है

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एवं शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में फूड एक्ट का लाइसेंस न पाए जाने पर सजा का प्राविधान खत्म किया जाये। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (फूड एक्ट) के लिये पूर्णकालिक न्याय निर्णायक अधिकारी की नियुक्ति की जानी आवश्यक है, जिससे व्यापारी को शीघ्र न्याय मिल सके। वर्तमान समय में भारी मात्रा में खाद्य पदार्थों का व्यापार ऑनलाइन फूड चेन सप्लाई व मल्टी नेशनल कम्पनियों के द्वारा किया जा रहा है। परन्तु ऑनलाइन फूड सप्लाई के डिलीवरी करने वाले व्यक्तियों के पास फूड लाइसेंस नहीं है। अतः सभी ऑनलाइन व फूड चेन सप्लाई डिलीवरी करने वाले व्यक्यिों के खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों के अनुसार रजिस्टैशन व लाइसेंस बनवाये जाने के आदेश पारित किए जाएं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के सभी मामलों को अदालतों में भेजा जा रहा है। एक्ट में दी गई धारा-69 के अनुसार अधिकांश मामलों को शमन शुल्क जमा कराकर समाप्त किया जा सकता है। अधिकांश सभी विभागों में भी अनावश्यक मुकदमें आदि से बचने के लिए शमन शुल्क जमा कर मुकदमा समाप्त करने की व्यवस्था की गई है। शमन शुल्क व्यवस्था लागू करने से सरकार पर भी अनावश्यक मुकदमों के बोझ का भार कम होगा। अतः अभिहित अधिकारी कार्यालय में शमन शुल्क जमा कराने की व्यवस्था लागू की जाए। महिला प्रदेश उपाध्यक्ष सुशीला राजावत, कामिल कुरैशी, अशोक जाटव, हाजी शेख आफताब, अर्चना कुशवाहा, अजीत कुमार, धर्मेंद्र यादव, रेनू शुक्ला, भारतेंद्र नाथ भारद्वाज, देव गुप्ता, उर्मिला भदौरिया, मुमताज वारसी, संजू सविता, सिकंदर वारसी, अर्चना अग्रवाल, दीक्षा बाजपेयी, मो दिलशाद पहलवान, मो आमिर, स्नेह लता,धर्मेन्द्र सिंह चौहान, नीरज गुप्ता,लकी,गौरव मिश्रा सहित दर्जनों व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## एक नजर

### श्रीकृष्ण जन्म लीला का वर्णन सुनाया

**बकेवर, इटावा।** कस्बा लखना में वन रेंज के समीप बाईपास रोड के पास में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण के जन्म का वर्णन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण के जन्म पर झूमते हुए खुशियां मनाई। कथा व्यास आचार्य श्याम सुंदर गोस्वामी ने श्रीकृष्ण लीला का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण नित्य ही माखन चोरी लीला करते हैं। इसलिए भगवान को धन, पद व प्रतिष्ठा से नहीं बांधा जा सकता। प्रभु तो प्रेम से बंध जाते हैं। श्रीकृष्ण जन्म की झांकी ने सभी का मनमोहा। श्रद्धालुओं ने भजनों पर झूमते हुए श्रीकृष्ण को जन्म की बधाई दी।

### बेसुध पड़ा मिला युवक अस्पताल में भर्ती

**जसवंतनगर, इटावा।** फक्कड़पुरा मोहल्ले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हालत में सड़क पर बेसुध पड़ा हुआ मिला। 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया गया। होश में आने पर गंभीर घायल युवक ने अपना नाम रामदास पुत्र तारा सिंह गांव निलोई बताया है।

### 13 जगह पकड़ी चोरी, 118 बकाएदारों के काटे कनेक्शन

**इटावा।** बिजली विभाग की ओर से लाइन लॉस काम करने के लिए, चोरी रोकने तथा बकाया बिल की वसूली करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सोमवार को शहरी क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर कुल 13 लोगों को बिजली की चोरी करते हुए पकड़ा गया। इनकी एफआईआर दर्ज कराई गई है। इनमें से कुछ केवल बाईपास करके और कुछ कटिया डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा के निर्देशन में उपखंड अधिकारी गगन अग्निहोत्री पीयूष मौर्या तथा आनंदपाल सिंह की तीन टीमों ने अलग-अलग क्षेत्र में अभियान चलाया। बकाया बिल जमा ना करने वाले 118 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। कुछ उपभोक्ताओं ने बिल जमा भी किया इससे 10 लाख 69 हजार रुपए का बिल जमा कराया गया।

# झोलाछाप के इलाज से महिला ने तोड़ दिया दम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बुखार से पीड़ित महिला को झोलाछाप द्वारा दवा देने के साथ इंजेक्शन लगाया गया। कुछ ही देर बाद मुंह से झाग निकलने के बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया तो क्लीनिक संचालक फरार हो गया। महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

शहर में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में नई बस्ती रामनगर में रहने वाले योगेंद्र सिंह की 39 वर्षीय पत्नी सरोज कुमारी को चार दिन पहले से बुखार आ रहा था।रविवार दोपहर सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सूत मिल के सामने रणवीर नगर में निजी क्लीनिक पर झोलाछाप से दवा लेने गई थीं। उसे दवा दी और एक इंजेक्शन लगाया। वह घर पहुंची तो उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने सरोज को मृत घोषित कर दिया। इस पर परिजनों ने झोलाछाप के क्लीनिक पर हंगामा शुरू किया। सूचना पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही झोलाछाप अपना क्लीनिक बंद कर फरार हो गया था। मृतका के पति योगेंद्र की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** विवेक शुक्ल मेमोरियल फाउंडेशन का तेईसवां प्रतिभा अलंकरण समारोह लॉर्ड मदर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल बकेवर के सभागार में हुआ। जिसमें इटावा व औरैया जनपद के यूपी व सीबीएसई बोर्ड के 30 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले मेधावियों में यू.पी.बोर्ड की अनामिका,अभिषेक,श्रेया,नेहा, युवराज,सिमराम, माही तथा सीबीएसई बोर्ड के पार्थ, शिवांशु,शिवानी आदि प्रमुख रहे।



मेधावियों को सम्मानित करते फाउंडेशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

फाउंडेशन के सचिव सुधीर शुक्ल , होली प्वाइंट एकेडमी की प्रबंधिका नीरजा पांडे, चौ विशंभर सिंह बालिका इंटर कॉलेज औरैया की प्रधानाचार्य गीता प्रदीप चतुर्वेदी एवं गौरैया संरक्षण के लिए काम कर रही डा सुनीता याद, मानसी शुक्ला ने सर्वोत्तम अंक लाने के लिए सम्मानित किया। प्रबंधक नूरुद्दीन सिद्दीकी उर्फ पप्पन ने कहा कि शिक्षा बहुत जरूरी है, वह कभी भी व्यर्थ नहीं जाती। संचालन मीनाक्षी चौहान ने किया।

# विदेशी महिलाओं सहित तीन की मौत का केस दर्ज

फॉलोअप

संवाददाता ताखा, इटावा

**अमृत विचार।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे दो विदेशी महिलाओं व कार ड्राइवर की मौत के मामले में मृतक ड्राइवर के भाई ने अज्ञात वाहन के खिलाफ टक्कर मारने का मुकदमा दर्ज कराया है।

शनिवार रात आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर थाना क्षेत्र में किमी 125 के पास कार में चार विदेशी महिलाओं सहित छह लोग लखनऊ से दिल्ली जा रहे थे तभी रात सवा दस बजे कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें कार चला रहे नई दिल्ली तुगलकाबाद के संजीव कुमार, अफगानिस्तान जंगपुरा लाजपत नगर नई दिल्ली की नाज व रूस लाजपत नगर नई दिल्ली की कैथरीन की मौत हो गई थी। नई दिल्ली का राहुल, अफगानिस्तान की क्रिस्टीना व आतिफा घायल हैं। ड्राइवर संजीव के भाई सुनील कुमार ने अज्ञात वाहन के खिलाफ ऊसराहार थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई है। इन तीनों महिलाओं के पिता का नाम मुस्तफा है जिससे लगता है तीनों बहने हैं।

# कांशीराम ने बहुजन के लिए जीवन खपाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बहुजन समाज जोड़ो महासम्मेलन एवं बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम के परनिर्माण दिवस की स्मृति में पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा एवं प्रभारी कानपुर मंडल बलवीर सिंह जाटव ने ग्राम नगला ठकुरी सरैयाताड़ मलपुरा अंबेडकर पार्क बसरेहर संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया । मुख्य वक्ता पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बसपा एवं राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर जय प्रकाश सिंह ने कहा कि कांशीराम के अथक प्रयास से आप सबको उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री मिला और हम सभी लोग बहुजन समाज जोड़ो आंदोलन के तहत आप सबको देश का प्रधानमंत्री देने का कार्य करेंगे। कहा कि जिस प्रकार मान्यवर कांशीराम ने बहुजन समाज को एक करने में अपना जीवन खपा दिया। उन्होंने कभी शादी नही की और न ही उनकी किसी प्रकार की कोई चल अचल सम्पत्ति थी।


महासम्मेलन को संबोधित करते बसपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में उम्मेद सिंह, डॉ हेमंत कुमार, इमरान अहमद, लाखन सिंह चक, डॉ धर्मेंद्र सिंह,मंजीत मेहरा ,सविता अंबेडकर सपना बौद्ध ,विशाल गाजीपुरी आदि ने अपने भाषणों एवं गीतों से जनता का खूब मनोरंजन किया। पुष्पेंद्र सिंह, प्रीतम जाटव, सुबोध जाटव, लालसिंह जाटव, कैलाश बौद्ध मुकेश जाटव, अवनीश सिंह, महेश, हरी,सोनू, शिशुपाल, शीतल प्रसाद कृष्ण गौतम, दयाराम, सुनील रंजीत आदि मौजूद रहे।

उसी प्रकार हम भी जीवन भर शादी नही करेंगे और न ही मेरी कोई चल अचल सम्पत्ति होगी।

कांशीराम के इटावा लोकसभा चुनाव प्रभारी रहे कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास ने कहा कि हम सबको कांशीराम के दिए हुए 15 और 85 के फार्मूले पर चलना होगा तभी हम फिरकापरस्त ताकतों को परास्त कर सकते है। खादिम अब्बास सहित हजारों बसपा मिशनरी साथियों ने हजारों किलोमीटर साइकिल यात्रा से भ्रमण किया और कांशीराम एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन जन तक पहुंचाया। पूर्व मंडल प्रभारी आगरा संतोष आनंद ने कहा कि कांशीराम ने ऊंच-नीच से ऊपर उठकर बहुजन समाज को एक माला में पिरोने का काम किया।

# यह दौर कार्यकर्ता निर्माण व पार्टी को मजबूत करने का

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह

**अमृत विचार।** भारतीयजनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा है कि सदस्यता अभियान में इस बात का घोतक है कि पार्टी के साथ साथ हमारी विश्वसनीयता समाज मे कितनी है। ये दौर कार्यकर्ताओ के निर्माण का है जिसको मजबूत करते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहें है।

उन्होने कहा कि सितंबर से शुरू हुआ भाजपा का संगठन महापर्व सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण प्राथमिक सदस्यता अभियान 15 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। उसके बाद सदस्यता अभियान का तीसरा चरण सक्रिय सदस्यता अभियान'' शुरू होगा जो 16 अक्टूबर से शुरू होकर 30 अक्टूबर तक चलेगा। वर्तमान में चल रहे सदस्यता अभियान 2024 में भाजपा ने मात्र डेढ़ माह में 8 करोड़ 74 लाख का आंकड़ा पार कर लिया है। भाजपा के कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम को दर्शाता है। भाजपा उत्तर प्रदेश संगठन द्वारा सदस्यता अभियान में 2 करोड़ 15 लाख से ज्यादा सदस्य बनाकर अग्रणी भूमिका निभाई है। कार्यशाला में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि भाजपा सामान्यजनों की पार्टी है। जिसमें कठिन मेहनत करते हुए छोटे कार्यकर्ता उच्च पदों पर आसीन हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका उदाहरण है।

पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान फॉर्म मंडल स्तर पर वितरण किए जाएंगे।

## सार-संक्षेप

### यूपीयूएमएस के दो प्रोफेसर नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम में जायेंगे

**इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के ओप्टोमेट्री विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ कमल पंत व फार्माकोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विनय गुप्ता भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं आईआईटी दिल्ली द्वारा आयोजित पांच दिवसीय नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम में प्रतिभाग करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने दोनों प्रोफेसर को बधाई देते हुए कहा कि नि:संदेह यह विश्वविद्यालय के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है।संकाय अध्यक्ष डा. आदेश ने बताया कि नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम से लौटने के बाद दोनों प्रोफेसर अपने नए अर्जित ज्ञान और कौशल से विश्वविद्यालय को भी लाभान्वित करेंगे। डा. कमल पन्त व डा. विनय गुप्ता ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में बताया की यह कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और आईआईटी दिल्ली की संयुक्त पहल है, जो शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रति कुलपति प्रो. डा. रमाकांत, कुलसचिव डा. चंद्रवीर, चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह ने भी दोनों प्रतिभागियों को बधाई दी और अपनी शुभकामनाएं दी है।

### दबंगों ने मारपीट कर किया लोगों को भयभीत

**इटावा।** शहर में तीन जगह शातिर दबंगों ने मारपीट कर लोगों रो भयभीत कर दिया। किया गया। इनमें एक जगह पथराव तो दूसरी जगह रिवाल्वर दिखाने का भी आरोप लगाया गया है। थाना फ्रेंड्स कालोनी में इसी क्षेत्र में कुनेरा वृंदावन कालोनी के सुबोध तिवारी ने पड़ोसी अनुराग व मुकेश यादव तथा इनके कुछ अन्य साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कहा गया है कि रिवाल्वर दिखाकर दबंगई का प्रदर्शन करने लगे, विरोध किया तो धारदार हथियारों से प्रहार करके बेटों देव तिवारी व नमन को घायल कर दिया। लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। दूसरा मामला इसी थाना में एसडी फील्ड में रहने वाले संजू चौधरी ने दिवारी लाल, सुनीता देवी तथा वंदना के खिलाफ दर्ज कराया है। कहा गया है यह लोग गैस एजेंसी के कार्यालय का विरोध करते हैं, इसके पथराव करके डिलेवरी मैन गौरव कुशवाह तथा मुझे पथराव करके घायल कर दिया। तीसरा मामला भी इसी थाना क्षेत्र का है।

## खेल-खिलाड़ी

नमो कबड्डी प्रतियोगिता का एमएलसी ने किया उदघाटन

# ग्वालियर एकेडमी ने 23 अंक प्राप्त कर सैफई क्लब को हराया

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार ।** कस्बा बकेवर में पंडित श्रीनारायण शर्मा की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय पुरुष एवं महिला नमो कबड्डी प्रतियोगिता का उदघाटन भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी अनूप गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।

भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि की कुश्ती कबड्डी हमारे देश की पहचान है। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने मुख्य अतिथि को शाल उढ़ाकर पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, मंत्री जितेंद्र गौड़, आयुष वर्मा,अभिषेक मिश्रा, मोनू उपाध्याय, पंचम उपाध्याय बृजेश शर्मा ,समीर रंजन त्रिपाठी मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बबलू तिवारी महिंद्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने आयोजक गोपाल मोहन शर्मा को हार्दिक बधाई दी।


कबड्डी प्रतियोगिता का उदघाटन करते एमएलसी अनूप गुप्ता। अमृत विचार

अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में 15 कबड्डी टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन अवसर पर ग्वालियर अकादमी तथा स्पोर्टस कॉलेज सैफई का कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें ग्वालियर ने 23 अंक प्राप्त कर सैफई क्लब को सात अंकों से पराजित किया । कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट आदित्य मोहन शर्मा तथा आशीष मोहन शर्मा ने किया। इस प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में ज्योति प्रकाश शर्मा, नीरज शर्मा ,इस्लाम खान, इशरत खान, सौरभ चौहान उर्फ भूरे, जाहिद खान द्वारा खेल के निर्णय दिए जा रहे हैं।

# डीपीएस ने स्केटिंग में तीन गोल्ड समेत जीते 9 मेडल

कार्यालय संवाददाता,इटावा

**अमृत विचार ।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा ने लखनऊ पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता में अपनी शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड, 6 सिल्वर मैडल के साथ कुल 9 मेडल जीतकर अपने स्कूल सहित जनपद इटावा को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता 7 से 9 अक्टूबर तक हुई थी।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा की प्रधानाचार्या भावना सिंह ने बताया कि, हमारे स्कूल के खेल प्रशिक्षिक व स्केटिंग कोच भानु प्रताप और टीम के कुशल दिशा निर्देशन ने ही हमारे स्कूल के बच्चों को इतनी बड़ी संख्या में जोनल स्तर पर पदक दिलवाए हैं।


ईस्ट जोन स्केटिंग में मेडल विजेताओं के साथ चेयरमैन डॉ. विवेक यादव।

प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल के गुलशन बाबू ने अंडर 17 आयु वर्ग में 300 मीटर में (इनलाइन ) वर्ग में गोल्ड मेडल, गुलशन बाबू ने ही अंडर 17 आयु वर्ग में 500 मीटर में (इनलाइन ) वर्ग में गोल्ड मेडल, अक्षिता भदौरिया ने भी अंडर 11 आयु वर्ग में 1 लैप रोड (क्वॉड) वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। इसी प्रकार डीपीएस की ही छात्रा वेदांशी ने अंडर 17 आयु वर्ग में 1 लैप रोड में सिल्वर मेडल, वेदांशी ने अंडर 17 आयु वर्ग में 500 मीटर में सिल्वर मेडल, वैष्णवी ने अंडर 14 आयु वर्ग में 500 मीटर में सिल्वर मेडल, वैष्णवी ने अंडर 14 आयु वर्ग में 1000 मीटर में सिल्वर मेडल जीता ।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता इकदिल, इटावा

**अमृत विचार।** इकदिल थाना क्षेत्र के गांव पिलखर में संदिग्ध हालात में एक विवाहिता की मौत हो गई। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है।

इकदिल क्षेत्र में गांव पिलखर में रहने वाले आकाश यादव उर्फ सनत ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय पत्नी सोनम देवी ने सोमवार सुबह नौ बजे परिजनों से नाराज होकर घर के कमरे में छत में पंखा के कुंडा में साड़ी बांधकर फांसी के फंदे लटक गई। मां कांति देवी जब घर के अंदर गई तो दरवाजा अंदर से बंद था खिड़की से झांककर देखा तो बहु को फंदे पर लटकते देख चीखपुकार मचाई जिसे सुनकर पड़ोस के लोग दौड़ कर पहुंचे अंदर से बंद दरबाजा को तोड़कर फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। मृतिका के पिता का सैफई अस्पताल में इलाज चल रहा है, उन्हें देखने के लिए जिद कर रही थी। इसी को लेकर कहा सुनी हुई। मृतिका के शादी डेढ़ साल पहले सात मई 2023 में थाना फफूंद के गांव राजा के पुर्वा से हुई थी। मृतिका चार बहनों में घर की छोटी बेटी थी। उसके पिता शिववीर यादव सड़क हादसे में घायल हो गए थे जिनका सैफई मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। मृतिका की मां विनीता देवी ने बेटी को मारपीट हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर नायब तहसीलदार प्रीती सिंह मौके पर पहुंची परिजनों से पूछताछ करके पंचनामा भरकर मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी भीमसेन पोनिया ने बताया कि जांच में पता चला कि तीन दिन से सोनम अपने पिता के पास थी, सुबह फिर जाने की जिद कर रही थी, इस पर पति से विवाद हुआ था। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# लेखपाल स्थलीय निरीक्षण कर जांच करें

## थाना एरवाकटरा में शिकायतें सुनने पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व एसपी अभिजीत आर शंकर

**थाना दिवस**

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- फरियादियों की आई 48 शिकायतों में 5 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण
- मामलों के निस्तारण में पारदर्शिता के साथ नियमानुसार कार्रवाई करने के दिये निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने थाना एरवाकटरा में आयोजित समाधान दिवस में समस्या संबंधी आवेदन पत्र लेकर आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

आवेदन पत्र लेकर संबंधित हल्का इन्चार्ज और लेखपाल को निर्देशित किया कि तत्काल मामले की स्थलीय जांच करते हुए नियमानुसार नपती आदि की कार्रवाई कर सीमा चिन्हांकन कराते हुए मामलों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही दोनों पक्षों की उपस्थिति के फोटोग्राफ्स के साथ-साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी कराएं। जिससे निस्तारित मामले को किसी भी पक्ष द्वारा पुनः विवादित न बनाया जा सके। इस अवसर पर क्षेत्र से आए 48 फरियादियों ने अपनी शिकायत संबंधी आवेदन पत्र दिए जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार बिधूना अविनाश, लेखपाल, संबंधित थानाध्यक्ष व शिकायतकर्ता आदि मौजूद रहे।

### 6 शिकायतें आईं पर निस्तारित 1 भी नहीं

**अछल्दा, औरैया।** थाना परिसर में सोमवार को थाना दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी निखिल राजपूत और सीओ भरत पासवान ने फरियादियों की समस्याओं को सुना 6 शिकायतों में किसी का निस्तारण नहीं हो सका। राजस्व संबंधी आई शिकायतों को उपजिलाधिकारी ने सुनते हुए सबंधित लेखपाल को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से मौके पर जांच कर निस्तारण करने के आदेश दिए।

## दबंगों ने जमीन पर किया कब्जा, दे रहे धमकी

संवाददाता अजीतमल, औरैया



फरियादियों की शिकायतें सुनतीं एसडीएम गरिमा सोनकिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को कोतवाली अजीतमल में नवन्तुक उपजिलाधिकारी अजीतमल गरिमा सोनकिया एवं सीओ अजीतमल अशोक कुमार ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना।

शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे अर्जुन सिंह निवासी बीघेपुर ने शिकायत की कि गांव के दंबगों द्वारा ख़ाली ज़मीन पर कब्जा कर लिया गया हैं। वहीं अनीता पत्नी राज कुमार निवासी बेरी कपारिया ने गांव के ही दो लोगों पर आरोप लगाया है कि वह उसकी ही जमीन का दाखिल ख़ारिज नहीं होने दे रहे हैं। वहीं गायत्री देवी पत्नी तुलसीराम निवासी किन्नरपुर ने गांव के दबंगों द्वारा जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर लेने का आरोप लगाया है। इस तरह आई कुल पांच शिकायतों में एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं किया गया। वही अन्य शिकायतों के लिये चौकी इंन्चार्ज एवं लेखपाल की टीम बनाकर निस्तारण के लिये भेजा गया है। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी राजकुमार आदि रहे।

### 11 शिकायतों में मात्र 1 का हुआ निस्तारण

**अयाना।** थाना दिवस में सोमवार को तहसीलदार अजीतमल जीतेश वर्मा व थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने समस्याएं सुनीं। पूरे दिन में कुल 11 शिकायतें आईं। तहसीलदार ने बताया कि शनिवार को अवकाश होने के चलते सोमवार को थाना दिवस आयोजित हुआ है। एक शिकायत का मौके पर निस्तारण करवा दिया गया है। शेष शिकायतों में संबंधित लेखपाल को स्थलीय निरीक्षण कर आख्या मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने पर विवादों का निस्तारण करवाया जाएगा।

## ऑटो पलटने से चालक सहित 6 लोग घायल

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के हाईवे रोड ग्राम चिरूहली के समीप सोमवार को अपराह्न ऑटो पलट जाने से उस पर सवार चालक सहित 6 सवारियां घायल हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के हाईवे रोड पर ग्राम चिरूहली के समीप सोमवार को दोपहर में अजीतमल से 6 सवारियां बैठाकर ऑटो चालक औरैया जा रहा था। जैसे ही वह हाई-वे रोड स्थित ग्राम चिरूहली के समीप पहुंचा उसी समय चालक को अचानक झपकी आ गई जिससे ऑटो डिवाइडर से टकराकर पलट गया। ऑटो पलटने से उसे पर सवार चालक सहित सभी सवारियां घायल हो गई। दो सवारियों को गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना के सभी घायलों को जिला संयुक्त चिकित्सालय औरैया में भर्ती कराया गया। दुर्घटना में गंभीर घायल विनीता 30 , मनोज कुमार दीक्षित 51 व ऑटो चालक सौरभ 25 वर्ष के अलावा अन्य दो महिलाएं मामूली रूप से घायल हुई हैं। गंभीर घायल विनीता एवं मनोज कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद सौ शैय्या अस्पताल चिचौली के लिए रेफर किया गया।

## सार-संक्षेप



राम दरबार की आरती उतारते पूर्व चेयरमैन मुकेश भारतीय व राकेश भारतीय।

### श्रीराम का राज्याभिषेक होते ही लगे जय श्रीराम के जयकारे

**फफूंद, औरैया।** श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में रामलीला मैदान में चल रहे लीला मंचन में राम- भरत मिलन और श्रीराम राज्याभिषेक के साथ लीला का समापन हुआ। राम को राजगद्दी मिलते ही तीनों लोक में खुशियां मनाई गईं। देवताओं ने पुष्प वर्षा कर मंगल कामना की। रावण वध और लंका विजय के पश्चात राम, लक्ष्मण, सीता और वानर योद्धाओं के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचे। अयोध्या में राम और भरत गले मिले। इस दौरान दोनों भाइयों की आंखों से अश्रु धारा बह निकली। तत्पश्चात गुरु वशिष्ठ के आदेशानुसार राम को राजगद्दी दी गई। राम को राज तिलक लगाकर राज्याभिषेक किया गया। राज्याभिषेक होते ही चारों ओर जय श्रीराम के जयकारे लगे और अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान राम ने आध्यात्मिक प्रवचन दिया और साकेत दर्शन की लीला प्रस्तुत की गई। श्रीराम राज्याभिषेक की मनोहारी झांकी देख लीला प्रेम भाव विभोर हो गए। लीला का उद्घाटन पूर्व चेयरमैन मुकेश भारतीय व राकेश भारतीय ने राम दरबार की आरती करके किया। जिसके बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कृपा शंकर शुक्ला, दीपक तिवारी, श्यामू शुक्ला, अन्नी तिवारी, उमेश अवस्थी, रानू अग्निहोत्री, सुधांशु शेखर अग्निहोत्री सहित कमेटी के लोग मौजूद रहे।



जानकारी देते पोस्टमास्टर आलोक त्रिपाठी। अमृत विचार

### सर्वर न आने से 20 दिनों से डाकघर में कामकाज ठप

**औरैया।** दिबियापुर स्थित वीजीएम डिग्री कालेज स्थित उप डाकघर दिबियापुर मंडी में बीते बीस दिनों से कामकाज ठप है। काम न होने पर सम्बधित खाताधारकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डाकघर में भगवतीगंज के अलावा कई पड़ोसी गांवों के सैकड़ों खाता धारकों के खाता संचालित है। इस सम्बध में पोस्टमास्टर आलोक त्रिपाठी ने बताया कि बीते 24 सितम्बर से सर्वर न होने से कार्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि समस्या के निस्तारण के लिए उच्चाधिकारियों को सूचना भेजी गई है। वहीं बचत अभिकर्ता रश्मि तिवारी, सुशीला पोरवाल, त्रिवेणी राजपूत, रेनू तिवारी , कृष्ण मोहन पोरवाल एवं राधा बाथम आदि ने बताया कि डाकघर में आए दिन सर्वर समस्या होने से काम प्रभावित होता है।

### मिलेट्स फसलों की जानकारी के लिये किसान राजस्थान रवाना

**औरैया।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना ( न्यूट्रीसीरियल्स घटक ) के अन्तर्गत 50 कृषकों को 15 से 16 अक्टूबर तक जागरूकता अभियान ( किसान प्रशिक्षण ) के लिये भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने उप कृषि निदेशक शैलेन्द्र कुमार वर्मा की मौजूदगी में बस को हरी झण्डी दिखाकर सेन्ट्रल एरिड जोन रिसर्च इन्स्टीट्यूट काजरी रोड जोधपुर राजस्थान के लिए रवाना किया। जिसमें कृषको को श्री अन्न ( मिलेट्स ) ज्वार, बाजरा, सावां, कोदो, रागी कुटकी एवं रामदाना फसलों के उत्पादन की तकनीकी जानकारी मिलेट्स फसलों के उत्पादन के लाभ, उनसे विभिन्न उत्पादन बनाये जाने के सम्बन्ध में संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी प्रदान की जायेगी।

### किसान फसल के अवशेष व कूड़ा खेतों में न जलाएं

**औरैया।** अजीतमल तहसील के ग्राम मौहारी की भूमि में खातेदार व बटाईदार जट सिंह द्वारा धान की फसल काटने के उपरान्त बीते 9 अक्टूबर को धान का पुआल खेतों में जलाकर पर्यावरण को क्षति पहुंचाने पर तहसीलदार अजीतमल द्वारा 5 हजार रुपये का अर्थदण्ड जमा कराया गया। कृषि उप निदेशक ने कृषक भाइयों से अनुरोध किया कि वह फसल अवशेष व कूड़ा अपने खेतों में न जलाएं। खेतों में फसल अवशेष जलाना दंडनीयअपराध है, जिसके अन्तर्गत प्रमुख सचिव, उ.प्र. शासन लखनऊ के द्वारा फसलों के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में 2 एकड़ से कम क्षेत्र के लिये अर्थदंड 2500 प्रति घटना, 2 एकड़ से 5 एकड़ क्षेत्र के लये अर्थदण्ड 5000 प्रति घटना व 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिये अर्थदण्ड 15000 जुर्माना अधिरोपित किया गया है। उक्त की पुनरावृत्ति किये जाने पर सम्बन्धित कृषक के विरुद्ध आर्थिक दण्ड एवं कारावास का भी प्रावधान है। फसलों की कटाई के लिये कम्बाइन के साथ स्ट्रारीपर अथवा रीपर कम्बाइन्डर का प्रयोग अवश्य करें, जिसके बगैर यदि कम्बाइन चलते हुये पाया जाता है तो उसको तत्काल पुलिस विभाग से सम्पर्क कर सीज करा दिया जायेगा।



खेत में जलते फसल के अवशेष। अमृत विचार

## एक नजर

### विशाल धुनष यज्ञ की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**अजीतमल, औरैया।** कस्बे के मोहल्ला विद्यानगर में स्थिति वीरांगना अवंती बाई शिशु मा. विद्यालय में रामलीला कमेटी बाबरपुर की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 17 अक्टूबर दिन गुरुवार को होने वाले विशाल धनुष यज्ञ के आयोजन पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुये कमेटी के सदस्य शेष नारायण सक्सेना ने बताया कि विशाल धनुष यज्ञ का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता के द्वारा किया जायेगा। तथा कार्यक्रम में बांदा हमीरपुर, कानपुर महानगर, जालौन आदि के पात्रों द्वारा मंचन किया जायेगा।

### चेन पुलिंग के चलते खड़ी हुई ट्रेन, 1 हिरासत में

**अछल्दा।** रेलवे स्टेशन के निकट अहमदाबाद एक्सप्रेस की चेन पुलिंग किसी ने सोमवार की शाम 5 :12 पर कर दिया, जिससे ट्रेन प्लेटफार्म 3 पर जाकर खड़ी हो गई। लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को बताया कि चेन पुलिंग होने पर ट्रेन खड़ी होते ही एक यात्री भागने लगा। रेलवे स्टेशन पर ऑन ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल के कांस्टेबल लोकेश नैन व राकेश ने उसका पीछा कर कड़ी मशक्कत से पकड़कर चौकी पुलिस को लाकर सौंप दिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### वकील के निधन पर शोक

**अजीतमल, औरैया।** तहसील अजीतमल के अधिवक्ता बलवीर सिंह राजपूत का रविवार को हृदयाघात के चलते निधन हो गया। अधिवक्ता के निधन के चलते सोमवार को तहसील अजीतमल के समस्त अधिवक्ताओ ने एक शोकसभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये प्रार्थना की एवं समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य सहित समस्त कार्यों से विरत रहे। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित समस्त अधिवक्ता एवं स्टाम्प वेंडर एवं पेटी दुकानदार मौजूद रहे।

## ब्रेक डाउन के चलते 6 घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति

संवाददाता अछल्दा, औरैया



फॉल्ट सही करते विद्युत कर्मी।

**अमृत विचार।** रात में अचानक हाईटेंशन लाइन के ब्रेक डाउन हो जाने से अछल्दा पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। आपूर्ति ठप होने से लोगों को परेशानियों का आमना करना पड़ा। सुबह जेई ने विद्युत आपूर्ति ठीक कराया तब अछल्दा फीडर की विद्युत शूरू हुई।

रविवार रात को अछल्दा पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति जारी थी तभी रात 2 बजे करीब बिधूना से अछल्दा पावर हाउस की 33 केबिल में फाल्ट आ गया, जिसके चलते अछल्दा पावर हाउस की आपूर्ति ब्रेक डाउन हो गई। विद्युत आपूर्ति ब्रेक डाउन होने से अछल्दा पावर हाउस के मोहम्दाबाद, रुरुगंज, गुनौली, न्यू अछल्दा की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं आपूर्ति बाधित होने से लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ा अछल्दा पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति के ब्रेक डाउन होने की सूचना पर जेई धीरेंद्र कुमार ने सुबह फाल्ट को ठीक कराने का काम शूरू किया।

## करो रिचार्ज की तैयारी, लगेंगे स्मार्ट मीटर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** बिजली चोरी रोकने और घाटा कम करने के उद्देश्य से विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय लिया है। जनपद में सभी उपभोक्ताओं के यहां यह मीटर लगाए जाएंगे। इसको लेकर सर्वे का कार्य जल्द ही टीमें शुरू करेंगी। नगरीय क्षेत्र में पहले इन मीटरों को लगाने का काम होगा।

बिजली विभाग के आकड़ों के अनुसार जनपद में कुल बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 2 लाख 28 हजार 714 है। इनमें औरैया डिवीजन में 1 लाख 1039 और दिबियापुर डिवीजन में 1 लाख 27 हजार 675 उपभोक्ता हैं। सभी उपभोक्ताओं को बिजली कटौती से निजात दिलाने के साथ ही विभाग बिजली चोरी रोकने और घाटा कम करने के उद्देश्य से स्मार्ट मीटर लगाने जा रहा है। पहले चरण में नगर पालिका और सभी नगर पंचायतों के उपभोक्ताओं के घरों और प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इसके लिए सर्वे का कार्य 15 अक्तूबर से शुरू होगा। एसडीओ अजय यादव ने बताया कि पहले स्मार्ट मीटर उन क्षेत्रों में लगाए जाएंगे, जहां बिजली चोरी अधिक हो रही है। इसके लिए फीडरों का ऑडिट किया जा रहा है। इससे यह पता लगाया जा सके कि किस फीडर में कितनी बिजली जा रही है और उसके मुकाबले कितनी बिलिंग हो रही है। एक बार ज्यादा बिजली चोरी वाले इलाकों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के बाद अधिक लोड वाले ग्रामीण इलाकों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। किस जोन में पहले और बाद में मीटर लगाए जाने हैं। इसके लिए स्थानीय स्तर पर भी सर्वे भी किए जा रहे हैं।

### मोबाइल की तरह काम करेगा स्मार्ट मीटर

उपभोक्ता जितने रुपये का रिचार्ज करवाएंगे, उतनी ही बिजली प्रयोग कर सकेगा। मीटर अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं। मीटर लगने के बाद बाइपास बिजली, मीटर से छेड़छाड़ आदि बिजली चोरी से जुड़े कार्य नहीं किए जा सकेंगे। यदि कोई उपभोक्ता ऐसा करने का प्रयास करता है तो मीटर से सीधे इससे संबंधित मैसेज विभाग के कंट्रोल रूम को मिल जाएगा। मीटर उपभोक्ताओं के सीधे मोबाइल से जुड़ा होगा। उपभोक्ता को प्रतिदिन खर्च होने वाले यूनिट व कितने रुपये की बिजली प्रयोग की गई। इसकी जानकारी मिलेगी।

## भंडारे में प्रसाद को लेकर हुआ विवाद

संवाददाता अजीतमल, औरैया

- दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार।** कस्बे में चल रही भागवत कथा के समापन के बाद आयोजित भंडारे के दिन बाबरपुर कस्बा स्थित सब्जी मंडी परिसर में उस समय भगदड़ मच गई जब दो पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बात मारपीट तक पहुंच गई। मामला तूल पकड़ा तो दोनों पक्षों ने छेड़छाड़ की तहरीर दी।

बाबरपुर कस्बे में संतोषी माता मन्दिर पर साप्ताहिक भागवत कथा उपरांत बीते शनिवार को भंडारा प्रसाद का आयोजन था। भंडारे छकने के लिए सब्जी मंडी परिसर में व्यवस्था की गई थी। भीड़ अधिक होने के चलते आयोजक व्यवस्था में जुटे थे। तभी पानी, पूड़ी आदि परोसने में हुई देरी को लेकर कुछ लोगों के बीच कहासुनी होने लगी औद देखते ही देखते बात मारपीट तक पहुंच गई, जिससे वहां पर अफरा तफरी मच गई।

एक पक्ष से आयोजकगणों में से युवक ने आरोप लगाया कि पानी को लेकर उसे गलियां दी गई। भंडारा खाकर घर जा रही उसकी मां को बीच रास्ते रोककर उनसे अश्लीलता की गई। आरोपित के पिता से शिकायत करने पहुंचे तो स्वजनों ने पत्थर और डंडों से प्रहार शुरू कर दिया। और जान से मारने की धमकी दी। आयोजक की दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने रितिक, मऊआ यादव, स्वीटी शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

वहीं दूसरे पक्ष से युवती ने आरोप लगाया कि भंडारा खाते समय उसके साथ छेड़छाड़ की गई। भाई ने रोका तो उसकी मारपीट की गई। घर में घुसकर जान बचाई। आरोपित, घर पर आ गए और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। इस दरम्यान वहां खडी उसकी पड़ोसी को भी उसकी मां समझ कर पीट दिया। युवती की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने उमंग, उज्ज्वल, हरिओम, शेष कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## ट्रैक क्लियर न होने से खड़ी रही ट्रेन, 50 मिनट बंद रही क्रॉसिंग

संवाददाता कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** कंचौसी पूर्वी क्रासिंग और कंचौसी रेलवे स्टेशन के बीच डीएफसी ट्रैक पर सुबह लगभग 6 बजे एक मालगाड़ी के खड़े हो जाने से 50 मिनट तक क्रासिंग बंद रही। क्रॉसिंग बंद होने से लोगों को जाम के झाम से जूझना पड़ा। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने मालगाड़ी जाने के बाद कड़ी मशक्कत से जाम को खुलवाकर वाहनों को पास कराया।

इटावा से कानपुर जा रही मालगाड़ी न्यू कंचौसी रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह लगभग 6 बजे ट्रैक क्लियर न होने के चलते कंचौसी पूर्वी क्रासिंग और कंचौसी रेलवे स्टेशन के बीचों बीच डीएफसी ट्रैक पर खड़ी हो गई। इस बीच क्रासिंग बंद होने के चलते कंचौसी-झींझक रोड, नहर पुल पर ट्रक, स्कूली वाहन और बाइक सवार लोग जाम में फंसे रहे। क्रॉसिंग के आसपास लंबा जाम लग गया। मालगाड़ी के ट्रैक पर खड़े होने के चलते 50 मिनट तक रेलवे क्रॉसिंग बंद रही। इससे क्रासिंग के दोनों तरफ से लंबा जाम लग गया, लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**राजनीति** पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से सभी बूथों पर अधिक से अधिक सदस्य बनाए जाने के दिये दिशा-निर्देश

# सक्रिय सदस्यता का कार्य कल से शुरू : दिनेश राय

कार्यालय संवाददाता, औरैया




जिला कार्यशाला को संबोधित करते प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला सत्यापन अधिकारी दिनेश चन्द्र राय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में सक्रिय सदस्यता के सम्बन्ध मे भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला सत्यापन अधिकारी दिनेश चन्द्र राय ने सक्रिय सदस्यता के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिस किसी भी कार्यकर्ता ने किसी एक विधानसभा से 50 ऑनलाइन साधारण सदस्य बनाए हैं। वह उन 50 नामों की लिस्ट समरी फार्म में भरकर और प्रदेश से प्राप्त सक्रिय सदस्यता के फार्म को भरकर संलग्न करके 100 रुपये नमो एप के माध्यम से ऑनलाइन जमा कर सक्रिय सदस्य बन सकेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों से कल अन्तिम दिवस को महा सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य बनाने के निर्देश दिए। विशिष्ठ अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनन्द सिंह ने मंडल गठन के लिए जरूरी सक्रिय सदस्य बनाते समय सभी वर्गों के समायोजन की अपील की। सक्रिय सदस्यता बनने का कार्य 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक चलेगा इसके उपरान्त 1 से 4 नवम्बर तक सक्रिय सदस्य बनने के लिए सत्यापन होगा और 5 नवंबर को बने सक्रिय सदस्यों की सूची जिला कार्यालय पर चस्पा कर दी जाएगी। इस अवसर पर सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ,जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, जिला महा मन्त्री कौशल राजपूत ,शिवसिंह भारती ,धीरेन्द्र सिंह गौर, अटसु चेयरमेन पति स्वदेश पोरवाल ,अजीतमल नगर पंचायत के चेयरमैन पति अखिलेश , भाजयुमो प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोनू सेंगर, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष माधव राजपूत, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू चौहान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष गिरीश तिवारी, प्रेम गुप्ता, यशवीर सिकरवार, राहुल गुप्ता, सोनू सोनी आदि जिला ,मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सदस्यता अभियान के जिला संयोजक अमर चन्द्र राठौर ने किया। वही कार्यकम में 500 से अधिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का मुख्य अतिथि द्वारा अभिनन्दन किया गया।



लोगों को सदस्यता दिलाते कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व अन्य।

## घर-घर पहुंचे क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल

- इटावा जाते समय जिले में रुक कर बनाये सदस्य

**औरैया।** कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल रविवार को बकेवर ( इटावा ) में प्रतिभाग करने जाते समय वह कुछ देर के लिए औरैया रुक गए और घर-घर जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया।

उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, भाजयुमो प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा ,मंडल अध्यक्ष राम जी बाजपेई, विनोद दुबे, लल्ला शर्मा, राहुल गुप्ता, माधव राजपूत, सौरभ राजपूत आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विभिन्न बूथों में घर-घर जाकर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं पार्टी की रीतियों को बताकर लोगों को मोबाइल से मिस्ड कॉल करवाकर भाजपा का सदस्य बनाया। वहीं मौजूद पदाधिकारियों ,कार्यकर्ताओ को निर्देश दिए की लक्ष्य के मुताबिक सदस्यता अभियान में सक्रिय सहभागिता कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ें।

## पंखा चलाने को लेकर सास ने बहू को घर से निकाला

- घर के बाहर घंटों चला सास-बहू का हाई वोल्टेज ड्रामा

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा स्थित ब्लाक चौराहे के पास सोमवार को बहू के पंखा चला देने पर सास - बहू में जमकर तू-तू मैं- मैं हो गई। पंखा चलाने को लेकर दोनो के बीच दो घंटे तक बहस चली। सास ने बहू को घर से निकाल दिया। लोगों के समझाने पर बहू घर जा सकी।

ब्लाक चौराहा निवासी बहू रश्मी और सास शारदा में पंखा चलाने को लेकर दोपहर 12 बजे झगड़ा हो गया। सास ने पंखा चलाने को लेकर बहू को रोका लेकिन सास बहू में बात इतनी बढ़ गई कि सास और बहू में तू -तू मैं-मैं शुरू हो गई। इसके बाद सास शारदा अवस्थी ने बहू को घर से निकाल दिया। रोते हुए बहू बाहर निकलते ही आस पास के लोगों ने जब बहू को रोते हुए देखा तो लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई, फिर सास -बहू में घंटों घर के बाहर हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। बहू मामले की शिकायत करने थाने जा रही थी तभी लोगों के काफी समझाने के बाद बहू को घर के अंदर जाने दिया गया। वहीं सास ने कहा कि लड़के के घर आने बाद दोनों को निकाल देंगे।

## बालक की हत्या में दोषी महिला और उसके 2 पुत्रों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- जमीनी रंजिश में पारिवारिक बच्चे की हत्या का मामला

**अमृत विचार।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय सैफ अहमद ने थाना एरवा कटरा क्षेत्र के ग्राम कढ़ैया में 8 वर्ष पूर्व 10 वर्षीय बालक संदेश को अपने घर में ले जाकर हत्या करने की दोषी महिला गंगा देवी व उनके दो पुत्र को आजीवन कारावास की सजा दी है।

अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी कर रहे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश कुमार पोरवाल ने बताया ग्राम बरूू आहार थाना किशनी जिला मैनपुरी निवासी वादी नरेंद्र सिंह यादव ने थाना एरवा कटरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसमें लिखा कि उसकी ससुराल ग्राम कढ़ैया में है। 6 जून 2016 को उसकी पत्नी बेबी अपने 10 वर्षीय पुत्र संदेश को लेकर मायके गई थी। 10 जून 2016 को उसका पुत्र संदेश दोपहर के समय चचिया ससुर स्वर्गीय शौकीन सिंह के घर गया था। शाम को पता चला कि बालक संदेश की शौकीन के घर में मृत्यु हो गई। वादी ने लिखा कि उसके ससुर व चचिया ससुर के बीच जमीन विवाद को लेकर रंजिश चली आ रही है। वादी ने चचिया सास गंगा देवी पत्नी शौकीन सिंह व उसके दो पुत्र महिपाल व जयपाल के विरुद्ध पुत्र की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि पुलिस ने विवेचना में इन तीनों को निर्दोष मानते हुए अंतिम आख्या कोर्ट में पेश की तथा दो अन्य अभियुक्त मुनीश उर्फ खजांची तथा राखी उर्फ रेखा के विरुद्ध चार्जशीट पेश की थी। कोर्ट में जब मुकदमे का विचारण हुआ तो वादी की मांग पर अन्तिम आख्या वाले तीनों आरोपियों को तलब किया गया।

कोर्ट ने पाया कि अन्तिम आख्या वाले तीनों आरोपी गंगादेवी व उसके पुत्र महिपाल, जयपाल ने हत्या की है तथा पुलिस चार्जशीट को दोनों आरोपी निर्दोष हैं। इस पर सत्र न्यायाधीश ने 04 अक्टूबर को निर्णय सुनाते हुए मुनीश उर्फ खजांची व राखी उर्फ रेखा को दोषमुक्त कर दिया था। गंगा देवी , महिपाल व जयपाल को दोषी सिद्ध कर जिला कारागार इटावा भेज दिया था। एडीजे सैफ अहमद ने गंगा देवी 75 व उनके पुत्र महिपाल व जयपाल को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया और सभी पर 20- 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

# बारिश में बह गया 1 साल पहले बने पुल का किनारा

संवाददाता, किशनपुर

- किशनपुर के तुर्की नाला में बनाया गया था पुल
- आवागमन में दिक्कतों का सामना कर रहे लोग

**अमृत विचार।** कस्बे में तुर्की नाला पर बना पुल का अप्रोच टूटने के बाद कार्यदाई संस्था व पीडब्ल्यूडी विभाग के भ्रष्टाचार की पोल खुल गई है। पुल का अप्रोच इंटरलॉकिंग व सड़क टूटने के बाद तुर्की नाला पर बना पुल सवालों में है। साल भर पहले बने पुल का किनारा बारिश में बह गया है। ठीक कराने में जुटी कार्यदाई संस्था ने काम अधूरा छोड़ दिया है, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कते हो रही हैं।

कस्बे से दांदों को जोड़ने के लिए यमुना नदी में पक्के पुल का निर्माण कार्य कराया गया। कछुए की रफ्तार से हुए काम ने पुल तैयार होने में करीब आठ साल खपा दिए। इस दौरान पुल के रास्ते में पड़ रहे तुर्की नाला पर भी एक छोटा पुल बनाया गया था। साल भर पूर्व तुर्की नाला पर बनाए गए पुल की अप्रोच इंटरलॉकिंग व सड़क बारिश में बह गई। इसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग ने आनन फानन में पुल को दुरुस्त कराने की कवायद शुरू कर दी। अप्रोच व इंटरलॉकिंग सड़क को रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने बांस-बल्लियों का सहारा लिया। पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई। इसके बाद पुल पर लगातार तीन चार दिन खूब मेहनत कर कार्य जारी रहा। लेकिन बीते करीब दस दिन पहले पुल पर काम बंद कर दिया गया था, तब से आज तक पुल पर कार्य शुरू नहीं हो सका है। पुल के दोनों तरफ पड़े पत्थर व गिट्टियों के ढ़ेर हादसों को दावत देते नजर आ रहे हैं। लेकिन विभाग को इसकी तनिक भी चिंता नहीं है जबकि इसी मार्ग से प्रतिदिन हजारों की तादाद में लोग आवागमन करते हैं। कस्बे में इस समय मेले व रामलीला का भी आयोजन चल रहा है। ऐसे में यमुना के उस पार व यमुना कटरी के सैकड़ों गांवों के लिए आधी रात को आवागमन करते हैं। पुल पर अधूरा काम छोड़ कर भागने वाले जिम्मेदार नाले में पानी भरा होने की वजह से मशीन न लग पाने की बात कह रहे हैं।



क्षतिग्रस्त पुल का किनारा, सड़क पर लगा गिट्टी का ढेर। अमृत विचार

# मूर्ति विसर्जन में गूंजे मां के जयकारे

**असोथर।** दशहरा के दूसरे दिन रविवार को भी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन जारी रहा। भक्तों ने बड़े ही धूमधाम के साथ मां की भव्य शोभायात्रा निकाली। दुर्गा पांडालों से लेकर विसर्जन स्थल तक माता रानी के जयकारे गूंजे। भक्तों ने नम आंखों से मातारानी को अगले वर्ष आने का न्योता देकर विदाई दी। वहीं जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। नवरात्र के नौ दिन माता रानी के अलग-अलग स्वरूपों की आराधना करने के बाद भक्तों ने विधि-विधान और हवन-पूजन कर एकादशी के दिन माता रानी को विदाई दी। घाटमपुर के यमुना घाट के कोटवा, ब्रम्हदेव घाट, रामनगर कौहन, सरकंडी के तेलानवीर बाबा घाट पर सुबह से भक्तों ने दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

# मेरिट के आधार पर होगा केन्द्रों का निर्धारण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा की तैयारियां तेज
- जिलाधिकारी द्वारा गठित टीमें करेंगी मेरिट का निर्धारण

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार केन्द्र निर्धारण के लिए मेरिट की व्यवस्था रखी गई है। जिला प्रशासन द्वारा गठित टीमें विद्यालयों का निरीक्षण करेंगी और मेरिट तैयार करेंगी। उसी के आधार पर केन्द्रों का निर्धारण किया जाएगा।

जिला स्तर और प्रदेश स्तर में जो विद्यार्थी टॉप-10 मेरिट में आए हैं। उन स्कूलों को भी अंक मिलेंगे। जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग के 403 विद्यालय हैं। इनमें राजकीय स्कूल, एडेड स्कूल और वित्तविहीन इंटर कॉलेज शामिल हैं। बोर्ड के सचिव द्वारा गाइड लाइन के अनुसार आधारभूत सुविधाओं के अलग-अलग अंक निर्धारित किए गए हैं। इसमें इंटरमीडिएट स्तर के स्कूल को 20 अंक, हाईस्कूल स्तर के विद्यालय को 10 अंक, राजकीय माध्यमिक स्कूल को 50 अंक, अशासकीय सहायता प्राप्त स्कूल को 40 अंक और स्ववित्त पोषित माध्यमिक स्कूल को 20 अंक मिलेंगे। प्रति शिक्षण कक्ष का पांच अंक है। इसमें वह कमरे शामिल हैं, जिनका उपयोग परीक्षा कक्ष के लिए किया जाएगा।

यदि एक ही परिसर में एक प्रबंधक ने किसी अन्य बोर्ड से भी मान्यता ली है तो उसे इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरे लगे होने पर 10 अंक, वर्ष 2024 में परीक्षा केंद्र होने पर 20 अंक, पिछले साल हाईस्कूल उत्तीर्ण प्रतिशत 90 या उससे अधिक होने पर 10 अंक, 2024 में ही इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 90 या इससे अधिक है तो 10 अंक, स्मार्ट कक्षा संचालित होने पर 10 अंक अतिरिक्त मिलेंगे।

पिछले साल हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में जिला स्तरीय टॉप-10 छात्र-छात्राओं की सूची में स्थान लाने पर 10 अंक और राज्य स्तरीय टॉप-10 विद्यार्थियों की सूची में स्थान लाने पर विद्यालय को 20 अंक मिलेंगे। विभाग की मानें तो शासन के निर्देशों के अनुरूप इस बार परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा। गठित टीम स्कूलों का सत्यापन करेगी।

## एक नजर

### 25 हजार के इनामी को किया गिरफ्तार

**फतेहपुर।** गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहें 25 हजार के इनामिया को खागा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। खागा कोतवाल तेज बहादुर सिंह और उनकी टीम ने सोमवार को 25 हजार के इनामिया बीर सिंह यादव ऊर्फ लोटन निवासी धर्मदासपुर थाना थरियांव को गिरफ्तार किया। कोतवाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सुल्तानपुर घोष और थरियांव थाने में कई मुकदमे दर्ज है। आरोपी के खिलाफ घोष थाने में गैंगस्टर का भी मुकदमा दर्ज है।

### अनियंत्रित पिकअप पलटी

**असोथर।** सोमवार दोपहर में असोथर-थरियांव मार्ग पर टीकर गांव के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पिकअप के चालक लल्लू पुत्र तिलकधारी निवासी शिवबोधनपुर रसूलाबाद और उनके साथ मौजूद पल्लेदार बाल-बाल बच गए। किसी को कोई चोट नहीं आई।

# कमरे के अंदर मिला महिला का शव

## मृतका की मां ने जताई हत्या की आशंका, हुसेनगंज थाने के सेनपुर गांव का मामला

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक महिला का सुबह कमरे से शव मिला। मृतका की मां ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। गले में चोट का निशान होना बताया जा रहा है।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सेनपुर गांव की कृष्णा देवी (27) की शादी 2015 में थरियांव थाना क्षेत्र के रामपुर थरियांव निवासी राममिलन पाल के साथ हुई थी। राममिलन ट्रक चालक है। वह 10 अक्टूबर को त्योहार मनाने के लिए घर में रुका था। राममिलन ने बताया कि पिता ननका पाल व मां ननकी त्योहार पर बहन की ससुराल गए थे। वह और पत्नी भोर चार बजे उठे। जानवरों का चारा पानी के बाद पत्नी बेटे सौरभ को दूध पिलाने कमरे में चली गई। करीब साढ़े पांच बजे तक कमरे से बाहर नहीं आई। बच्चे के रोने की आवाज आ रही थी। वह कमरे में पहुंचा तो पत्नी को मृत पाया। कृष्णा देवी की मौत की खबर उसकी मां विद्या को हुई तो उसने 112 नंबर और थरियांव थानाध्यक्ष को सूचना दी। उसने बेटी की हत्या का आरोप लगाया। भाई शैलेंद्र मौके पर पहुंचा। भाई ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वह कुछ कह सकता है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि आसपास के लोगों से दंपति के बीच कोई विवाद की बात सामने नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच की जाएगी।

# विसर्जन में गया युवक नदी में डूबा

संवाददाता फतेहपुर

- कई दोस्तों व ग्रामीणों के साथ पहुंचा था युवक
- जहानाबाद के केरा नसेनिया गांव का मामला

**अमृत विचार।** मूर्ति विसर्जन के लिए ग्रामीणों के साथ गया एक युवक नदी में डूब गया। यह देख हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू कर दी। शाम तक युवक का कहीं कुछ पता नहीं चल सका।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के नसेनिया गांव निवासी रोहित पुत्र देवी चरण विसर्जन के दौरान नदी में डूब गया। जिसकी तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि नसेनिया गांव में देवीजी की स्थापना हुई थी, विसर्जन यात्रा थाना क्षेत्र के पिपरहापुर के निकट रिंद नदी के पंथनाथ घाट पहुंची, तभी रोहित नदी में उतरा और गहरे पानी में चला गया। इससे वह डूब गया। यह देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी। वहीं युवक का कहीं कुछ पता नहीं चलने पर परिजनों में कोहराम मचा रहा।

# फर्जी सिम एक्टिवेट करने वाला गिरफ्तार

**फतेहपुर।** साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने अपने हमराहियों की संयुक्त टीम के साथ एक अंतर्जनपदीय फर्जी सिम एक्टीवेटर मोबाइल सिम एजेंट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार हरिकेश यादव पुत्र जगतपाल यादव, निवासी दंदौली थाना मानिकपुर जिला प्रतापगढ़ को फर्जी सिम एक्टीवेट के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम ने एक सिम, दो कीपैड व एंड्रॉयड मोबाइल, अलग-अलग कम्पनियों के लगभग 50 ब्लैंक सिम, एक फिंगर बायोमैट्रिक मशीन भी बरामद की है। आरोपी हरिकेश इंटर तक पढ़ा है जो कि फर्जी तरीके से सिम कार्ड एक्टीवेशन व पोर्टिंग का कार्य करता था। आरोपी सिम कार्ड फर्जी आईडी लगाकर साइबर अपराधियों को मुहैया कराता था।

## सार-संक्षेप

### 1.95 लाख सदस्य बनाने पर दी बधाई

**फतेहपुर।** संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत भाजपाइयों ने सक्रिय सदस्यता बैठक की। जिसमें सक्रिय सदस्यता जिला प्रमुख के रूप में बांदा जनपद के पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव शामिल हुए। उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्यता कैसे प्राप्त होगी, विषय पर गहराई से प्रकाश डाला गया। अटलपथ पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर जेल रोड पर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में अखिलेश श्रीवास्तव ने बीते 11 अक्टूबर तक जिले में 1.95 लाख लोगों को सदस्यता दिलाने पर उपस्थित लोगों सहित सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने जनपद की सदस्यता अभियान की प्रस्तावना को प्रस्तुत किया। वहीं जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय ने संगठनात्मक संरचना के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर पूर्व मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र पटेल, प्रभुदत्त दीक्षित, शिवप्रसाद त्रिपाठी, उदय लोधी, पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, अपर्णा सिंह गौतम, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, कुलदीप भदौरिया, मनोज मिश्रा, जितेन्द्र सिंह सेंगर, अतुल त्रिवेदी, रिंकू लोहारी, विजय प्रताप सिंह, अमित शिवहरे, रमीज समेत अन्य पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व समन्वयकों की मौजूदगी रही।

### बेकाबू कार पेड़ से टकराई, चालक घायल

**असोथर।** थाना क्षेत्र के सरकंडी गांव निवासी कन्हैया एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि वह कार से अपने गांव सरकंडी से मनावा गांव स्थति बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने स्थित अपने गैराज की दुकान की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह मनावा गांव के पास एक ईंट भट्ठे के मोड पर पहुंचे थे। कार तेज रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित हो गई और बबूल के पेड़ से टकराकर खेत में पलट गई। हालांकि एयरबैग खुलने की वजह से कोई बड़ी घटना नहीं हुई, लेकिन चालक कन्हैया गंभीर घायल हो गया। इस हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और घायल कन्हैया को कार से बाहर निकाला। उन्हें इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रंगोली प्रतियोगिता में गौसिया व राधिका रहीं प्रथम

**फतेहपुर।** डॉ. बीआर आंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवारे के तहत प्राचार्य प्रो. गुलशन सक्सेना के नेतृत्व एवं सड़क सुरक्षा समिति तथा एनएसएस समिति के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में गौसिया सिद्दीकी एवं राधिका गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पल्लवी मिश्रा एवं सौम्या त्रिपाठी ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। वहीं सारा फातिमा व साईमा रईस ने तृतीय स्थान पर बाज़ी मारी। यह प्रतियोगिता सड़क सुरक्षा समिति प्रभारी अनुष्का छौंकर के कुशल दिशा निर्देशन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका में बसंत कुमार मौर्य, डॉ. जिया तसनीम व आनंदनाथ रहे।

### आशा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**फतेहपुर।** आशा व आशा संगिनी कर्मचारी संगठन की महिलाओं ने जिलाध्यक्ष रानी पटेल के नेतृत्व में कलेक्टेट परिसर में प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भेजा। महिलाओं ने अपनी मांगों में राज्य कर्मचारी के रूप में मान्यता, 18 हजार रुपए वेतन, आशा संगिनी को 24 हजार रुपए वेतन, निशुल्क बीमा, दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में 15 लाख का मुआवजा, रिटायर्ड होने पर दस लाख का भुगतान और सभी महिलाओं को टेबलेट व लैपटॉप देने की मांग की। जिलाध्यक्ष रानी पटेल ने कहा कि संगठन की मेहनत के अनुरूप उन्हें उचित वेतन मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि संगठन लगातार अपनी मांगें रख रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### कौन बहादुर है दुनिया में छुइले बांस पालकी क्यार...

**असोथर।** आल्हा गायन कार्यक्रम में वीर रस से ओत-प्रोत आल्हा ऊदल की बहादुरी का बखान किया गया। उत्साहित कलाकारों ने भुजरियों कि लड़ाई माडो, नरवल के युद्ध सहित उरई नरेश माहिल कि बगिया गुजाड़ने के प्रसंग को बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम असोथर थाना क्षेत्र के रिठवां गांव के मनहर ताल खेल मैदान में हुआ। आल्हा गायन पूर्व प्रधान कवि एवं साहित्यकार जीवन जिद्दी के द्वारा किया गया। जिसमें दूर दराज के साहित्यकार कवियों ने प्रतिभाग किया और जनपद उन्नाव के कस्बा मौरावां निवासी कवि अर्जुन सिंह, अनुज सिंह के द्वारा संगीत के साथ शानदार प्रस्तुति दी गई। बाल कवि अनुज सिंह हाईस्कूल का छात्र है।

# 1 दिन की जिलाधिकारी बनी आंक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जनता दर्शन में आई शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश
- यूपी बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश स्तर पर लहराया था आंक्षा ने परचम

**अमृत विचार।** बीते वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर परचम लहराने वाली छात्रा आंक्षा विश्वकर्मा को सोमवार को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया। उन्होंने जनता दर्शन में आई शिकायतों को सुना और सम्बंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की।

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत आंक्षा विश्वकर्मा, मेधावी छात्रा को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने आंक्षा विश्वकर्मा का पुष्प गुच्छ एवं शोल्ड देकर सम्मान जिलाधिकारी की कुर्सी में आसीन किया। एक दिन की जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में उपस्थित फरियादियों की शिकायतों को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं विभागों को निर्देशित करते हुए रिपोर्ट तलब की। आंक्षा ने बताया कि उनका सपना है कि वह आगे चलकर आईएएस बनकर जनता की सेवा करुं। इस मौके में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



जनता दर्शन में शिकायतें सुनतीं जिलाधिकारी बनीं आंक्षा विश्वकर्मा।

### 17 कन्याओं का मनाया जन्म दिन

- मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 17 नवजात बच्चियों का केक काटते हुए जन्मोत्सव मनाया गया। सीडीओ ने नवजात बच्चियों के प्रयोगार्थ बेबी किट, नवजात शिशु के लिए वस्त्र, बैग, मां के लिए साड़ी, कम्बल, गद्देदार मच्छरदानी, खिलौन आदि वितरित किए।

# पुलिस की मौजूदगी में सभासद और पूर्व सभासद से मारपीट

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर आराजकतत्वों ने पुलिस की मौजूदगी में घर में चढ़ कर पूर्व सभासद के साथ मार पीट की। बीच बचाव करने आई सभासद पत्नी के साथ भी मारपीट कर अभद्रता की।

घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। पीड़ित सभासद ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के सराफा बाजार निवासी सभासद प्रीती गुप्ता ने बताया कि रात में करीब आठ बजे वह अपने पति के साथ घर में थी तभी मोहल्ले के रहने वाले अराजक तत्व अपने आधा सैकड़ा साथियों के साथ पुरानी राजनितिक खुन्नस के चलते घर पर चढ़ आए और गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर आरोपियों ने उनके पति रामजी गुप्ता के साथ पुलिस के सामने घर में घुसकर मारपीट की।

# कलेक्ट्रेट पहुंचे बुजुर्ग ने खाया जहरीला पदार्थ

संवाददाता फतेहपुर



बुजुर्ग से जानकारी लेते अधिकारी।

- बुआ-फूफा पर 20 लाख रुपये हड़पने का आरोप कार्रवाई न होने से परेशान

**अमृत विचार।** एक बुजुर्ग दिव्यांग ने अपने बुआ और फूफा पर लाखों रुपये के जेवर और नकदी हड़पने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस में शिकायत की। जब थाना पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की तो न्याय के लिए कलेक्टर परिसर पहुंचा और जहर खा लिया। इस बात की जानकारी एडीएम को हुई तो इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुजुर्ग की हालत गंभीर बनी हुई है।

असोथर थाना कस्बे के रहने वाले दिव्यांग उमाकांत मिश्रा (56) सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचा और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देने के बाद बाहर आकर कलेक्ट्रेट के गेट के पास जहर खा लिया। जब इस बात की जानकारी जिला प्रशासन को हुई तो हड़कंप मच गया। एडीएम वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग से जानकारी करने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एडीएम अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि जब उन्हें जानकारी हुई तो बुजुर्ग से पूछने से जहरीला पदार्थ खाना की बात कही गई। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि एक बुजुर्ग ने कलेक्ट्रेट परिसर पर के गेट के बाहर नींद की गोली अधिक मात्रा में खा ली थी। जिन लोगों को 20 लाख रुपये देने की बात कही है जांच पड़ताल में पैसे के लेन देन की कोई लिखा पढ़ी नहीं है।

# जहानाबाद के लिए हर आधे घंटे में ई-बस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी मोड़ से जहानाबाद के लिए आज से 7 बसों का संचालन
- शहर में कई अन्य रुटों पर सर्वे शुरु, 40 और ई बसें जल्द मिलेंगी

**अमृत विचार।** शहर को ई-बसों की सौगात मिलने के बाद संचालन के लिए पहला रूट जहानाबाद का तय हुआ है, मंगलवार से 7 ई- बसें चकेरी मोड़ से जहानाबाद के लिए दौड़ेंगी। इससे यात्रियों को हर आधे घंटे में बस उपलब्ध होगी।

चकेरी में बनाए गए डिपो से 88 ई-बसों का संचालन हो रहा है। नई ई-बसें चकेरी मोड़ से जहानाबाद रूट पर लगाई गई हैं। अभी कानपुर-जहानाबाद मार्ग पर साधारण खटारा बसें दौड़ रही हैं। अब यात्रियों को एसी बसों से कम किराये में यात्रा की सौगात मिलेगी। ई-बसों के प्रमुख अभिनव निगम ने बताया कि मंगलवार से हर आधे घंटे में जहानाबाद के लिए बसें मिलेंगी। जल्दी ही डिपो को 40 ई-बसों की और सौगात मिलेगी। इनके लिए नए रूटों का सर्वे हो रहा है। उन रुटों पर ई बसों का संचालन किया जाएगा, जहां लोग यात्रा के साधन के लिए परेशान हैं।



| किमी | किराया |
|---|---|
| 04 किमी तक | 10 रुपये |
| 07 किमी तक | 15 रुपये |
| 10 किमी तक | 20 रुपये |
| 13 किमी तक | 25 रुपये |
| 16 किमी तक | 30 रुपये |
| 20 किमी तक | 35 रुपये |
| 30 किमी तक | 45 रुपये |
| 42 किमी तक | 55 रुपये |
| 54 किमी से अधिक | 70 रुपये |

## ग्लोबल हैंड वाशिंग डे | साबुन से हाथ धोने के बताए गए फायदे

# हाथ धोने से होता बीमारियों से बचाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हाथों को स्वच्छ रखकर न सिर्फ डायरिया से बचा जा सकता है बल्कि बच्चों को कुपोषित होने से रोका भी जा सकता है। हाथों की अच्छी तरह से सफाई करने से कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है।

गंदे हाथों के जरिये मुंह व नाक के रास्ते कई बीमारियां शरीर में प्रवेश कर जाती हैं। इसलिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंड वाशिंग डे (विश्व हाथ धुलाई दिवस) मनाया जाता है।





जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. यूबी सिंह ने बताया कि निमोनिया और डायरिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए सबसे अच्छे, कम खर्चीले और सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है साबुन और पानी से हाथ धोना। इन बीमारियों से बचने के लिए साबुन का इस्तेमाल करना सबसे प्रभावी और किफायती तरीकों में से एक है।



सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि अगर हाथों की स्वच्छता का पूरा ख्याल रखा जाए तो निमोनिया और डायरिया की चपेट में आने में निश्चित रूप से बच्चों को बचाया जा सकता है। लंबे समय तक डायरिया की चपेट में रहने से बच्चे कुपोषण की भी जद में आ जाते हैं। बचपन से ही हाथों की सही सफाई की आदत बच्चों में डालना जरूरी है।



जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य व विभागाध्यक्ष वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीएन त्रिपाठी ने बताया कि अच्छी तरह से हाथ धोने से डायरिया, दस्त, निमोनिया, पेट दर्द, कुपोषण, कृमि संक्रमण, फ्लू, त्वचा संबंधी बीमारियों से बचाव होता है। ऐसा करने से बच्चे या युवा व बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग 80 फीसदी बीमारियों से बचे रह सकते हैं। हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों व उनके तीमारदारों को भी समय-समय पर साबुन से हाथों को जरूर धोना चाहिए।



स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.उरूज जहां ने बताया कि बच्चे को छूने व स्तनपान कराने से पहले, खाना बनाने व खाने से पहले, खांसने-छींकने के तुरंत बाद, बीमार व्यक्तियों की देखभाल और शौच के बाद साबुन से करीब 40 सेकेंड तक अच्छी तरह से हाथ जरूर धोएं। बाहर से घर आने पर पहले साबुन से हाथ व पैर अच्छी तरह धुलें।

# 7-8 मिनट तक चीखे फिर थम गईं सांसें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डंपर और ट्राला के बीच दबकर 5 लोगों की मौत का मामला

**अमृत विचार।** भौंती में सोमवार सुबह डंपर और ट्राला के बीच फंसकर ऑल्टो कार पिसने से पांच लोगों की मौत हो गई। पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के बीटेक छात्र प्रतीक सिंह उर्फ अनुज, सतीश सिंह, आयुषी पटेल, गरिमा त्रिपाठी और कार चालक की जान गई।

हादसे के चश्मदीद जुगराजपुर सचेंडी निवासी विश्वास शुक्ला ने बताया कि वह कल्याणपुर काम करने जा रहा था। उसने देखा कि डंपर और ट्राला के बीच कार फंसी हुई थी। उसने बताया कि सात से आठ मिनट तक कार में फंसे लड़के लड़कियों की चीख पुकार मची रही। लहूलुहान अवस्था में सभी असहनीय दर्द की वजह से चीख रहे थे। सात से आठ मिनट के भीतर ही सभी की आवाजें आना बंद हो गईं। उसका कहना था कि वह लोग कार में इतनी बुरी तरह दबे थे कि मोबाइल तक नहीं उठा सके। इसके बाद पुलिस पहुंची तब लोगों ने आगे वाला डंपर धक्का देकर बढ़ाने की कोशिश की लेकिन उसके ब्रेक शू जाम थे। फिर क्रेन की मदद से तीनों वाहनों को मौके से हटवाया।

### ट्राला को ओवरटेक किया था

चश्मदीदों ने बताया कि भौंती पुल की ढाल के पास हाईवे पर सड़क किनारे डंपर खराब खड़ा था। बर्रा की ओर से आ रही ऑल्टो कार सरिया लदे ट्राला को ओवरटेक करके आगे बढ़ी तो आगे खड़े डंपर में पीछे से घुस गई। तब तक पीछे से आ रहे ट्राला भी कार में घुस गया और कार डंपर और ट्राला के बीच फंसकर पिचक गई।

### छात्र-छात्राएं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे

पीएसआईटी के कई छात्र-छात्राएं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। सभी की आंखों में आंसू थे। साथियों की दर्दनाक मौत पर सभी सुबकते रहे और बातें करते रहे। मार्चुरी में मौजूद मृतकों के परिजनों से लिपटकर रो पड़े।

# सिर-सीने की हड्डियां टूटीं, अधिक रक्त बहने से हुई मौत

कानपुर। भौंती हादसे में मारे गए पीएसआईटी के दो छात्र प्रतीक सिंह उर्फ अनुज, सतीश सिंह, दो छात्राएं आयुषी पटेल, गरिमा त्रिपाठी और चालक विजय साहू का देर शाम तक पोस्टमार्टम चला। ऑल्टो कार में चालक विजय और छात्र प्रतीक आगे बैठे थे, इस कारण सबसे ज्यादा चोट इन दोनों को आई हैं। सिर और सीने में कार के पार्ट्स घुस जाने से 10 से ज्यादा हड्डी टूटी मिलीं और आंतरिक रक्तस्राव मौत का कारण बना। वहीं सतीश सिंह, आयुषी पटेल और गरिमा त्रिपाठी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी निकली। सिर, हाथ, पैर, सीने में चोट और आंतरिक रक्तस्राव से उनकी जान गई।

**मृतकों के चेहरों पर दिखा दर्द:** जब शव हैलट अस्पताल लाए गए तो सभी की मुट्ठियां भिंची हुई थीं दर्द और परेशानी के भाव सभी के चेहरे पर दिखाई दे रहे थे। कार की बाडी और सीट एक हो गई थी लिहाजा जाहिरा चोटें भी सभी के चेहरे पर थीं। दर्द और छटपटाहट के मिश्रित भाव चेहरों पर दिखाई दिए।

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह –माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है, वह अपने जीवन को नरक–तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# जागरूकता बढ़ाना जरूरी

वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत इस वर्ष 127 देशों में 105वें नंबर पर है। इससे पता चलता है कि देश में कुपोषण की स्थिति बहुत गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कुपोषण का तात्पर्य किसी व्यक्ति की ऊर्जा एवं पोषक तत्व ग्रहण में कमी, अधिकता या असंतुलन से है। जबकि सूचकांक में पड़ोसी देश नेपाल 68, श्रीलंका 56 और बांग्लादेश 84वें नंबर पर हमसे आगे हैं। सिर्फ पाकिस्तान 109 वें रैंक के आधार पर हमसे भी पीछे है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स, भूख को मापने और ट्रैक करने का एक उपकरण है। यह यूरोपीय एनजीओ ऑफ कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्टहंगरहिल्फ़ द्वारा तैयार किया जाता है। चिंता की बात है कि रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इस मुद्दे से निपटने के उपायों में अधिक प्रगति के अभाव में दुनिया के कई सबसे गरीब देशों में भूख का स्तर कई दशकों तक उच्च बना रहेगा। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे स्टंटिंग के शिकार हैं। 19.3 प्रतिशत बच्चे वेस्टिंग के शिकार हैं। 32.1 प्रतिशत बच्चे अल्प-वजन के शिकार हैं। तीन प्रतिशत बच्चे अति-वजन के शिकार हैं। यह ऐसी स्थिति है जो किसी व्यक्ति के आहार में ऐसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों के अपर्याप्त सेवन से उत्पन्न होती है जो स्वास्थ्य, वृद्धि एवं विकास के लिए आवश्यक होते हैं। कुपोषण का मुद्दा देश में सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक भिन्नताओं के जटिल मिश्रण से जुड़ा हुआ है। कुपोषण मानव पूंजी के विकास में बाधा उत्पन्न करता है, जिससे आर्थिक और सामाजिक प्रगति की संभावना सीमित हो जाती है। कुपोषण के कारण बाल्यावस्था और वयस्कता दोनों में कार्य उत्पादकता में कमी आ सकती है, जिससे देश का समग्र आर्थिक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इस व्यापक समस्या की बहुमुखी प्रकृति पोषण संबंधी संकेतकों में आगे और गिरावट रोकने के लिए तत्काल ध्यान देने और समर्पित संसाधनों का निवेश करने की मांग रखती है।

हालांकि भारत ने 2000 के बाद से अपनी बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय रूप से सुधार किया है। इसके बाद भी बाल कुपोषण एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है, जिसमें दुबलापन और बौनापन दोनों ही खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर हैं। देश में कुपोषण की चुनौती से निपटने के लिए पोषण अभियान, आंगनवाड़ी कार्यक्रम, और मिड-डे मील योजना चलाई जा रही है। फिर भी कुपोषण के उन्मूलन के लिए भारत को अपनी आबादी के स्वास्थ्य एवं सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा इसमें निवेश करना चाहिए। इसके लिए सामाजिक जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है।

# किसे देनी पड़ रही है युद्ध की कीमत



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

इजराइल पंथी जेहादी लोग हमास के बारे में वही सवाल कर रहे हैं जो बहुराष्ट्रीय मीडिया कंपनियों ने रटा दिए हैं, या फिर शस्त्र उद्योग के मालिकों ने तय किए हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या हमास का समर्थन करते हो? यह सवाल ही गलत है। सवाल यह होना चाहिए कि क्या फिलीस्तीन जनता का समर्थन करते हो?

इजराइल सिर्फ एक राष्ट्र ही नहीं बल्कि झूठ की फैक्ट्री है। दुनिया के जन-माध्यम इस फैक्ट्री के ज़रख़रीद गुलाम हैं। इजराइल-अमेरिका मिलकर सारी दुनिया को अहर्निश झूठे मसलों और झूठे प्रचार अभियान में व्यस्त रखते हैं। 7 अक्टूबर को विश्व के प्रमुख मीडिया घरानों ने हल्ला किया कि हमास ने इजराइल पर हमला किया। इसे मीडिया ने उसी तरह मुख्य खबर बनाया जैसा कि एक ज़माने में इराक़ और सद्दाम हुसैन के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, इसे मुख्य ख़बर बनाकर सारी दुनिया को ठगा और लूटा गया। इराक पर हमला करके उसके तेल के कुओं पर क़ब्ज़ा कर लिया गया और एक सुंदर राष्ट्र को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। पचास लाख से अधिक इराक़ी शरणार्थी बना दिए गए। सारे देश पर अमेरिका-नाटो की सेनाओं का कब्जा है पर आज तक इराक़ के जन-संहारक अस्त्रों का प्रमाण अमेरिका पेश नहीं कर पाया, उलटे सुरक्षा परिषद के जांच आयोग ने पाया कि इराक के पास कोई जनसंहारक अस्त्र नहीं है।

7 अक्टूबर को विश्व मीडिया में मुख्य ख़बर आई कि हमास ने इजराइल पर मिसाइलों से हमला किया है। इस प्रसंग में पहली बात यह कि गाजा पट्टी में शासन हमास का है लेकिन उसकी पूरी नाकेबंदी इजराइल ने की हुई है। गाजा पट्टी में इस्रायली नाकेबंदी के कारण वहां कोई भी चीज दाखिल नहीं हो सकती। चप्पे-चप्पे पर इस्रायली सैनिक रहते हैं। ऐसी अवस्था में इजराइल पर हमले के लिए हमास के अत्याधुनिक मिसायलें कहां से आईं? क्या वे गाजा पट्टी में इजराइल को हथियारों-मिसायलों का कोई ज़ख़ीरा मिला? मिसाइलों के लिए गोला-बारुद गाजा पट्टी में कहां से आया? हमले किस ठिकाने से किए गए? इन सब सवालों पर मीडिया ध्यान ही नहीं दे रहा। साथ ही इजराइली पीएम से भी ये सवाल नहीं पूछे गए हैं।

इन दिनों युद्ध और राजनीति में झूठ सबसे बड़ा अस्त्र है। अमेरिका-इजराइल झूठ के प्रचार अभियान को संगठित करने में माहिर हैं। याद करें वह क्षण जब अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने सुरक्षा परिषद में इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, यह सफ़ेद झूठ बोला था, सारी दुनिया को मीडिया के ज़रिए मनवा लिया गया कि इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं। यह भी कहा गया कि अमेरिका के पास ठोस जासूसी सूचनाएं और उनके आधार पर उसने यह राय बनाई है। इस झूठ के विक्रेता के रुप में यहूदी और ईसाई फंडामेंटलिस्टों और उनके गिरोहों-बुद्धिजीवियों की मदद ली गई। लेकिन आज तक वे इराक़ में जन-संहारक अस्त्र खोजने में असफल रहे। लेकिन इस झूठ के अस्त्र से इराक तबाह कर दिया गया। इजराइल के द्वारा अभी तक कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया है हमास ने हमला कैसे? कहां से? और किस तरह युद्धास्त्र जुगाड़ करके किया?

> इन दिनों युद्ध और राजनीति में झूठ सबसे बड़ा अस्त्र है। अमेरिका–इजराइल झूठ के प्रचार अभियान को संगठित करने में माहिर हैं। याद करें वह क्षण जब अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने सुरक्षा परिषद में इराक के पास जन–संहारक अस्त्र हैं, यह सफ़ेद झूठ बोला था, सारी दुनिया को मीडिया के ज़रिए मनवा लिया गया कि इराक के पास जन–संहारक अस्त्र हैं। यह भी कहा गया कि अमेरिका के पास ठोस जासूसी सूचनाएं और उनके आधार पर उसने यह राय बनाई है। इस झूठ के विक्रेता के रुप में यहूदी और ईसाई फंडामेंटलिस्टों और उनके गिरोहों–बुद्धिजीवियों की मदद ली गई। लेकिन आज तक वे इराक़ में जन–संहारक अस्त्र खोजने में असफल रहे। लेकिन इस झूठ के अस्त्र से इराक तबाह कर दिया गया। इजराइल के द्वारा अभी तक कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया है हमास ने हमला कैसे? कहां से? और किस तरह युद्धास्त्र जुगाड़ करके किया?

7 अक्टूबर से आज तक इजराइल ने गाजा पट्टी पर अंधाधुंध बमबारी करके अकल्पनीय मानवीय तबाही मचाई है। लेकिन वे सामान्य सी बात नहीं बता पाए कि हमास के पास हथियार कैसे आए और हमला कहां से किया गया? इजराइल लगातार ईरान, फ़िलिस्तीन और हमास के ख़िलाफ़ झूठ का प्रचार करता रहा है। इस प्रचार अभियान में ईसाई और यहूदी गैंग सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। तथ्य गवाह हैं कि विगत 75 साल में इजराइल ने फिलीस्तीनियों के ख़िलाफ़ बर्बर और जनसंहारक कार्रवाईयां की हैं। इनमें हज़ारों फ़िलिस्तीनियों की हत्या की गई और लाखों को शरणार्थी जीवन जीने के लिए मजबूर किया है।

विगत 7 अक्टूबर 2023 से शुरु किया हमास का 'अल-अक्सा फ्लड ऑपरेशन' विश्व मीडिया के प्रौपेगैंडा का सबसे बड़ा अस्त्र है। इसका लक्ष्य है इजराइल की बर्बरता-नृशंसता को वैधता प्रदान करना। मीडिया ने इस ऑपरेशन के बारे में बड़े ही नाटकीय और हाहाकार मचाने वाली शैली में यह दर्शाने की कोशिश की है कि इजराइल पीड़ित है, निर्दोष है। सभ्य है। इस फ़्रेमवर्क में धड़ाधड़ मीडिया सामग्री परोसी जा रही है। यह प्रचार बुनियादी तौर पर गलत है।

असल में पीड़ित तो फिलीस्तीनी हैं। वे विगत 75सालों से इजराइली बर्बरता और कई जनसंहार के शिकार हुए हैं। इजराइल सभ्य राष्ट्र नहीं है। मीडिया के विभिन्न घरानों के फ़ुटेज जहां नरेटिव में इजराइली कहानी बता रहे हैं वहीं साथ ही फिलीस्तीनियों का नष्ट संसार भी दर्शा रहे हैं। बार-बार यह बात सामने आ रही है कि गाजा पट्टी में नागरिकों और रिहायशी बस्तियों पर बमबारी हो रही है। इसके साथ ही मीडिया के ज़रिए राजनीतिक ध्रुवीकरण और डिस-इनफॉर्मेशन अभियान भी चल रहा है। लेकिन इस युद्ध की क़ीमत किसे देनी पड़ रही है। युद्ध की क़ीमत फिलीस्तीन की जनता को देनी पड़ रही है।

फिलीस्तीन को लेकर हमारी जो विदेश नीति रही है। उसमें द्वि-राष्ट्र का सिद्धांत केन्द्र में रहा है। इसके अनुसार इजराइल और फिलीस्तीन दो राष्ट्र हैं। हमास इसे नहीं मानता। हमास तो फिलीस्तीन और इजराइल को मिलाकर विशाल इस्लामिक राष्ट्र बनाने की वकालत करता रहा है। भारत ने कभी इस धारणा को समर्थन नहीं दिया। दूसरी ओर अमेरिका-इजराइल नियंत्रित मीडिया कवरेज की विशेषता यह है उसमें जितने फ़ुटेज पत्रकारों के डिस्पैच के साथ आए हैं उनमें इजराइल के प्रति सहानुभूति पैदा करने की कोशिश की गई है। जबकि हक़ीक़त में इजराइल सहानुभूति का हक़दार नहीं है। इजराइल के प्रति मीडियाजनित सहानुभूति को इजराइल के यहूदी कट्टरपंथी शासक अपने हितों की रक्षा के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

इजराइल पंथी जेहादी लोग हमास के बारे में वही सवाल कर रहे हैं जो बहुराष्ट्रीय मीडिया कंपनियों ने रटा दिए हैं, या फिर शस्त्र उद्योग के मालिकों ने तय किए हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या हमास का समर्थन करते हो? यह सवाल ही ग़लत है। सवाल यह होना चाहिए कि क्या फिलीस्तीन जनता का समर्थन करते हो?

फिलीस्तीन जनता एक ओर इजराइल के जुल्म की शिकार है वहीं दूसरी ओर गाजा पट्टी में हमास के चरमपंथ की क़ैद में है। फिलीस्तीनी जनता लोकतंत्र-धर्मनिरपेक्ष फिलीस्तीन राष्ट्र चाहती है। हमास उसकी पसंद नहीं है बल्कि हमास तो इजराइल-अमेरिका की सृष्टि है। हमास को फिलीस्तीन संघर्ष ने पैदा नहीं किया बल्कि हमास का जन्म फिलीस्तीन मुक्ति संघर्ष को नष्ट करने के लिए हुआ था। आज फिलीस्तीन की जनता दोनों ओर से परेशान और उत्पीड़ित है एक ओर चरमपंथी हैं दूसरी ओर इजराइल की फ़ासिस्ट सरकार है।

## प्रसंगवश

# भारतीय गौरवगान के ध्वजवाहक का जाना



डॉ. संजीव मिश्र
कानपुर

रतन टाटा महज उद्यमी नहीं थे। वे दुनिया में भारतीय उद्यमिता और समग्र भारतीय गौरवगान के ध्वजवाहक थे। देश की पहली अपनी कार बनाने, बिना सरकारी मदद के पहला सुपर कंप्यूटर बनाकर दुनिया में छा जाने से लेकर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी खरीदने जैसे गर्व के पल देने वाले रतन टाटा के निधन से भारतीय मेधा की अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने टाटा समूह की श्रेष्ठ परंपराओं का अनुपालन करते हुए दुनिया में स्वाभिमान के साथ भारतीय उद्यमिता का परचम लहराया। वे आम आदमी की चिंताओं को समझने वाले उद्यमी थे। 1995 में रतन टाटा टाटा समूह और टाटा मोटर्स के अध्यक्ष थे और उन्होंने एक पूर्ण भारतीय कार 'इंडिका' बनाने का एलान कर दिया। वस्तुतः इस कार का नाम, इंडिका, देश के प्रति गर्व की अनुभूति करने वाला था। 'इंडिका' को चमकदार डिजाइन के साथ भारतीय परिवारों के लिए पर्याप्त स्थान सृजित करने की रतन टाटा की चुनौती का सामना भी करना था और इसमें सफलता भी मिली। टाटा इंडिका का उत्पादन शुरू हुआ तो रतन टाटा स्वयं उस पर नज़र रख रहे थे। जबर्दस्त मांग के साथ 1998 में 'इंडिका' बाजार में उतरते ही छा तो गई किंतु कई समस्याएं भी सामने आईं। इनसे निपटने के लिए एक बार फिर रतन टाटा सामने आए और तत्काल आवश्यक सुधारों के कंपनी के प्रयासों को अपनी देखरेख में मूर्त रूप दिया। उनकी मेहनत सफल हुई और पुरानी इंडिका की सभी समस्याओं का समाधान कर वर्ष 2001 में एक नई, मजबूत इंडिका सामने आई। अब 'हर कार में कुछ ज्यादा और 18 महीने से भी कम समय में एक लाख कारें बेचकर यह भारतीय इतिहास में सबसे तेज बिकने वाली कार बन गई थी। विख्यात लेखक हरीश भट की किताब टाटा स्टोरीज़ में रतन टाटा ने कहा था, 'मेरी मजबूत धारणा थी कि हमारे इंजीनियर अंतरिक्ष में उपग्रह भेज सकते हैं, तो अपनी कार भी बना सकते हैं। ...और जब हमने यह चुनौती स्वीकार की, हम बाहर निकले और जहां से भी जरूरी लगा, विशेषज्ञता अर्जित की। इस कार में जो भी था, हमारा था। इस कारण मेरे लिए इंडिका एक राष्ट्रीय उपलब्धि का महत्वपूर्ण पल भी बनी।'

रतन टाटा देशभक्ति के इसी भाव के साथ हर कदम पर आगे बढ़े। इक्कीसवीं सदी को भारत की सदी बताए जाने के बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से 2007 तक, भारत के पास आईबीएम द्वारा विकसित डीप ब्ल्यू जैसा सुपर कंप्यूटर नहीं था, जिसने विश्व शतरंज चैंपियन गैरी कास्पोरोव को पराजित कर दिया था। यह शतरंज के बोर्ड पर संभावित 20 करोड़ स्थितियों का आंकलन एक सेकंड में कर सकता था। कुछ वर्ष बाद एक बार फिर आईबीएम द्वारा बनाए गए सुपर कंप्यूटर वाट्सन ने मनुष्यों के खिलाफ कठिन मुकाबले जीतने भी शुरू कर दिए। 1991 में बना भारत का पहला सुपर कंप्यूटर परम इस क्षेत्र के शीर्ष का हिस्सा कभी नहीं बन सका। रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने अब अपना, सबसे सशक्त सुपर कंप्यूटर बनाने की ठान ली थी। तय हुआ कि सुपर कंप्यूटर बनाया जाएगा और उसका नाम होगा 'एका', संस्कृत में जिसका अर्थ है, एक। यह नाम पहले स्थान पर रहने की इच्छाशक्ति का द्योतक था। संस्कृत शब्द के चयन के पीछे इस परियोजना में छिपा राष्ट्रीय गौरव का भाव मूल कारण था। समय के साथ यह सुपर कंप्यूटर 'एका' बनकर तैयार हुआ और 6 नवंबर 2007 में दुनिया भर के सुपर कंप्यूटर्स की रैंकिंग में चौथे स्थान से 'एका' ने एंट्री मारी। दुनिया की शीर्ष कंपनियों को खरीदकर भारतीय उद्यमिता का परचम लहराने के लिए भी रतन टाटा याद किए जाएंगे। चाय भले ही हर भारतीय की आत्मा में बसती हो, किंतु दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी खरीद कर रतन टाटा ने पूरी दुनिया में डंका बजाया था। दरअसल टाटा समूह ने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े टी बैग उत्पादक टेटली टी को खरीदने की पहली कोशिश 1990 में की थी और 1995 में तो टाटा समूह की एक शीर्ष टीम अधिग्रहण को मूर्त रूप देने लंदन भी पहुंच गई थी, किंतु तब बात नहीं बनी। रतन टाटा के नेतृत्व का ही करिश्मा था कि अंततः 2000 में यह चाय कंपनी टाटा की हुई और 27.1 करोड़ ब्रिटिश पौंड में हुआ टेटली टी को खरीदने का सौदा दुनिया भर के अखबारों की सुर्खियां बना। यह भारतीय कारपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण था। टाटा समूह ने एक बार फिर इतिहास गढ़ा था।

# सतत ऊर्जा का खजाना है जैव ईंधन



सीमा अग्रवाल
देहरादून

> ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं।

जैव ईंधन ऐसे नवीकरणीय ऊर्जा भंडार है जो जैविक सामग्री जैसे कृषि फसलें, अवशेष, पशु वसा और कचरे से उत्पन्न होते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि ऐसे तो बायोफ्यूल कई श्रेणियों में मिलते है लेकिन एथनॉल जिसका उत्पादन गन्ना, मक्का या अन्य स्टार्चयुक्त फसलों से किया जाता है और बायोडीजल जिसको पशुवसा, वनस्पति तेलों या शैवालो से बनाया जाता है सबसे आम जैव ईंधन है। पिछले कुछ वर्षों में इनका उत्पादन और उपयोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ा है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा फोरम के आंकड़े बताते है कि वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर जैव ईंधन की मांग 200 बिलियन लीटर तक हो जाएगी।

रिसर्च से ज्ञात हुआ है कि जैव ईंधन को पारंपरिक जीवाश्म ईंधन जैसे पेट्रोल और डीजल के साथ मिलाकर प्रयोग करने से कार्बन उत्सर्जन कम होता है जो बढ़ते वैश्विक तापन और जलवायु परिवर्तन को रोकने का अच्छा साधन है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति बनाई जिसमे वर्ष 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (ब्लेंडिंग) का और डीजल में वर्ष 2030 तक 5 प्रतिशत बॉयोडीजल मिश्रण का लक्ष्य रखा। सरकार का अनुमान है कि इससे जीवाश्म ईंधन का आयात कम होगा और विदेशी मुद्रा कोष का संचय भी किया जा सकेगा। वर्ष 2013-14 में भारत 38 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को करता था जो वर्ष 2023 तक आते आते 13 गुना बढ़ गया और वर्ष 2022-23 में भारत ने 502 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति तेल कंपनियों को की जिससे तेल के आयात पर होने वाले लगभग 24300 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकी।

फरवरी 2024 में अंतराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इलेक्ट्रिसिटी 2025 नाम से एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमे कहा गया कि वर्ष 2023 तक भारत की बिजली की मांग सात प्रतिशतबढ़ चुकी है और अभी आगे इसी तरह से बढ़ते हुए वर्ष 2026 तक चीन को पार करके आगे निकल जाएगी। ऐसी स्थिति में ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं। जानकारों का मत है कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश और पर्यावरण के प्रति चिंतित देश के लिए जैव ईंधन प्रयोग के कई लाभ होगें पहला तो बायो फ्यूल ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम कर देगा। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा किये गए एक अध्ययन से पता चला है कि बायोफ्यूल पारंपरिक जीवश्म ईधनों की तुलना में ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को 90 प्रतिशत तक कम कर सकते है।

उदाहरण के लिए बायोडीजल पेट्रोलियम डीजल की तुलना में लगभग 78 प्रतिशत कम कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जित करता है जबकि एथेनॉल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को 40-50 प्रतिशत तक कम कर सकता है। कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में निरंतर गिरावट होने से भारत वर्ष 2070 तक अपने नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर सकेगा।

गौरतलब है कि जैव ईंधन प्रयोग से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी और सरकार को किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य को पूरा करने में सफलता मिलेगी। बायोफ्यूल के इस्तेमाल से वनरोपण में इजाफा होगा और सतत कृषि करने की शुरुवात होगी जिससे जैव विविधता का संरक्षण होगा और तेजी से हो रहा प्रजातियों का विलुप्तीकरण रुकेगा।

जैव ईंधन के प्रयोग से वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी रिसर्च बताती है कि जैव ईंधन के दहन से सल्फर डाई ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मेटर आदि प्रदूषकों का उत्सर्जन बहुत कम होता है इससे शहरी क्षेत्रों की वायु गुणवत्ता सुधारी जा सकती है।

जैव ईंधन के प्रयोग में तमाम चुनौतियों को देखते हुए विश्व की सभी सरकारें अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर इन चुनौतियों से लड़ने को नई नीतियों, संगठनों और कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है इनमे वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जी.बी.ए) उल्लेखनीय है जिसे भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान अक्टूबर 2003 में बनाया गया। यह गठबंधन अमेरिका, ब्राजील और भारत जैसे प्रमुख जैव ईंधन उत्पादक एवं उपभोक्ता देशों को एक साथ लाया है तथा 19 देश और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठन जी.बी.ए में शामिल होने की सहमति जता चुके हैं। अब देखना यह होगा कि भारत की अध्यक्षता में बना यह संगठन जैव ईंधन उत्पादन एवम विकास में आने वाली तमाम चुनोतियों को हल करके बायो फ्यूल को सतत ऊर्जा का खजाना बना पाएगा या नहीं।

## सोशल फोरम

# जीवन यापन की व्यवस्था



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

हमारे देश में जीवनयापन की तीन व्यवस्था उपलब्ध है-संयुक्त परिवार, एकल परिवार तथा एकाकी जीवन। संयुक्त परिवार जीवनयापन की अत्यंत सुरक्षित और सुविचारित व्यवस्था है, नुकसान कम-फायदे अधिक। जबकि एकल परिवार में रहना चुनौतीपूर्ण होता है, बेशक जिम्मेदारियां कम रहती हैं लेकिन संकट आने पर सहारे भी कम हो जाते हैं। वहीं पर एकाकी जीवन वह विकल्प है जिसमें मनुष्य अपनी शैली में जीता है, जो चाहता है- करता है और जो नहीं चाहता उसे न करने के लिए स्वतंत्र रहता है। यह शैली पारिवारिक दायित्वों से मुक्त रहती है और अक्सर सामाजिक दायित्वों से जुड़ती है। मुझे 37 वर्षों तक संयुक्त परिवार में रहने का अवसर मिला, उसके पश्चात अब तक एकल परिवार में हूं। मैंने संयुक्त परिवार में अपने जीवन का सर्वाधिक समय बिताया जिसमें मुझे निम्न कमियां नज़र आईं-मनुष्य को अपनी क्षमता और प्रतिभा को विकसित करने के अवसर कम मिलते हैं। जो भी उम्र में बड़ा होता है वह अपने निर्णय को लागू करवाने के लिए प्राधिकृत होता है, कम उम्र वालों की बात नहीं सुनी/मानी जाती। जिसके हाथ में परिवार का आर्थिक नियंत्रण रहता है वह अप्रत्यक्ष रूप से 'अपने एकल परिवार' की व्यवस्था बनाता है और संयुक्त परिवार के अन्य सदस्यों के हितों की उपेक्षा करता है।

जीवनयापन करना कोई कठिन बात नहीं है, जिसने पेट दिया है- वह उसे भरेगा भी! कोई भी मनुष्य जीवन को यूं ही नहीं जीना चाहता। सबके अलग-अलग सपने होते हैं, लक्ष्य होते हैं, अभिलाषाएं होती हैं जिन्हें हासिल करने के लिए वह कोशिश करना चाहता है- हासिल हो, न हो! मैं परिवार से मिल-जुल कर जीना चाहता था जिसमें मेरी खुशियां भी साथ में रहना और जीना चाहती थी। अंततः समझ में यह आया कि यदि अपनी मस्ती में जीना चाहते हो, स्वतंत्र होकर रहना चाहते हो तो संयुक्त परिवार आपके लिए सही 'प्लेटफार्म' नहीं है, उससे अलग हो जाना चाहिए। अगर सार्वजनिक जीवन जीना चाहते है तो 'परिवार व्यवस्था' से ही दूर हो जाना चाहिए जैसा साधु-संन्यासी या सेवाभावी करते हैं।

–फेसबुक वॉल से

# भाषा-बोली के बारे में



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

'हरि अनंत हरि कथा अनंता' की भांति भाषा-बोली की कथाएं भी अनंत है। 'कोस-कोस पर पानी बदलेः चार कोस पर बानी', वाले भारत में तो इनकी कथाएं अनंत से भी अधिक हैं। जैसे कुदरत के खेल निराले होते हैं, वैसे ही भाषा के बोल निराले होते हैं। किसी भी भाषा या बोली के किसी शब्द विशेष की विचिकित्सा एवं विश्लेषण में बुद्धि भी प्रखर बनती है और अनिर्वचनीय आनंद की भी प्राप्ति होती है।

हमें ज्ञान प्रदान कराने वाली सभी भाषाएं शिशुओं को स्तनपान कराने वाली माताओं के समान हैं। हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए, भले ही वह हमारे वैचारिक या सांस्कृतिक विरोधी की ही भाषा क्यों न हो।

हर भाषा के शब्दों में यत्किंचित विलक्षणता पाई जाती है। हम हिंदी के 'राम' शब्द को ही लें। 'र' और 'म' मात्र दो अक्षरों से बनने वाले, 'राम' शब्द का उपयोग ईश्वर के नाम या भगवान के पर्यायवाची, 'राम' के रूप में हो, संबोधन-अभिवादन के अर्थ में, 'राम-राम' के रूप में हो, संसार की नश्वरतासूचक अंतिम उद्बोधनस्वरूप, 'राम नाम सत्य' नामक उद्घोष के रूप में हो, 'रमता जोगी' की कहावत के रूप में हो, अथवा 'रमा' के रूप में हो, हर रूप में रम्य है। यह शब्द की रम्यता-कम्यता किसी भी भाषा के समान ध्वनि सूचक शब्द से नहीं की जा सकती। इसी प्रकार अन्य भाषाओं में अनेक ऐसे शब्द हो सकते हैं, जिनकी विलक्षणताएं दूसरी भाषाओं के उसी ध्वनि-साम्य के शब्दों में नहीं खोजी जा सकती। उदाहरण के लिए, उर्दू के शब्द, 'चाहिए' को देखना चाहिए। 'चाहिए' शब्द 'चाह', जिसे हिंदी में,' इच्छा' 'आकांक्षा' या फिर 'आवश्यकता' और इंग्लिश में 'वान्ट' 'लांग' या फिर 'नीड' कह सकते हैं, से बना है। जब हम कहते हैं, 'आपको कार्यक्रम में जाना चाहिए', तो इसका भावार्थ यह होता है, कि लोग चाहते हैं कि उस कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति हो, वहां आपका पहुंचना लोगों की चाहत है, आपका वहां पहुंचना लोगों को अच्छा लगेगा, जब तक आप नहीं पहुंचेंगे कार्यक्रम में कमी बनी रहेगी तथा कार्यक्रम मंश या कार्यक्रम को आपकी जरूरत है इत्यादि-इत्यादि। 'चाहिए' के आकर्षण के कारण ही इसे हिंदी वाले भी अपना कंठहार बनाए हुए हैं। यह शब्द हिंदी में इतना घुल-मिल गया है, कि इस अकेले शब्द को हिंदी-प्रयोग से निकाल दिया जाए, तो हिंदी का संपूर्ण कार्य-निष्पादन अपूरणीय क्षति तक बाधित हो जाएगा। इसी प्रकार उर्दू का ही शब्द, 'हालांकि' है। इसे हिंदी में 'यद्यपि' तथा इंग्लिश में 'आलदो' कहते हैं, पर जितनी आनंददायक विलक्षणता 'हालांकि' में है,उतनी अन्य किसी में नहीं है। हालांकि 'आलदो' की तुलना में 'यद्यपि' (यदि+अपि) भी अधिक विलक्षण है। 'हालांकि' में समाहित भावगत विलक्षणता को देखिए- यह शब्द एक अक्षर वाले, 'हां', 'ला' तथा 'कि' शब्दों से बना है। इन तीनों ही एकाक्षर शब्दों के भिन्न-भिन्न विलक्षण अर्थ हैं। 'हां' सकारात्मकता तथा 'ला' नकारात्मकता सूचक है। (उर्दू में 'ना' के लिए,'ला' शब्द आता है। लामकां, लापता इत्यादि) और 'कि' शब्द से बात शुरू की जाती है। वार्तालाप में 'हालांकि' शब्द का प्रयोग (भी) उस विचित्र स्थिति में किया जाता है, जब बात को कहने की जरूरत होती है, पर कहते हुए बनता भी नहीं है और अंततः बात को 'कि' से शुरू भी करना पड़ता है।

# सूचना के अधिकार का प्रचार-प्रसार



डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी
हल्द्वानी

सूचना अधिकार अधिनियम को लागू हुई इसी माह में 19 वर्ष हो चुके हैं, जिसके माध्यम से आम जनता को सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभागों से आवश्यक जानकारियां, जनहित की जानकारियां एवं भ्रष्टाचार को उजागर करने में महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती रही हैं। सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के माध्यम से तमाम आरटीआई कार्यकर्ताओं ने जहां जनहित के मुद्दे उठाकर एवं विभागों से अलग-अलग तरीके के भ्रष्टाचार की पोल खोली है, वहीं दुर्भाग्य से कुछ हमारे आरटीआई कार्यकर्ता सूचना अधिकार के माध्यम से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से ब्लैकमेलिंग करते हुए गैरकानूनी आमदनी भी कर रहे हैं, जिसे किसी भी दिशा में उचित एवं स्वीकार योग्य नहीं कहा जा सकता।

हाल में ही उत्तराखंड के राज्यपाल द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं अपील अधिकारियों को राजभवन में सम्मानित किया गया। जनहित के मामले उठाने वाले, आरटीआई कार्यकर्ताओं को सम्मानित किए जाने से चाहिए जहां एक ओर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा वहीं दूसरी ओर ईमानदार कार्यकर्ता जोर-शोर से जनहित के मामले उजागर करने में अपनी सक्रियता दिखाएंगे।

आज आवश्यकता इस बात है कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के पाठ्यक्रम में सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की विषय वस्तु को शामिल किया जाए। युवाओं को इसके बारे में जानकारी दी जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 ,जिस उद्देश्य के लिए लागू किया गया, धरातल पर वह अपने उद्देश्यों और अपने दायित्व के प्रति सफल साबित हो सके। हम सब जानते हैं कि सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है, इससे जवाब देय और जिम्मेवार व ईमानदार शासन प्रशासन की स्थापना होती है। तमाम सरकारी अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी के साथ जहां कार्य करते हैं, वहीं सरकारी कागजों पपत्रों का रखरखाव भी व्यवस्थित तरीके से संपन्न होता है। जरूरी है कि सूचना अधिकार का प्रचार/प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष वरीयता के साथ किया जाए।

# धन कमाने का नहीं, समाज सेवा का जरिया है पत्रकारिता

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने राजधानी के 23 चिकित्सकों को अमृत विचार यूपी कॉन अवार्ड 2024 से किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिकित्सकों को सम्मानित करने आये प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि 'अमृत विचार' शुरू से ही जन-जन की आवाज सरकार तक पहुंचाने के काम में अपनी महती भूमिका निभाता रहा है। एक ओर यह समाचार पत्र सरकार तक जनता की समस्याएं पहुंचा रहा है तो दूसरी ओर सरकार की नीतियों को भी जनमानस तक पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता धन कमाने का नहीं समाजसेवा का जरिया है और अमृत विचार पत्रकारिता को एक मिशन के अंदाज में करता दिखाई दे रहा है।




सम्मान का क्रम शुरू हुआ तो अमृत विचार के समूह सम्पादक शंभू दयाल वाजपेयी ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को राम मंदिर का मॉडल भेंट किया। उन्होंने मॉडल को माथे लगाया और ऐसे आयोजन में बुलाए जाने पर संस्थान का आभार जताया। इस मौके पर डॉ. विभोर महेन्द्रू, डॉ. सुभाष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. वीरेन्द्र यादव, डॉ. ब्रज भूषण वर्मा, डॉ. आर एन वर्मा, डॉ. अहिताश्मुल राशिद, डॉ. सुनील रावत, डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. अजमत अली, डॉ. हिमाली झा, डॉ. जाहिद खान, डॉ. गौरव, डॉ. सुशील यादव,, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. गंगा राम यादव, डॉ. विक्रांत सिंह, डॉ. सुमित सामंत, डॉ. अनुराग दीक्षित, डॉ. संजीव अवस्थी, डॉ. सैय्यद नाजिम अली, समता बाफिला, डॉ. अजय कुमार सिंह, रोहित मेहरोत्रा, पंकज श्रीवास्तव, शरद सिंह, रिषभ श्रीवास्तव, अटल प्रताप सिंह, रिजवान अली, अमित श्रीवास्तव, वीर विक्रम चौहान, सचिन यादव, अमन गुप्ता, मुकेश शुक्ला और हर्षित श्रीवास्तव को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

समारोह में उपस्थित लोगों ने सम्मानित होने वाले चिकित्सकों को बधाई दी और कहा कि अमृत विचार ने उन्हें प्रोत्साहित किया है। वहीं सम्मानित होने वाले चिकित्सकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों को मनोबल बढ़ता है। साथ ही उन्हें और भी बेहतर सेवाएं प्रदान करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके बाद श्वेता सिंह और पवन कुमार ने सरस्वती वंदना पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत किया। चिकित्सकों ने कार्यक्रम की सराहना की।इस मौके पर लखनऊ के कार्यकारी संपादक अनिल त्रिगुणायत, महाप्रबंधक त्रिनाथ शुक्ला के अलावा अमृत विचार परिवार के अजय दयाल, डीपी शुक्ला, धीरेंद्र सिंह, पदमाकर पांडेय, नीरज मिश्र, विकास तिवारी, आरपी सिंह आदि मौजूद रहे।



लखनऊ के गोमतीनगर में आयोजित समारोह में अमृत विचार यूपी कॉन अवार्ड से सम्मानित चिकित्सकों के साथ विधायक नीरज बोरा। अमृत विचार


दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरुआत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। साथ में हैं समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी।


डॉ. रिजवान को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।



अमृत विचार अखबार पढ़ते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।


अमृत विचार यूपी कॉन 2024 समारोह में उपस्थित अतिथि।


उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट करते अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी।



समारोह को संबोधित करते विधायक डा. नीरज बोरा।

## बेड न हो तो स्ट्रेचर पर ही प्राण बचानें में जुट जाता है चिकित्सक : डॉ. नीरज बोरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि मैं पिछले 34 साल से सार्वजनिक जीवन में हूं लेकिन उससे भी पहले मैं चिकित्सक हूं। मुझे इस कार्यक्रम में निमंत्रित किया गया तो मेरे पहले से दूसरे कार्यक्रम लगे थे लेकिन मैं फिर भी यहां आया क्योंकि पहली बार किसी अखबार ने हमारे पेशे से जुड़े लोगों को सम्मानित करने का फैसला किया।

नीरज बोरा ने कहा कि चिकित्सक के परिश्रम को समझना बहुत जरूरी है। 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश की राजधानी के अस्पतालों में जितने मरीज आते हैं उतने बेड अस्पतालों के पास नहीं हैं। लेकिन इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं होती है। अक्सर स्ट्रेचर पर ही मरीजों का उपचार होते दर्शाया जाता है। अखबारों में पढ़ने को मिलता है कि मरीज को बेड नहीं मिला। मरीज को स्ट्रेचर पर ही अपना इलाज कराना पड़ा, जबकि इस बात को सकारात्मक रूप से लिखा जाना चाहिए। बेड खाली नहीं था तो भी चिकित्सक ने उसके इलाज में देरी नहीं की। मरीज के अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर मरीज के प्राण बचाने में जुट जाता है और उसे तत्काल इलाज मिलना शुरू हो गया।

## हिंदी अखबारों पर ध्यान दे सरकार तो नए सोपान गढ़ेगी पत्रकारिता : शंभू दयाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने अमृत विचार की यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि पांच साल पहले बरेली से अमृत विचार ने अपना सफ़र शुरू किया था लेकिन कोरोना काल में जब दूसरे अखबारों में छंटनी चल रही थी, उस दौर में हम अच्छे लोगों को अपने साथ जोड़ रहे थे। अखबार ने तेजी से रफ़्तार पकड़ी। आज उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में हमारे 6 एडीशन हैं और दोनों प्रदेशों में यह समाचारपत्र तेजी से आगे बढ़ते हुए अपने सकारात्मक विचारों को जनता तक पहुंचा रहा है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकार पर हमारा विशेष फोकस रहता है लेकिन सच यह भी है कि अखबार रोजगार भी देता है। इसलिए आज मैं उनसे यह भी कहना चाहता हूं कि अगर सरकार हिन्दी अखबारों की स्थितियों पर ध्यान दे दे तो हिन्दी पत्रकारिता निश्चित तौर पर नए सोपान गढ़ेगी और समाचार पत्रों का बहुत भला होगा। उन्होंने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की व्यस्ततम दिनचर्या से सभी को सीख लेने की सलाह भी दी। उनका समय प्रबंधन लोगों को प्रेरित करने वाला है।


समारोह में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। सभी फोटो :प्रमोद कुमार

शासन-सत्ता

**बहराइच में बवाल**


# तोड़फोड़ और आगजनी के बीच उपद्रवियों को खदेड़ती रही पुलिस

## पांच घंटे तक चला उपद्रव, चपेट में आए कई इलाके, जिले में हाई अलर्ट, प्रमुख स्थानों पर पुलिस तैनात

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच

**अमृत विचार :** बहराइच के महाराजगंज कस्बे में सोमवार की सुबह शुरू हुई हिंसा की चपेट में बेड़नापुर, भगवानपुर, रमपुरवा बाजार, गौरीशंकरपुरवा समेत कई इलाके आ गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पांच घंटे तक उपद्रव किया। राहगीरों को भी नहीं बख्शा, उनकी पिटाई कर दी। उपद्रवी तोड़फोड़ और आगजनी करते रहे और पुलिस लाठी भांजकर उन्हें खदेड़ती रही। इस दौरान इलाकाई लोग घरों में कैद रहे।

महाराजगंज हिंसा के बाद पूरे बहराइच जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। प्रमुख स्थानों पर पुलिस व पीएसी के जवान तैनात कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने अपील की है कि लोग संयम बरतें, कोई समस्या नहीं है। छोटी छोटी बात को लेकर कोई विवाद न करें। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि बाबागंज, नानपारा, रूपईडीहा, मोतीपुर में भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। फोर्स लगातार गश्त कर रही है। पीएसी भी तैनात की गई है।


महाराजगंज में उपद्रव के बाद पीएसी के साथ मार्च करती पुलिस।


महाराजगंज में उपद्रवियों द्वारा फूंकी गई बाइक।


महाराजगंज में उपद्रवियों द्वारा लगाई आग बुझाता दमकलकर्मी।


उपद्रव के दौरान आरोपी को दबोचते पुलिसकर्मी।


हिंसा पर नियंत्रण की रणनीति बनातीं डीएम और एसपी।

### छत पर भगवा लहराने के 25 मिनट बाद हुई हत्या

**अमृत विचार, लखनऊ/बहराइच :** महसी तहसील इलाके के महाराजगंज बाजार में एक संप्रदाय से जुड़े व्यक्ति की छत पर धार्मिक झंडा लगा था। उसे रामगोपाल ने हटाया और भगवा झंडा लगा दिया। नारेबाजी भी की। स्थानीय लोगों के मुताबिक भगवा झंडा लगाने के 25 मिनट बाद ही रामगोपाल की हत्या कर दी गई। भगवा झंडा फहराने से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस तरह के वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो की जांच करवाई जायेगी। इसके बाद ही घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

**वीडियो हुआ वायरल जांच कर रही पुलिस**


वायरल वीडियो का अंश।

**मौके से भाग गए एसडीएम, नहीं दी गाड़ी**

रामगोपाल को अस्पताल ले जाने के लिए लोगों ने जब एसडीएम से गुहार लगाई तो वह भाग गए। बाइक से किसी तरह से रामगोपाल को अस्पताल ले जाना पड़ा। एसडीएम की इस हरकत से परिजन आक्रोशित हैं। चचेरे भाई ने बताया कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही से वारदात हुई। रामगोपाल को अस्पताल पहुंचाने के लिए एसडीएम से मदद मांगी गई तो उन्होंने अपनी गाड़ी देने से मना कर दिया। वहां से भाग गए। परिजन ने कहा कि अगर एसडीएम अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचा देते तो शायद जान बच जाती। सोमवार को जब एसडीएम गांव पहुंचे तो आक्रोशित लोगों ने खदेड़ दिया।

### महाराजगंज में डटे मंडल-प्रदेश स्तर के अधिकारी

महाराजगजं में ही जिले, मंडल और प्रदेश के अधिकारियों ने कैंप कर दिया है। सोमवार दोपहर तीन बजे तक बवाल चलता रहा। उपद्रव पर नियंत्रण के लिए एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश , आईजी केएस प्रताप सिंह, डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह, मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील, डीएम मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, एसडीएम, सीओ महसी, बस्ती सीओ मौजूद रहे।

### एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने शुरू की पुलिस लाइन में बैठक

महाराजगंज कस्बे में जुए उपद्रव के संबंध में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश और सचिव गृह संजीव गुप्ता ने जिले और मंडल के अधिकारियों के साथ सोमवार शाम को पुलिस लाइन में बैठक शुरू कर दी है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर रामानंद कुशवाहा, जिले के पुलिस क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।

### हिंसा में 12 घायल, अधिक लोगों के चोटिल होने की आशंका

हिंसा में घायल हुए सुधाकर तिवारी (45), सत्यवान (40), अखिलेश वाजपेयी (55) विनोद मिश्रा (60), लाल विश्वकर्मा (55) समेत 12 से अधिक लोग घायल हो गए। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनुमान जताया जा रहा है कि घायलों की संख्या इससे कहीं अधिक है। ज्यादातर का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### बाबागंज में पुलिस ने जुलूस रोका, लोगों में नाराजगी

**अमृत विचार, बाबागंज :** बाबागंज में हिंदू समाज के लोगों द्वारा निकाले गए जुलूस को चौकी इंचार्ज और रूपईडीहा थाने की पुलिस ने रोक दिया। इससे लोगों में नाराजगी दिखी। हालांकि प्रत्यक्ष रूप से किसी ने विरोध नहीं जताया।

# पांच घंटे तक तहसील मुख्यालय पर शव रखकर प्रदर्शन-हंगामा

## आरोपियों को फांसी और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की कर रहे थे मांग | विधायक ने मुख्यमंत्री योगी से कराई बात, उनके आश्वासन पर दोपहर दो बजे हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता, बहराइच/लखनऊ

**अमृत विचार :** विसर्जन यात्रा के दौरान हुए बवाल के दौरान रेहुआ मंसूर गांव के रामगोपाल मिश्रा की मौत के बाद उसका शव लेकर परिजन और ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय महसी पर सुबह से दोपहर तक करीब पांच घंटे प्रदर्शन किया। वे आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने और उनके मकान पर बुल्डोजर चलाने की मांग कर रहे थे। स्थानीय भाजपा विधायक द्वारा फोन पर कराई गई बातचीत में मुख्यमंत्री योगी के आश्वासन पर ही वे शांत हुए और दोपहर बाद दो बजे अंतिम संस्कार हुआ। मुखाग्नि बड़े भाई ने दी।

रेहुआ मंसूर गांव की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस निकलने के दौरान महसी के महाराजगंज बाजार में हुए बवाल के दौरान हुई मौत के बाद रविवार देर रात रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सुबह 7.30 बजे शव घर पहुंचा। इसके बाद हजारों की भीड़ शव लेकर तहसील मुख्यालय महसी पहुंच गई। यहां पर सभी ने शव रखकर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को बुलवाने, आरोपियों के विरुद्ध बुलडोजर की कार्यवाई करने और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। दोपहर तक प्रदर्शन चलता रहा।

भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर वार्ता कर मांग के बारे में बताया। विधायक ने सभी मांग पूरी होने की बात परिवार के लोगों से कहीं। डीएम मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने भी परिवार के लोगों को आश्वासन दिया। इसके बाद शांत हुए ग्रामीण दोपहर 12.30 बजे शव लेकर गांव पहुंचे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर दो बजे शव का अंतिम संस्कार हुआ। बड़े भाई हरि मिलन मिश्रा ने शव को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान गांव के लोगों की काफी भीड़ रही। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। मालूम हो कि मृतक राम गोपाल की शादी छह माह पूर्व ही हुई थी। पिता काफी बुजुर्ग हैं।


रामगोपाल की मौत के बाद बिलखते परिजन को संभालते आस-पास के लोग।

### विधायक सुरेश्वर सिंह बोले, जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलेगा

रामगोपाल मिश्रा के अंतिम संस्कार में पहुंचे भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि जरूरत पड़ी तो आरोपियों के घरों पर बुलडोजर भी गरजेगा। अभी संयम रखने की जरूरत हैं। सरकार इस मामले में लगातार निगरानी कर रही है। जिसकी लापरवाही होगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहा कि रामगोपाल उनके बेटे जैसा था। परिवार के साथ भाजपा और वह स्वयं खड़े हैं।

## एक नजर

### 3 लोगों ने घर में घुसकर महिला को लाठी से पीटा

राठ (हमीरपुर)। धनौरी गांव निवासी मंसारानी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि रविवार की रात करीब आठ बजे वह अपने घर में लेटी हुई थी। उसी दौरान गांव का हरिहर, तेज प्रताप और संदीप उसके घर में घुस आए और उसे लाठी डंडों से मारापीटा। जिससे उसके नाक से खून बहने लगा। बताया कि इसके एक दिन पहले भी आरोपियों ने उसके पुत्र अरविंद को भी पीटा था। जिसकी उसने थाने में शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की थी।

### अवैध शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

कुरारा (हमीरपुर)। पुलिस को बेरी गांव के इंदपुरी तिराहे के मंडी के पास एक संदिग्ध व्यक्ति झोले में देशी शराब लिए खड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ा लिया जिसने अपना नाम रामबाबू बताया। तलाशी में झोले में 18 देसी शराब के क्वार्टर बरामद हुए। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर निजी मुचलके में रिहा कर दिया।

### अधेड़ ने पशु बाड़े में फांसी लगाकर की आत्महत्या

मौदहा (हमीरपुर)। अधेड़ ने पशु बाड़े में लगे पेड़ पर रस्सी डाल कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भर परिजनों को सौंप दिया है। कोतवाली क्षेत्र के पढ़ोरी गांव निवासी जयपाल (55) पुत्र शिवराज ने रविवार को दोपहर बाद पशु बाड़े में नीम के पेड़ में रस्सी का फंदा गले में डाल कर झूल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पुत्र सभाजीत व अमर जीत ने बताया मामूली बात विवाद से कारण पशु बाड़े में लगे नीम के पेड़ में फांसी लगा ली।

### स्कूल आते-जाते समय छेड़खानी का आरोप

बिवांर (हमीरपुर)। कस्बे में एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुत्रियों के विद्यालय में आने जाने के दौरान पड़ोसी युवक पर अश्लील हरकतें करने के साथ छेड़खानी का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्रियां विद्यालय पढ़ने जाती है। तभी पड़ोसी युवक रास्ते में रोक कर अश्लील हरकत कर छेड़खानी करता है जिससे पुत्रियां उसकी हरकत से परेशान हैं। आरोप लगाया कि पुत्रियां पड़ोस में हैंडपंप पर नहा रही थी तभी वह अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर बाल्टी को उठाकर हैंडपंप से दूर फेंक कर मारपीट कर दी। जिससे चोट लग गई। उसके पति ने आरोपी युवक के पिता से उलाहना दिया तो वह भी अभद्रता और मारपीट के लिए आमादा हो गया। इस पर पति अपना बचाव कर चुपचाप वापस घर आ गया। महिला की तहरीर पर एसआई अंकित कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### महिला के साथ 2 लोगों ने की छेड़छाड़, दी तहरीर

राठ। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपने घर से शौच क्रिया के लिए खेतों की ओर जा रही एक महिला के साथ गांव के ही दो लोगों ने महिला को रास्ते में रोक कर उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ कर दी। महिला द्वारा विरोध करने पर दोनों दबंगों ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। राठ कोतवाली क्षेत्र के गांव की निवासी महिला ने बताया कि रविवार शाम लगभग 5:00 बजे वह अपने घर से शौच क्रिया के लिए खेतों की ओर जा रही थी कि तभी रास्ते में उसे गांव के ही दो लोगों ने जबरन रोक लिया। बताया कि उक्त लोग उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ करने लगे। बताया कि उसके द्वारा विरोध करने पर उक्त दोनों लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। बताया कि कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

---

एक डंपर गिट्टी लादकर आ रहा था जबकि दूसरा डंपर गिट्टी लेने कबरई जा रहा था

# डंपर की भिड़ंत में 1 चालक की मौत और दूसरा घायल

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के चन्दपुरवा गेट के निकट हाईवे पर दो डंपरों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिससे एक डंपर के चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने एक चालक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

उन्नाव जनपद के अचलगंज थानाक्षेत्र के लालीहार गांव निवासी राजेंद्र (37) पुत्र राजकुमार डंपर में गिट्टी लादकर कानपुर की ओर जा रहा था। वही इसी जनपद के इसी थानाक्षेत्र के सत्तूखेड़ा निवासी राजेंद्र (40) पुत्र श्रीकृष्ण यादव गिट्टी लेने के लिए कबरई की ओर जा रहा था। रविवार की रात करीब 1:00 बजे इन दोनों की चंदपुरवा गेट के पास आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने इन्हें केबिन से निकलकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां राजेंद्र पुत्र राजकुमार निवासी हमीरपुर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं राजेंद्र पुत्र श्रीकृष्ण को गंभीर हालत में सदर अस्पताल भेजा गया। डंपरों की टक्कर से थोड़ी देर हाईवे पर आवागमन बाधित रहा।



भिड़ंत के बाद क्षतिग्रस्त डंपर। अमृत विचार

### पिकअप की टक्कर से सड़क किनारे खड़े युवक की गई जान, 3 घायल

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के कांशीराम कॉलोनी के पास नहर बाईपास पर एक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक अपने एक साथी के साथ सड़क किनारे खड़ा हुआ था। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई वहीं उसका साथी घायल हो गया। कांशीराम कालोनी निवासी फिरोज (35) अपने साथी मनोज के साथ सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दिया और फिर अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। सड़क किनारे खड़ा मनोज और पिकअप का चालक जयपाल और एक अन्य युवक घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। घटना में फिरोज की मौके पर ही मौत हो गई। फिरोज के परिजनों ने बताया कि फिरोज कबाड़ का काम करता था। मृतक अपने पीछे मां शकीला, पत्नी और 8 वर्षीय बेटी पलक को छोड़ गया है।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

हमीरपुर। कानपुर सागर नेशनल हाईवे 34 पर चंदेल ढाबा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोस्त को घर छोड़ने गए बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के बरुआ गांव निवासी रोहित (25) कानपुर नगर के नवेली प्लांट में चालक के पद पर कार्यरत था। परिजनों ने बताया कि रविवार की देर शाम रोहित अपने एक साथी को बाइक से सजेती थाना क्षेत्र के अनूपुर मोड़ छोड़ने गया था। साथी को छोड़ने के बाद वापस घर लौट रहा था। तभी कानपुर-सागर हाईवे पर चंदेल ढाबा के पास कानपुर की ओर जा रहे खाली ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे रोहित हाईवे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस 108 द्वारा उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### गिलास के नीचे छुड़ाया पटाखा, स्टील के टुकड़े लगने से बालक की मौत

हमीरपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के बसरिया गांव में दशहरे के दिन गिलास के नीचे पटाखा रख कर छुड़ाने के दौरान गिलास के टुकड़ों की चपेट में आने से 10 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



गोलू।

बिवांर कस्बा निवासी मनोज पाठक ने बताया कि दशहरा पर्व पर वह जलालपुर थाना क्षेत्र के बसरिया गांव निवासी साले पवन तिवारी के घर गए थे। जहां दशहरे के दिन देर रात करीब 10 बजे उसका दस वर्षीय पुत्र गोलू पटाखा छुटा रहा था। तभी एक पटाखा उसने स्टील गिलास के नीचे रख दिया। पटाखा फटने पर गिलास के टुकड़े लगने से गोलू गंभीर रूप से घायल हो गया। लहूलुहान हालत में उसे बिवांर कस्बे के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में गोलू की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।

## बंद कमरे में मिला मिस्त्री का सड़ागला शव

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे के वार्ड नंबर 13 में एक किराए के मकान में रह रहे टाइल्स मिस्त्री का सड़ा गला शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मृतक की पत्नी अपने बच्चों के साथ गायब है। सीओ सदर ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद थानाध्यक्ष को खुलासा करने के निर्देश दिए है।

कस्बे के वार्ड नंबर 13 में लाल पब्लिक स्कूल के पीछे गफ्फार का मकान है। इस मकान में महोबा जनपद का निवासी बाबू विश्वकर्मा अपनी पत्नी व बच्चों के साथ किराए में रहते था। मृतक के शराबी होने के कारण पति-पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था, जिसको लेकर पत्नी ने पति के खिलाफ थाने में मारपीट करने की शिकायत भी करती थी। मोहल्ले वासियों के अनुसार नवरात्र की पहली रात को महिला अपने बच्चों के साथ घर से निकल गई थी। उसके बाद फिर वह मोहल्ले में नहीं दिखी।

मोहल्ले वासियों का मानना है कि शायद घटना करने के पश्चात वह कमरे में ताला डालकर गायब हो गई है। सोमवार को बदबू फैलने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

मौके पर पहुंचे सीओ सदर व थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने दरवाजे का ताला तुड़वाकर अंदर देखा तो मिस्त्री का शव कमरे में सड़ा गला स्थित में मिला। मौके पर फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड टीम ने साक्ष्य एकत्र किये। सीओ सदर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव सड़ा गला होने से घटना किस तरह की गई जानकारी नहीं हो पाई।

## हत्या में पत्नी के अलावा दूसरे किराएदार पर भी शक

सुमेरपुर(हमीरपुर)। मिस्त्री के बरामद शव के मामले में घटना के बाद से फरार पत्नी और उसके दूसरे किराएदार की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है।

बाबू विश्वकर्मा (40) अपनी पत्नी सोनम व दो बच्चों के साथ अब्दुल गफ्फार के मकान में किराए पर रह रहा था। उसी मकान में किशोर दत्त पांडेय भी किराए पर रहता है। पत्नी नवरात्र के पहली रात को बच्चों के साथ जाती देखी गई थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसने पति को मौत के घाट उतारा है और ताला डालकर फरार हो गई। सुबह मकान का ताला तोड़कर शव को पुलिस ने कब्जे में लिया। उसी दिन से दूसरा किराएदार टेढ़ा निवासी किशोरदत्त भी गायब है। किशोर दत्त पांडे ने करीब 8 वर्ष पूर्व अपने पिता कौशलेंद्र की गोली मार का हत्या कर दी थी। जमानत पर जेल से छूटने के बाद वह कस्बे में किराए पर रह रहा था। पुलिस की शक की सुई पत्नी के साथ पड़ोसी किराएदार की तरफ भी घूम रही है।

#### इस मकान में 15 साल पहले भी हुई थी हत्या

पिछले 15 वर्षों के अंतराल में इस मकान में यह दूसरी हत्या है। पिछली हत्या प्रेम प्रसंग के चलते हुई थी। इस घटना में भी प्रेम प्रसंग की आशंका जताई जा रही है। दो दशक पूर्व इस मकान के मालिक भोला सिंह भदौरिया थे। वह भी मकान को किराए पर देते थे। 15 वर्ष पूर्व हमीरपुर के रमेड़ी मोहल्ला निवासी रज्जन देवी इस मकान पर किराएदार थी और घी बेचने का धंधा करती थी। इसके यहां हमेशा कई लोगों का आना-जाना हुआ करता था। 15 वर्ष पूर्व उसकी इसी मकान में धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई थी।

## 6 से 14 साल के बच्चों को किया दंडित तो होगी कार्रवाई

- प्रत्येक स्कूल में शिकायत पेटिका व नोटिस बोर्ड पर टोल फ्री नंबर होगा अंकित

हमीरपुर। बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बीएसए को पत्र जारी कर 6 से 14 साल के बच्चों की सुरक्षा व संरक्षा के निर्देश दिए हैं।

किसी बालक को शारीरिक दंड सहित उसका मानसिक उत्पीड़न न किया जाए। उल्लंघन करने पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक स्कूल में शिकायत पेटिका व नोटिस बोर्ड पर टोल फ्री नंबर अंकित किए जाने के भी निर्देश जारी किए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने पत्र जारी कर 6 से 14 साल के छात्र-छात्राओं को सुरक्षा व संरक्षा के निर्देश दिए हैं। बाल सुरक्षा एवं संरक्षा समिति का गठन प्रत्येक विद्यालय में किया जाए। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रत्येक कक्षा से एक छात्र एवं छात्रा को अनिवार्य रूप से समिति का सदस्य बनाया जाए। बच्चों व अभिभावकों तथा जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री द्वारा जारी टोल फ्री नंबर (1800-889-3277) का जिले के प्रत्येक विद्यालय के नोटिस बोर्ड या प्रवेश द्वार पर अंकित कराया जाए।

## 42 केंद्रों पर यूपी बोर्ड की परीक्षा की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- मोबाइल एप से ली जा रही परीक्षा केंद्रों की लोकेशन
- परीक्षा केंद्रों की दूरी समझने में मिलेगी मदद

अमृत विचार। यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्रों की दूरी को लेकर इस बार आपत्तियां नहीं आएंगी। तहसील स्तरीय समिति खुद मोबाइल एप के माध्यम से परीक्षा केंद्रों की दूरी तय करेगी। जिसके आधार पर केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा।

जनपद के 42 केंद्रों पर यूपी बोर्ड द्वारा परीक्षा कराने की तैयारी की जा रही है। पिछले वर्ष परीक्षा केंद्रों से अत्यधिक मात्रा में आपत्तियां आई थीं। 20 से ज्याद आपत्तियां परीक्षा केंद्रों की दूरी को लेकर थीं। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा कराने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ऐसे में परिषद की ओर से अच्छी छवि वाले स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाने की योजना है।

जिनके निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है। जिले में जांच के लिए समितियां भी पहुंच रही हैं। ऐसे में परीक्षा केंद्रों को लेकर दूरी विवाद सुलझाने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से मोबाइल एप विकसित किया गया है। जियो लोकेशन के माध्यम से परस्पर दूरी तय की जाएगी। विभाग के मुताबिक अभी तक विद्यालयों की ओर से दूरी की जानकारी ली जाती थी। वहीं एसडीएम की अगुवाई में तहसील स्तरीय कमेटी सत्यापन कर रिपोर्ट सौंपती थी, लेकिन इस बार परिषद की ओर से एपीआई युक्त मोबाइल एप विकसित किया गया है। इसके माध्यम से ही परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा।

डीआईओएस महेश गुप्ता ने बताया कि 15 अक्तूबर तक सत्यापन कार्य किया जाएगा। जिसके लिए समितियां जांच में जुटी हुई हैं। परीक्षा केंद्रों की दूरी मानक अनुसार रहे, इसके लिए एप से लोकेशन ली जा रही है। शासन स्तर से ही परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा।

---

समस्या | प्रत्येक किसान को 2-2 बोरी खाद का किया गया वितरण, पुरुषों के साथ -साथ महिलायें भी लगीं लाइन में

# खाद लेने के लिए किसानों ने रात से ही क्रय विक्रय समिति में डाला डेरा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। खाद की भीषण किल्लत के चलते किसान खाद पाने के लिए रात दिन खाद वितरण केंद्रों के चक्कर लगा रहा है। रविवार को शाम किसानों को जैसे ही पता चला कि क्रय विक्रय समिति में डीएपी खाद आई है। तो किसान रात से ही लंबी लाइनों में बिना खाए पीए खड़े हो गए। यहां तक बड़ी संख्या में महिलाएं अपना दैनिक काम छोड़कर दो बोरी खाद के लिए दिन निकलने से पहले ही क्रय विक्रय केंद्र के सामने खड़ी हो गई थी।

कस्बे की क्रय विक्रय समिति केंद्र में सोमवार की सुबह सैकड़ों की तादाद में महिला और पुरुष किसान लाइन में खड़े दिखे। जब इनका हाल जानने के लिए कुछ किसानों से बातचीत की। जिसमें महिलाएं भी थी। ज्यादातर ने इस बात का रोना रोया कि वह 8-10 घंटे लाइन पर खड़े होकर दो बोरी खाद पाने के लिए खड़े हैं।

एक व्यक्ति ने पानी की बोतल दिखाते हुए कहा कि वह बिना खाए पीए एक बोतल पानी लेकर ही घर से 3:00 बजे रात के निकल आया था। नगर व आसपास के क्षेत्र में खाद विक्रय केंद्र के सहकारी कई केंद्र हैं। जिसमें पीसीएफ, क्रय विक्रय, किसान सेवा समिति सहित अन्य गांव में समितियां हैं। निजी खाद बिक्री के लिए लाइसेंस भी दिए गए हैं। लेकिन खाद की आपूर्ति फिर भी नहीं हो पा रही। सोमवार को मात्र 10 स्थान में से दो स्थानों पर खाद थी।

वहीं, सहकारिता विभाग के सहायक विकासखंड अधिकारी बृजमोहन पटेल ने बताया कि खाद तो आ रही है। छुट्टी होने की वजह से खाद की लदान नहीं हो सकी। कल तक ज्यादातर स्थानों में खाद का वितरण शुरू हो जाएगा। सोमवार को सिर्फ क्रय विक्रय और सिसोलर में है। कहा कि क्रय विक्रय में 300 किसानों को 600 बोरी खाद दी गई।




क्रय विक्रय समिति में खाद के लिए लाइन में खड़े महिला व पुरुष। अमृत विचार



क्रय विक्रय समिति में खाद के लिए आई अरतरा गांव निवासी महिला किसान केतकी ने बताया कि वह 5:00 बजे सुबह अपनी बेटी को लेकर यहां लाइन पर आकर बैठ गई थी। उसने कहा कि उसे कितनी खाद मिलेगी। वह नहीं जानती, जो भी मिलेगी प्रसाद स्वरूप ग्रहण कर लेगी।



पढोरी गांव से आया किसान भैयालाल ने कहा की वह 2:00 बजे रात से यहां लाइन पर बैठा है। मलिकुआं चौराहे में पुलिस का पहरा था और वह कई लोगों के साथ यहां आकर खाद के लिए डट गया था। बताया कि पहले भी वह छह चक्कर लगाने के बाद दो बोरी खाद मिली थी। दो बोरी और खाद मिल जाएगी।



छिरका गांव निवासी कमलेश ने बताया कि बेहद दुखद बात है कि वह 15 बोरी खाद के लिए 15 चक्कर लगा चुका है। लेकिन अब तक सिर्फ चार बोरी खाद ही मिल सकी है। कहा की रात 2:30 बजे से वह लाइन पर बैठा हुआ है। उम्मीद है कि आज भी दो बोरी खाद मिल जाएगी।

---

## सार-संक्षेप



स्लोगन लिखे पोस्टर दिखाती छात्राएं। अमृत विचार

### यातायात नियमों का पालन कर जीवन सुरक्षित करें

हमीरपुर| नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत प्राचार्य डॉ.राजकुमार के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.शालिनी के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं ने यातायात नियम का पालन विषय पर स्लोगन बनाकर जन जागरूकता के लिए रैली निकाली। जनपद के नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने के लिए नारे भी लगाए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ.सबा कौसर, डॉ.अशोक बाबू, मृदुलता सोनकर, नरेश कुमार तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में सुषमा कुशवाहा, प्रतिमा चौहान, प्रतिभा देवी तथा परिचारिका ज्ञानवती ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. भवानीदीन। अमृत विचार

### गदर पार्टी के संस्थापक लाला हरदयाल को किया याद

सुमेरपुर(हमीरपुर)। वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत आजादी के वीर सपूत लाला हरदयाल की जयंती 14 अक्टूबर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि लाला हरदयाल एक बौद्धिक देशभक्त थे। आजादी के लिए उनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। उनका जन्म 14 अक्टूबर 1884 को गौरी दयाल माथुर और भोलीरानी के घर दिल्ली के चांदनी चौक में हुआ था। उन्होंने दिल्ली, पंजाब और अमेरिका में अपनी शिक्षा पूरी की। अमेरिका में रहकर गदर पार्टी के गठन में प्रभावी भूमिका निभाई थी। लाला हरदयाल के साथ दल के गठन में मास्टर अमीरचन्द और भाई बालमुकुंद साथ रहे। इनका 04 मार्च 1939 को अमेरिका में निधन हो गया। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, आशीष पांडेय, मोतीलाल, प्रेम सागर, प्रिंश, संतोष, महावीर, बाबूलाल, सिद्धा, रिचा, दस्सी और अजय आदि शामिल रहे।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बाहर निकलते पत्रकार। अमृत विचार

### शहर कोतवाल ने पत्रकार से की अभद्रता व मारपीट

हमीरपुर। मूर्ति विसर्जन की खबर बनाने को लेकर शहर कोतवाल ने एक पत्रकार के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी, जिससे नाराज पत्रकार महासंघ के पत्रकारों ने सोमवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक पत्र सौंप मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पत्रकार महासंघ ने सोमवार को डीएम-एसपी को दिए पत्र में बताया कि रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान शहर के लक्ष्मीबाई तिराहा से लेकर बेतवा नदी के पुल तक भारी वाहनों का जाम लगा था। जिस पर एक समाचार पत्र का पत्रकार इसकी फोटो लेने लगा। इस पर कोतवाल उसे रोकते हुए उसके साथ अभद्रता करने लगे। मीडिया से होने की बात बताने पर कोतवाल ने पत्रकार के साथ मारपीट करते हुए उसे जबरन कोतवाली की गाड़ी में बैठाकर कोतवाली ले गए। जहां करीब डेढ़ घंटे के बाद पत्रकार को छोड़ा। पीड़ित पत्रकार ने अपने साथियों से पूरी बात बताई। जिससे जिले भर के पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त हो गया। सोमवार को कलेक्ट्रेट में एकत्र होकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा को पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई। इस मौके पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ व अन्य पत्रकार मौजूद रहे।



रेलवे फाटक में फंसा ट्रेलर व लगा जाम। अमृत विचार

### पोकलैंड मशीन लादकर जा रहा ट्रेलर रेलवे के गेट में फंसा

सुमेरपुर(हमीरपुर)। कस्बे की तरफ से ट्रेलर में लादकर ले जाई जा रही पोकलैंड मशीन रेलवे फाटक पार करते समय ऊंचाई अधिक होने के कारण रेलवे गेट के ऊपर लगी गाटर में फंस गई। इस वजह से रेल यातायात करीब एक घंटा ठहरा रहा। चालक ट्रेलर को रेलवे लाइन से एक घंटे बाद निकलने में कामयाब हो सका। सोमवार के शाम करीब 4:00 बजे एक ट्रेलर पोकलैंड मशीन को लेकर कस्बे की तरफ से बांदा की ओर जा रहा था। यह ट्रेलर सुमेरपुर एवं इंगोहटा रेलवे स्टेशन के मध्य बने रेलवे के गेट संख्या 31 के ऊपर लगे गाटर में ऊंचाई अधिक होने के चलते फंस गया। इससे सुमेरपुर इंगोहटा के मध्य रेलवे यातायात बाधित हो गया। ट्रेलर चालक ट्रेलर को रेलवे लाइन से निकालने के कवायद में जुटा रहा। ट्रेलर फंसने की सूचना मिलने पर रेलवे कर्मी भी गेट संख्या 31 में जमा होने लगे बाद में इसको जेसीबी की सहायता से निकालकर बाहर किया गया। इस घटना के चलते रेलवे लाइन की दोनों तरफ सैकड़ों वाहन फंस गए।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को घर से निकाला

बिवांर(हमीरपुर)। जनपद कानपुर देहात के आंबेडकर मोहल्ला निवासी गुड़िया की शादी छह साल पहले पप्पू सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद पति पप्पू, ससुर मुन्नू सिंह, सास राजरानी, देवर कल्लू सिंह मायके से एक लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगे। महिला के फोन से मायके में जानकारी देने पर पिता उसकी ससुराल में आए। ससुराली जनों ने उसके पिता से गलती मानते हुए माफी मांगी तो वह वापस चला गया। दोबारा ससुरालियों ने मारपीट करनी शुरू कर दी। 9 अक्टूबर को पति शराब के नशे में शाम 7 बजे जाकर रुपयों की मांग कर मारपीट करने लगा। पति ने महिला के गले में फांसी का फंदा बनाकर जान से मारने की कोशिश करने लगा। महिला के शोर मचाए जाने पर पड़ोसियों के आ जाने पर पति छोड़कर भाग गया। ससुरालीजनों ने महिला की पिटाई कर घर से बाहर निकाल दिया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### रंजिश के चलते युवक को लाठी-डंडों से पीटा

मौदहा(हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव निवासी नीलम पत्नी संतोष ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गांव निवासी कालीचरण, रामकृपाल व तुलसीराम से पुरानी रंजिश चल रही है। मामले का एक मुकदमा भी चल रहा है। दर्ज मुकदमे को वापस लेने का दबाव बना रहे उक्त आरोपियों ने पति के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट करते हुए दो आरोपियों का वीडियो किसी ग्रामीण ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।। जिसमें साफ तौर से देखा जा रहा है कि दो लोग हाथों में लाठी डंडा लेकर पीड़ित को बुरी तरह मारपीट कर रहे हैं। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मुरैना (मप्र) निवासी जगराम सोलंकी चित्रकूट घूमने आया था। रविवार को आरपीएफ को ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत की जानकारी हुई। पुलिस ने मोबाइल के आधार पर मृतक की शिनाख्त की।

### मेले में बिछड़ी 2 बालिकाओं को परिजनों को सौंपा

**राजापुर (चित्रकूट)।** पुलिस ने मेले में परिजनों से बिछड़ी दो बालिकाओं को परिजनों को सौंपा। पुलिस के अनुसार, सुमैना पुत्री मेधीलाल निवासी पिपरकुंडी थाना करारी (कौशांबी) और करीना पुत्री दुर्जन सिंह निवासी कमासिन (बांदा) मेला घूमने राजापुर आई थीं, जो परिजनों से बिछड़ गई थीं।

### उद्योगपति हरस्वरूप अग्रवाल का निधन

**चित्रकूट।** पत्रकार विवेक अग्रवाल और अजय अग्रवाल के पिता उद्योगपति हरस्वरूप अग्रवाल का सोमवार को निधन हो गया । वह लगभग 100 वर्ष के थे। सोमवार को ही उनका अंतिम संस्कार मंदाकिनी तट पुल घाट में किया गया। छोटे पुत्र अजय अग्रवाल ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने अंतिम विदाई दी।

# औलाद न होने पर किया बच्ची को अगवा

## 5 गिरफ्तार, बच्ची सकुशल, घटना में बच्ची का पिता भी संलिप्त

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



घटना की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक, पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार।** एसओजी व थाना मारकुंडी की संयुक्त टीम ने नवजात बच्ची के अपहरण की घटना का खुलासा कर दिया। चार दिन की बच्ची को सकुशल बरामद कर इसके अपहरण के आरोप में महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त वैगनआर व एक बाइक भी बरामद की गई। आरोपी ने बताया कि शादी के कई साल बाद भी बच्चा न होने पर साजिश रची।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि डोडामाफी थाना मारकुंडी निवासी सुनील कुमार ने 11 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 अक्टूबर को वह प्रसवपीड़िता पत्नी गुंजा देवी को मझगवां अस्पताल लेकर जाते समय अचानक दर्द बढ़ने से टिकरिया गांव में बहन के घर रुक गया था। वहां गुंजा ने पुत्री को जन्म दिया था। अगले दिन एक कार से महिला समेत चार लोग वहां पहुंचे थे और टीकाकरण के नाम पर बच्ची को अस्पताल ले चलने और वहां 50 हजार रुपये की सहायता राशि दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गए। कर्वी में पटेल तिराहे के पास उसे फोटोकापी के लिये भेजकर वे लोग नवजात बच्ची को लेकर फरार हो गए थे। एसपी ने इस संबंध में थानाध्यक्ष मारकुंडी शिवआसरे एवं एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी को खुलासे की जिम्मेदारी दी। संयुक्त टीम ने टिकरिया रेलवे फाटक के सीसीटीवी फुटेज चेक किए और उससे वाहन का नंबर पता कर लिया। पता चला कि वाहनमालिक संतोष कुमार मिस्त्री पुत्र गुलाब सिंह पटेल निवासी मुजाहिदपुर मूरतगंज थाना संदीपन घाट (कौशांबी) का है। पुलिस ने इसे पकड़ा तो इसने बताया कि 11 अक्टूबर को उसके गांव निवासी अमित कुमार पुत्र शिबबाबू गाड़ी ले गया था। पुलिस ने अमित को धर दबोचा। अमित ने कड़ाई से पूछतांछ में बताया कि वह चालक था।

### बच्ची को खरीदने की कही बात

अमित ने बताया कि वाहन में उसके साथ अनामिका अस्पताल मूरतगंज की देखरेख करने वाला सुधीर सिंह उर्फ डाक्टर पुत्र दयाराम निवासी मलाकनगर थाना चरवा (कौशांबी), उसका साथी जसवंत प्रजापति पुत्र रामसुचित प्रजापति निवासी रामनगर थाना फूलपुर (प्रयागराज) बाइक से मानिकपुर आए थे। वहां आशा कार्यकर्ता गुड्डू देवी पत्नी गोरेलाल आरख निवासी गोपीपुर को लेकर टिकरिया रेलवे स्टेशन पहुंचे थे और एक नवजात बच्ची को उसके पिता से 10 हजार रुपये में खरीदा था। बच्ची अनामिका अस्पताल में सुधीर सिंह की देखरेख में है।

### अस्पताल से बच्ची बरामद

एसओजी एवं थाना मारकुंडी की टीमों ने तत्काल अनामिका अस्पताल के पास से सुधीर सिंह उर्फ डाक्टर व जसवंत प्रजापति को गिरफ्तार कर बच्ची बरामद कर ली। बाइक को भी बरामद किया। आशा गुड्डू देवी को मारकुंडी तिराहा मानिकपुर से गिरफ्तार किया गया।

### पत्नी को लोग मारते थे ताना

आरोपी जसवंत प्रजापति ने पुलिस को बताया कि शादी को 10 साल होने के बाद भी कोई संतान नहीं है। इससे उसकी पत्नी को लोग ताना मारते हैं। इस वजह से घटना को अंजाम दिया।

### पिता की तलाश जारी

एसपी ने बताया कि घटना में नवजात बच्ची के पिता सुनील कुमार की भी संलिप्तता सामने आ रही है। बताया कि सुनील के गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि बच्ची के पिता ने बिटिया के सौदे के पूरे पैसे न मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### पुलिस टीम में ये रहे शामिल

एसओजी टीम में प्रभारी के अलावा आरक्षी पवन राजपूत, गोलू भार्गव, आशीष यादव, रोहित सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, रोशन सिंह शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक मारकुंडी की अगुवाई वाली टीम में एसएसआई शैलेंद्र चंद्र पांडेय, एसआई अरविंद कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी कलीमुद्दीन, आरक्षी अतुल परिहार और बबीता रहीं।

# पत्नी, 2 बेटियों की हत्या के दोषी को साथी समेत उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



● दोनों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी

**अमृत विचार।** पत्नी और दो बेटियों की गला रेतकर मौत के घाट उतारने वाले हत्यारे और उसके साथी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोनों को 50-50 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि शिवरामपुर चौकी अंतर्गत चकला गुरुबाबा गांव निवासी हत्यारोपी के पिता दयाराम ने नौ मार्च 2018 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घटना को अंजाम देने वाला अजीत रैदास फेरी लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुहाग का सामान बेचता था। उसकी पत्नी मैना देवी की भी रैपुरवा रोड में एक खोमचे में सुहाग के सामान की दुकान थी। परिजनों के अनुसार, अजीत पत्नी के चरित्र को लेकर शक करता था। इससे परिवार में कई बार विवाद हुआ था। आठ मार्च 2018 की शाम खाना खाने के बाद वह परिवार समेत अपने घर में सो रहा था। इस दौरान अर्द्धरात्रि को एक बार फिर अजीत और पत्नी मैना के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। तैश में आकर अजीत ने धारदार चाकू से पत्नी का गला रेत दिया। साथ ही निर्दयता की सारी हदें पार करते हुए कमरे में सो रहीं सात वर्षीय पुत्री पिंकी और पांच वर्षीय पुत्री नंदनी का भी गला रेत दिया। पास में ही सो रहा अजीत का बेटा अंकित जाग गया और पिता का भयावह रूप देखकर मौके से भाग खड़ा हुआ। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारा अजीत सीधे शिवरामपुर चौकी पहुंचा और वहां मौजूद सिपाहियों को अपने कृत्य के बारे में बताया। इससे चौकी में हडकंप मच गया। अजीत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में हत्यारोपी अजीत रैदास और उसके साथी चकला गुरुबाबा गांव के ही निवासी राममिलन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने पत्नी और दो बेटियों की हत्या के दोषी अजीत रैदास और राममिलन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोनों को 50-50 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।



परिजनों की मांग पर सीएमओ से बात करते पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी।

# मृतक के परिजनों ने धरना देकर मांगा मुआवजा

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

● करंट से हुई थी नगर परिषद के कर्मचारी की मौत

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र के मध्यप्रदेश इलाके में रविवार को करंट से हुई मौत मामले में परिजनों ने सोमवार को नगर परिषद कार्यालय के सामने शव रखकर धरना दे दिया। कांग्रेस के चित्रकूट (मप्र) से पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंच गए और परिजनों की मांग को उचित ठहराया। बाद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) विशाल सिंह के परिजनों को सवा लाख का चेक देने और हर संभव मदद के आश्वासन के बाद परिजन मृतक के अंतिम संस्कार को राजी हुए।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पास स्फटिक शिला तिराहे पर रविवार को सीतापुर निवासी शिवप्रकाश साहू (52) पुत्र सौखी लाल, जो नगर पंचायत चित्रकूट के विकासखंड मझगंवा में कर्मचारी था, की खंभे पर चढ़कर पोस्टर बैनर निकालते समय करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। परिजनों ने अन्य मुहल्लेवालों के साथ सोमवार को नगर परिषद कार्यालय के समक्ष शव रखकर धरना शुरू कर दिया। इनका कहना था कि पचीस लाख रुपये मुआवजा के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए। कुछ ही देर बाद पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी भी वहां पहुंच गए। उन्होंने सीएमओ विशाल सिंह से वार्ता की और परिजनों की मांगों को जायज ठहराते हुए पूरी करने को कहा। सीएमओ के यह कहने पर कि वीवीआईपी के आने की वजह से रविवार को काम कराया जा रहा था, नीलांशु ने कहा कि इसका कोई मतलब नहीं, परिजनों को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। अंततः मृतक की पत्नी रजमिनिया देवी के नाम एक लाख पच्चीस हजार रुपये का चेक काटकर दिया गया। सीएमओ ने बताया कि कर्मचारी की जगह पत्नी की अनुकंपा नियुक्ति के लिए परिषद की स्वीकृति के बाद प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। उपादान राशियों का भी नियमानुसार भुगतान होगा। कर्मचारी की सेवा को देखते हुए नगर परिषद का सम्मेलन बुलाकर परिजनों द्वारा मांगी जा रही सहायता राशि का प्रस्ताव रखा जाएगा।

# 3 अफसरों के खिलाफ शासन को पत्र लिखें

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



समीक्षा बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

● मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में स्थिति अच्छी न होने पर जिलाधिकारी नाराज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, उपायुक्त उद्योग (जीएमडीआईसी) व क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर स्थिति अच्छी न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इन अधिकारियों के खिलाफ शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारियों की वजह से रैंकिंग खराब हो रही है अगर सुधार न हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रम संबंधी बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। आजीविका मिशन के संबंध में डीसीएनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र को जमीनों के विवादित मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निराश्रित गोवंशों के रखरखाव के लिए नामित नोडल अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण कर रिपोर्ट देने और प्रोजेक्ट अलंकार के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक को संबंधित उप जिलाधिकारियों से वार्ता कर विवादों का निस्तारण कराने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा की जाती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन संबंधी व अन्य विवादों का जल्द निस्तारण करें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. सुभाष चंद्र, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड संतोष कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

### टीकाकरण की स्थिति जानी

जिला पोषण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों तथा प्रभारी चिकित्साधिकारियों को टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा के निर्देश दिए। बाल विकास परियोजना अधिकारी रामनगर को आकांक्षी ब्लाक में टीकाकरण से लाभांन्वित बच्चों की जानकारी देने, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को पोषाहार वितरण ठीक से कराने, बाल विकास परियोजना अधिकारियों से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन मशीन न होने या खराब होने की जानकारी डीपीआरओ को दें। चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि टीमों की जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को दी जाए कि टीकाकरण से छूटे बच्चों को भी आच्छादित कराया जा सके।



मछली पकड़ने वाले जाल से पकड़े गए अजगर।

### दो अजगर निकलने से गांव में दहशत

**मऊ (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत बरिया में सोमवार सुबह दो अजगरों के निकलने से दहशत फैल गई। इनकी लंबाई 10 से 12 फीट के बीच थी। ग्रामीणों ने मछली पकड़ने के जाल से मशक्कत के बाद दोनों अजगरों को पकड़ा।

# सोलर रूफटॉप प्लांट की लोगों को जानकारी दें

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में बारह हजार घरों को आच्छादित करने का लक्ष्य है। नगर पालिका व नगर पंचायतों को इस आधार पर लक्ष्य दिया गया है। नगर पालिका परिषद कर्वी में 9900, नगर पंचायत मऊ, राजापुर और मानिकपुर में तीन-तीन सौ घरों का लक्ष्य दिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक को 200 तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को एक हजार का लक्ष्य दिया गया है। डीएम ने निर्देश दिए कि योजना की अधिक से अधिक उपभोक्ताओं जानकारी दें। बताया कि पोर्टल की वेबसाइट अथवा एप्लीकेशन स्मार्ट फोन पर डाउनलोड करके प्रक्रियानुसार आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने कार्य क्षेत्र में लाभार्थियों को प्रेरित कर आवेदन कराएं। अधिक जानकारी के लिए परियोजना अधिकारी यूपी नेडा के मोबाइल नंबर 9415703914 पर संपर्क किया जा सकता है।

# हादसे में एक बाइक सवार की मौत, एक गंभीर घायल

**चित्रकूट।** बाइकसवार युवकों को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत बहुत गंभीर बताई जा रही है। घटना सोमवार देर शाम लगभग साढ़े सात बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, दो युवक बाइक से राजापुर की ओर जा रहे थे। इनमें से एक चकौंध और दूसरा कसहाई निवासी बताए जा रहे हैं। यह भी बताया जाता है कि दोनों आपस में जीजा साले हैं।

## सार-संक्षेप



विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

### शस्त्र पूजन कर समाज के संरक्षण का संकल्प

**मऊ (चित्रकूट)।** अंबेडकर नगर स्थित कैलाश विहार शिव बाबा मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शिव शाखा में विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम हुआ। स्वयंसेवकों ने प्राचीन परंपरा अनुसार शस्त्र पूजन कर हिंदू समाज के संरक्षण का संकल्प लिया। संघ के वरिष्ठ विभाग चित्रकूट के घुमंतू जाति के प्रमुख हरिशरण द्विवेदी ने स्वयंसेवकों को संघ की स्थापना से अब तक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ की शाखा में नई पीढ़ी को संघ से जोड़ने का सभी को प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सिद्धांत सिंह ने प्रार्थना कराई। कार्यक्रम में शाखा के मुख्य शिक्षक महेश द्विवेदी की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इस दौरान एडवोकेट सुरेश तिवारी, अंकुर भार्गव आदि मौजूद रहे।



सदस्यता कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को निर्देश देते सदस्यता प्रमुख रामकिशोर।

### हर वर्ग, हर जाति से बनाएं सक्रिय सदस्य : रामकिशोर

**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई की सक्रिय सदस्यता संबंधी जिला पंचायत सभागार में हुई कार्यशाला में क्षेत्रीय महामंत्री, सदस्यता प्रमुख व सत्यापन प्रमुख रामकिशोर साहू ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे हर वर्ग, हर जाति से सक्रिय सदस्य बनाएं। रामकिशोर ने कहा कि 2047 में विकसित भारत निर्माण के संकल्प के साथ हम निरंतर बढ़ रहे हैं। मजबूत भारत के लिए सशक्त भाजपा जरूरी है। हर मोर्चे को 15 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक टार्गेटेड मेंबरशिप करनी है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा परिवार से जोड़ें। कोई भी बूथ और कोई भी वर्ग सक्रिय सदस्यों से अछूता न रह जाए। प्रत्येक कार्यकर्ता को काम में सहभागी बनाना ही संगठनात्मक कार्य है। जिला सदस्यता सत्यापन प्रमुख ब्रिजकिशोर गुप्ता ने कहा कि आनलाइन सदस्यता ही मान्य होगी। जो सदस्यता आफलाइन हुई है उसे आनलाइन करने की व्यवस्था की जाए। हर मंडल में सदस्यता सत्यापन प्रमुख बनाना है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मंडल के प्रत्येक बूथ पर प्रवास करके भाजपा सदस्य बनाना है। हर घर से संपर्क करके पार्टी की सदस्यता करानी है। इस मौके पर निवर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल, आलोक पांडेय, भागवत त्रिपाठी, राघवेंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, रंजना उपाध्याय, शिवशंकर सिंह, अर्जुन शुक्ला, नरेंद्र गुप्ता, सुशील द्विवेदी, पंकज अग्रवाल, तीरथ तिवारी, हरिओम करवरिया, ब्रजेश पांडेय, हरिओम करवरिया, महेंद्र कोटार्य, मनोज तिवारी, राजेश्वरी द्विवेदी, प्रेमलाल, हीरो मिश्रा, महेश पांडेय, पुष्पराज सिंह, संजय पांडेय, रमाकांत पांडेय, श्रवण पटेल, सच्चिदानंद गर्ग, आशीष पांडेय आदि भाजपाई मौजूद रहे।

### बालिकाओं- महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति के तहत जिले के कई थानों की एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय की अगुवाई में थानों की एंटी रोमियो टीमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया। मिशन शक्ति व शक्ति दीदी के अलावा जागरूकता के लिए चलाए जा रहे अभियानों के बारे में बताया। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। बताया गया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा/सहायता के लिए एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है।

### कल होगी महिला जनसुनवाई

**चित्रकूट।** जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल 16 अक्टूबर को महिला जनसुनवाई करेंगी। वह पूर्वाह्न 11बजे से महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर हुई कार्रवाई की समीक्षा करेंगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने को कहा है।

आस्था | देवी स्थलों की उपेक्षा से आस्थावान हो रहे परेशान

# प्राचीन मंदिरों तक आने-जाने के लिए नहीं है रास्ता, कैसे जाएं

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** नवरात्र पर मऊ क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों में आस्थावानों की भीड़ उमड़ी। पर कई जगहों पर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की वजह से रास्तों की बदहाली भी नजर आई। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। श्रद्धालुओं ने नाराजगी जताते हुए जनप्रतिनिधियों पर धार्मिक स्थलों की अनदेखी का आरोप लगाया और शीघ्र मार्ग बनवाने की अपील की।

मऊ क्षेत्र में कई प्राचीन देवी मंदिर हैं। पश्चिम पताई में प्राचीन मरीमाता मंदिर, मऊ में आनंदी माता, टिकराटोला में दुर्गा मां, मऊ में खबीसिन माता मंदिर एवं सती चौरा आदि जगहों पर नवरात्र में भारी भीड़ उमड़ती है। प्राचीन एवं धार्मिक महत्व के इन देवी स्थलों पर श्रद्धालुओं को तांता लगा रहता है। इसके बाद भी इन देवी मंदिरों की हालत और आवागमन के लिए रास्ते की कमी लोगों को अखरती है।



मवई कला के प्राचीन मंदिर में स्थापित समया माता की प्राचीन मूर्ति।



समया माता जाने के लिए कच्चा रास्ता। अमृत विचार



पश्चिम पताई में मरी माता के प्राचीन मंदिर में स्थापित मूर्तियां। अमृत विचार

### समया माता मंदिर आने जाने में है दिक्कत

मवई कला स्थित समया धाम मंदिर में भी पहुंच मार्ग नहीं है। लोग लंबे अरसे से मार्ग बनवाने की मांग कर रहे हैं लेकिन जिम्मेदार नजरअंदाज कर रहे हैं। लोग कहते हैं कि प्राचीन मंदिर है, इसका सुंदरीकरण व मार्ग बनवाया जाए। मवईकलां के दिनेश तिवारी, इंद्रेश तिवारी, रामेश्वर शुक्ला, राजा पांडेय आदि ने संपर्क मार्ग बनवाए जाने की मांग की है।



मरी माता जाने के लिए कच्चा रास्ता।

### सोमवार और शुक्रवार को होती है भीड़, रास्ता नहीं

कई देवी स्थलों पर जाने के लिए रास्ते की दिक्कत से श्रद्धालुओं में रोष है। पश्चिम पताई स्थित मरी माता मंदिर में बारहों महीने शुक्रवार एवं सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है, विडंबना है कि मंदिर तक जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। लोग पगडंडियों के सहारे मंदिर तक पहुंचते हैं। समाजसेवी पप्पू बरहा ने प्रशासन से ध्यान देने की अपील की है।



आनंदी माता की प्राचीन मूर्ति।

### मां आनंदी धाम मंदिर में सुंदरीकरण की जरूरत

नगर पंचायत मऊ के प्रसिद्ध आनंदी धाम मंदिर के सुंदरीकरण के लिए लोग लंबे अरसे से मांग कर रहे हैं। मांग है कि मंदिर के पीछे स्थित शिवरहा तालाब का भी जीर्णोद्धार हो। मंदिर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित है। मऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मंदिर परिसर में एक नीम का पेड़ हुआ करता था। इसमें सन् 1857 के क्रांतिकारियों को फांसी दी गई थी। इस जानकारी को लोगों तक पहुंचाने की जरूरत है।

# दो किसानों समेत 4 लोगों ने दी जान

## खरीफ की फसल बारिश की भेंट चढ़ जाने से फांसी के फंदे पर लटक गया किसान

कार्यालय संवाददाता महोबा



**अमृत विचार।** जिले में चार अलग अलग स्थानों पर दो किसानों सहित चार लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सभी शवों का पंचनामा भरकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। किसान द्वारा की गई आत्महत्या उसके परिजनों के सामने रोजी रोटी का संकट बढ़ गया है। छोटे छोटे बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतका की पत्नी को अब पति की मौत के बाद अपने बच्चों की परवरिश की चिंता सता रही है। वहीं कोतवाली चरखारी के ग्राम सबुआ में बैंक के कर्ज से परेशान होकर एक किसान ने जान दे दी।

थाना महोबकंठ के ग्राम घुटई निवासी बेटूराम (55) ने इस साल अपने खेतों में उर्द मूंग और तिल की बुवाई की थी। किसान जुताई बुवाई के लिए कुछ कर्ज भी लिया था जिसे खरीफ की फसल आने पर अदा किया जाना था, लेकिन बेमौसम हुई बारिश से उर्द मूंग की फसल खेतों में पानी भर जाने के कारण खराब हो गई वहीं तिल की फलस पानी की चपेट में आने से काली पड़ गई। इससे किसान परेशान रहने लगा। मृतक के परिजनों ने बताया कि फसल बर्बाद हो जाने से आहत होकर किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी है।

दूसरी घटना थाना कबरई क्षेत्र के मोहल्ला राजीवनगर निवासी कालिका प्रसाद का 22 वर्षीय बेटी प्रीति ने घर के कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने युवती को फांसी पर लटका देख शोर मचाया तभी मोहल्ले के लोग दौड़ पड़े और युवती को फंदे से नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवती को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम सुगिरा निवासी अली अहमद (23) ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर पर फांसी का फंदा लगाकर मौत को गले लगा लिया।

## बैंक व साहूकार के कर्ज से परेशान होकर लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** कोतवाली चरखारी के ग्राम सबुआ में कर्ज से परेशान एक किसान ने खेत में ही लगे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने बताया कि किसान के ऊपर दो लाख से अधिक कर्ज था। इधर उर्द मूंग और तिल फसल बर्बाद हो जाने से वह कर्ज को लेकर चिंतत रहता था। रविवार को वह अपने खेत में मूंगफली उखाड़ रहा था। फसल उखाड़ते समय वह पास में लगे एक पेड़ में रस्सी का फंदा लगाकर फांसी लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। आसपास के किसानों ने फांसी पर लटकर देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को नीचे उतारने के बाद समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्राम सबुआ निवासी हरि सिंह (45) ने इस साल करीब छह बीघा खेत में खरीफ फसल की बुवाई की थी। किसान ने फसल बुवाई के लिए साहूकारों और पूर्व में बैंक से कर्ज लिया था। इस साल तिल और उर्द मूंग की अच्छी फसल देखकर किसान खासा खुश था लेकिन अचानक बेमौसम बारिश ने किसान के अरमानों पर पानी फेर दिया। बारिश से किसान की फसल बर्बाद हो गई जिससे वह परेशान रहने लगा था। रविवार को वह अपने खेत में लगे एक पेड़ में रस्सी डालकर फांसी पर झूल गया। थोड़ी देर बाद किसानों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और किसान को नीचे उतारकर सीएचसी चरखारी पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## ग्राइंडर से कटिंग करते समय मिस्त्री हुआ घायल

**महोबा।** कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम लाडपुर में ग्राइंडर से कटिंग करते समय संतुलन बिगड़ जाने से मिस्त्री का पैर कट गया, जिससे वह खून से लथपथ होकर बेहोश हो गया। आसपास के लोगों ने ग्लैंडर का बटन दबाकर बंद किया और मिस्त्री को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने उसका उपचार कर भर्ती कर लिया है।

कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम लाड़पुर निवासी विनीत (36) ग्राइंडर से कटिंग कर रहा था। उसी समय संतुलन बिगड़ जाने से ग्राइंडर पैर में लग गया। जिससे कट जाने की वजह से उसके पैर में गहरा घाव हो गया। खून से लथपथ होकर वह मौके पर ही बेहोश हो गया। आसपास के लोगों ने देखा तो उसे आनन-फानन अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंचे। घायल का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। चिकित्सक का कहना है कि खून अधिक बह जाने के कारण उसकी हालत गम्भीर बनी हुई।

## कांग्रेसियों ने बैठक कर 21 को होने वाले कार्यक्रम की बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** आल्हा चौक के अम्बेडकर पार्क में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 21 अक्टूबर को फिसरमैन कांग्रेस की मंडलीय समीक्षा कार्यक्रम की तैयारियों की रूपरेखा तैयार किए जाने पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक के कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजयराय रहेंगे। बैठक में सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम से संबन्धित कार्यों का दायित्व भी सौंपा गया।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी ने कहा कि फिशरमैन कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 21 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश उपाध्यक्ष फ्रंटल प्रभारी विश्वविजय सिंह शामिल होगे। बैठक में उन्होंने सभी कांग्रेसियों के अलावा जिले वासियों ने कार्यक्रम मे शामिल होकर कांग्रेस की विचार धारा से जुड़ने का आहवान किया है।



मासिक बैठक में मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

- कांग्रेस पार्टी ने किसानों, मजदूरों और गरीबों के हित का काम किया

कार्यक्रम संयोजक संतोष धुरिया ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने देश के किसानों, मजदूरों, गरीबों के हितों के लिए कार्य किए है और कांग्रेस सरकार के शासन में कमजोर वर्गों के हितों का सबसे ज्यादा ख्याल रखा गया। कहा कि किसानों के लिए चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं को भाजपा ने बंद कर किसानों की कमर तोड़ दी। किसानों के हक के साथ छेड़छाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर जिला सचिव बिंद्रवन कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग के अशोक कुमार राजपूत, मुकेश कुमार सक्सेना, राममनोहन सिंह, अखिलेश सिंह, हरगोविंद सिंह, रामसिंह राजपूत, लक्ष्मी प्रसाद प्रजापति, मान सिंह राजपूत, महेश अहिरवार, छक्कीलाल राजपूत, प्रमोद कुमार निरंजन, खालिक मोहम्मद, मो0 इकबाल, दुलारे खां, मंगल सिंह लोधी, कन्हैयालाल, संतोष कुमार पंसारी सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# आवारा कुत्तों के वार्डों में घूमने से दहशत

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल आज कल आवारा कुत्तों के लिए आरामगाह बन गया है। कुत्तों की बढ़ती संख्या से जहां गंदगी फैल रही वहीं वार्डों में भर्ती मरीजों और अस्पताल में उपचार करने आ रहे लोगों को इन कुत्तों का डर सता रहा है। लोग कुत्तों को देखकर डरे सहमे हुए रास्ता बदल देते हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं और बच्चों को उठानी पड़ रही है बावजूद इसके अस्पताल विभाग द्वारा इन आवारा कुत्तों की आवाजाही पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है।

जिला अस्पताल में आवारा कुत्तों का झुंड मरीजों और तीमारदारों के लिए खतरा बना हुआ है। अस्पताल में अव्यवस्थाओं की कोई कमी नहीं है और उस पर एक यह समस्या भी जुड़ गई है। कुत्तों के लिए अस्पताल के वार्ड व परिसर आरामगाह बन गया है जहां पर वह बेफिक्र होकर



जिला अस्पताल के वार्ड में घूमता कुत्ता।

बिना रोकटोक घूम रहे और इसके बाद जहां चाहे वहां आराम करने लगते हैं, जिसका एक सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हुआ है। वीडियो में कुत्ता वार्ड में घूम रहा है और भर्ती मरीजों के बेड के नीचे और आसपास बैठ जाता है, जिससे मरीजों और तीमारदार असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

वार्ड में भर्ती मरीज शरीफ ने बताया कि उसे पीलिया और टाइफाइड हो गया। जिसके चलते वह अस्पताल में भर्ती है, लेकिन वार्ड में आवारा कुत्तों का झुंड यहां वहां घूमता रहता है। जिससे उसे डर है कि कहीं कुत्ते उस पर हमला

- अस्पताल के वार्डों में कुत्तों की आवाजाही पर विभाग रोक लगाने में नाकाम

कर काट न ले। इतना ही कुत्ते बेड के नीचे लेट जाते है गंदगी फैलाते है। कई बार अस्पताल कर्मचारी से इस बाबत बताया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्राम पिपरामाफ निवासी राजेंद्र ने बताया कि उसका भाई अस्पताल के वार्ड में भर्ती है, लेकिन कुत्तों के वजह से उसका खानपान की सामग्री को बचाकर रखना पड़ रहा है। कुत्ते वेड के पास रहे सामान के थैले में मुंह मारकर खाने पानी का सामान बर्बाद कर देते है और भगाने पर वह भौंकने लगते है, जिससे उसे भी कुत्तों से डर लगने लगता है। इस बाबत विभागीय अधिकारियों और डाक्टरों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उन्होंने आवारा कुत्तों की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए कर्मचारियों को तैनात कर दिया है।

## आज अल्ट्रासाउंड अनुप्रयोग पर किया जाएगा कार्यक्रम

**महोबा।** वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में इंडियन नेशनल साइंस अकादमी नई दिल्ली के तत्वाधान में अल्ट्रासाउंड और उसके अनुप्रयोग विषय पर दिनांक 15 अक्टूबर सुबह ग्यारह बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर डा0 राजाराम यादव, पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर एवं पूर्व विभाग अध्यक्ष भौतिक विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज होंगे। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुशील बाबू ने दी। उन्होंने जनपद के समस्त महाविद्यालय एवं इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं से उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर जानकारी हासिल करने की अपील की है। कहाकि इस कार्यक्रम में कई नई बातें पता चलेंगी।

# मौसम बदला, अस्पताल में बढ़े मरीज

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** बारिश के बाद निकल रही धूप के चलते संक्रामक बीमारियां तेजी से पांव पसार ही है। आज कल जिला अस्पताल में मरीजों को उपचार कराने के लिए लंबी लाइन में लगना पड़ता है। नम्बर आने के बाद ओपीडी में मौजूद डाक्टर द्वारा मरीजों को देखा जाता है। दूर दराज के इलाकों से आने वाले मरीजों को काफी देर तक इंतजार करने के बाद उपचार मिल पाता है। हालत यह है कि आज कल जिला अस्पताल में लगभग डेढ़ हजार नए मरीज आ रहे है जिसके चलते डाक्टरों को पल भर की फुर्सत नहीं मिल रही है। सुबह साढे आठ बजे से दो बजे तक डाक्टरों की ओपीडी में मरीजों की लंबी लाइन लगी रहती है।

गौरतलब है कि बारिश के बाद अब बुखार, पेट दर्द, सिर दर्द, मलेरिया और उल्टी दस्त के सबसे



ओपीडी के बाहर उपचार कराने के लिए लगी लाइन। अमृत विचार

ज्यादा मरीज आ रहे हैं। अलग अलग ओपीडी में मजीरों क लंबी लंबी लाइन लगी रहती है। मरीजों को एक लाइन पर लगाने के लिए सुरक्षा गार्ड की कोई व्यवस्था न होने से मरीज एक दूसरे के आगे होने के चक्कर में लड़ते झगड़ते भी रहते हैं। अब जिला अस्पताल में मरीजों को उपचार कराना आसान नहीं है। काफी मशक्कत के बाद भारी भीड़ के चलते इलाज मिल पाता है।

जिला अस्पताल में उपचार कराने के लिए सुबह साढ़े आठ बजे से मरीज पर्चा बनवाने के बाद ओपीडी में लाइन लगा लेते हैं। इतना ही नहीं पर्चा बनवाने के लिए भी मरीजों को लंबी लाइन पर खड़ा होना पड़ता है हालांकि जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा महिला और पुरूषो के पर्चे बनवाने के लिए अलग अलग काउंटर खोल दिए गए इसके बाद भी काफी लंबी लाइन लगी होने के कारण देर में मरीजों का पर्चा बन पाता है। जिला अस्पताल के अलावा प्राइवेट अस्पतालों मे भी मरीज उपचार कराने के लिए पहुंच रहे हैं। लाइन से बचने के लिए संपन्न परिवार के लोग प्राइवेट अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं।

- भीड़ को देखते हुए लाइन लगाकर किया जाता है मरीजों का इलाज

"मौसम के बदले मिजाज के कारण मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। मरीजों की भारी भीड़ को देखते हुए उन्हें लाइन पर लगवा दिया जाता है जिससे मरीजों को नंबर आने पर उपचार किया जा सके। आज कल सबसे ज्यादा मरीज बुखार, सिर दर्द और उल्टी दस्त के पीड़ित आ रहे हैं। ज्यादातर मरीजों की जांच कराकर ही उपचार किया जाता है जिससे मरीजों का समय पर और समुचित उपचार हो सके।

डाक्टर गुलशेर, चिकित्साधिकारी जिला अस्पताल महोबा

# 27 तक खंडवार लगाया जाएगा रोजगार शिविर

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिले के सभी विकासखंडों में एसआईएस इंडिया लि0 के तत्वावधान में बेरोजगारों को रोजगार से दिलाए जाने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। कंपनी द्वारा सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर व सुरक्षा अधिकारी पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर नियुक्ति दी जाएगी। यह रोजगार शिविर का आयोजन 14 से 27 अक्टूबर तक अलग-अलग विकासखंड में किया जाएगा।

जिला पंचायत अधिकारी पंकज यादव ने बताया कि 14 व 15 अक्टूबर को विकासखंड कबरई, 16 को विकासखंड चरखारी, 17 को नवोदय महाविद्यालय पनवाड़ी, 18 को विकासखंड चरखारी सभागार में शिविर लगेगा। 19 व 21 को जैतपुर विकासखंड, 22, 23 व 24 को पनवाडी, 25 को जैतपुर विकासखंड, 26 को चरखारी विकासखंड और 27 को कबरई विकासखंड में शिविर लगेगा।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती के आवेदन कर सकते हैं। सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी पद के लिए लम्बाई 165 सेंमी, सीना 75-85 सेमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच होना अनिवार्य है। वजन 50 से 90 के मध्य होना चाहिए। हाईस्कूल पास होना चाहिए वही, सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 12वीं पास एवं सुरक्षा अधिकारी के लिए ग्रेजुएशन होना जरूरी है।

- सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर और अधिकारी पद के लिए कंपनी करेगी अभ्यर्थियों का चयन

# रोली-चंदन लगाकर की शस्त्र पूजा

संवाददाता पनवाड़ी महोबा

**अमृत विचार।** कस्बे के अवध गार्डन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्तवाधान में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयं सेवकों ने बंदूक, कुल्हाड़ी, तलवार, फरसा सहित तमाम अस्त्रों शस्त्रों की रोली चंदन लगाकर विधिवत तरीके पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर वक्ताओं द्वारा स्वयं सेवक संघ के 99 वर्षीय यात्रा पर प्रकाश डाला गया साथ ही अग्निवीर योजना को देश भक्ति और अनुशासन की योजना बताया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय डिग्री कॉलेज प्राचार्य श्याम शंकर सिंह ने अपने वक्तव्य में आरएसएस की 99 वर्षीय यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए संगठित होना आवश्यक है। संघ की प्रार्थना, जिसे स्वयंसेवक प्रतिदिन स्मरण करते हैं, सर्वप्रथम इसका जिक्र है।



कार्यक्रम दौरान शस्त्रों को रोली चंदन लगाते आरएसएस के लोग। अमृत विचार

- राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने शस्त्र पूजन कार्यक्रम कर अग्निवीर योजना पर डाला प्रकाश

उन्होंने साल 1990 में जम्मू कश्मीर से हिंदुओं के पलायन पर अफसोस जताते हुए कहा कि देश के करीब 200 जिलों में हिंदुओं की आबादी में कमी दर्ज की गई है, जो चिंता का विषय है। इस ओर ध्यान देना होगा।

चित्रकूट धाम विभाग सेवा प्रमुख मातादीन ने अग्निवीर योजना को युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसर करार देते हुए कहा कि चार साल की नौकरी दौरान उनमें देश भक्ति के साथ अनुशासन की कला विकसित होगी जिससे आगे का जीवन सुगम होगा साथ ही शस्त्रों में निपुण होकर युवा अंदरूनी दुश्मनों से लोहा लेने में सक्षम बनेंगे। इससे पूर्व सैकड़ों आरएसएस के लोगों ने अपने शस्त्रों को रोली चंदन लगाकर पूजा की। जिला प्रचारक चंदन, सह जिला कार्यवाह बृजेंद्र, सह जिला शारीरिक प्रमुख जयप्रकाश, जिला पर्यावरण प्रमुख मार्तंड आदि स्वयं सेवक रहे।

## आज राजकीय महाविद्यालय में व्याख्यान कार्यक्रम

**महोबा।** वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में इंडियन नेशनल साइंस अकादमी नई दिल्ली के तत्वाधान में अल्ट्रासाउंड और उसके अनुप्रयोग विषय पर दिनांक 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ,पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर एवं पूर्व विभाग अध्यक्ष भौतिक विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज होंगे। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रोफेसर सुशील बाबू चित्रकूट धाम वा झांसी मंडल झांसी ने दी है। उन्होंने सभी महाविद्यालय व इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं से व्याख्यान से लाभान्वित होने की अपील की है।

# गोवर्धन नाथ मेले के लिए बजट स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** श्री गोवर्धन्नाथ जू मेला चरखारी के आयोजन के लिए आयोजित हुई बैठक में होने वाले धार्मिक' सांस्कृतिक खेलकूद प्रतियोगिताओं आदि पर होने वाले प्रस्तावित बजट को बोर्ड द्वारा हरी झण्डी दी है जिसमें कवि सम्मेलन एवं मुशायरा अलग अलग कराते हुए अधिक बजट के प्रावधान के साथ ल हाकी के आयोजन के लिए बजट स्वीकृत किया गया है।

धार्मिक मेला सहस्त्र श्री गोवर्धन्नाथजूमहाराज का आयोजन 2 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक चलेगा। पहले चरण में धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा खेल प्रतियोगिताएं' दंगल आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। विगत कई वर्षो से बजट के अभाव में सभी कार्यक्रम रस्म अदायगी के रूप में होते आए हैं। इस बार बोर्ड ने मेला का आयोजन अच्छे स्तर पर कराने के निर्णण लिया है। पालिका अध्यक्ष मंजू कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार ने आय व्यय का ब्योरा पेश किया। मेला आयोजन पर चर्चा की। सभासदों ने कवि सम्मेलन' मुशायरा का बजट बढ़ाए जाने का प्रस्ताव रखा। चरखरीका प्रिय खेल हाकी कोरोना काल से ही बाधित है लेकिन इस बार सभी सभासदों ने एक राय बनाते हुए हाकी टूर्नामेंट के आयोजन के साथ बजट को स्वीकृति प्रदान की है।

- कवि सम्मेलन, मुशायरा का बढ़ा बजट, हॉकी टूर्नामेंट पालिका द्वारा कराने पर बनी सहमति

धर्म-अध्यात्म | श्रीनगर के रामलीला मैदान में लीला देखने के लिए रात तक डटे रहे दर्शक

# प्रभु राम का जन्म होते ही पूरा विश्व करने लगा मंगल गान

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** नवयुवक रामलीला श्रीनगर द्वारा किले के समीप स्थित रामलीला मैदान में मंचन कलाकारों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। रामलीला के प्रथम दिन कलाकारों प्रभु श्रीराम जन्म की लीला की कथा का सजीव अभियन किया गया। राम जन्म होते ही सभी ने नाचते हुए बधाइयां गीत गाए। कस्बे में शुरू हुई रामलीला का मंचन देखने के लिए दर्शक रात भर अपनी जगह पर बैठे रहे और रामायण का आनंद लेते हुए जय श्रीराम के जयकारे लगाते रहे।

रामलीला का मंचन करते हुए कलाकारों ने मंचन किया कि राक्षसों के आतंक से परेशान होकर सभी



श्रीनगर में आयोजित रामलीला में अभियन करते कलाकार। अमृत विचार

देवतागण ब्रह्मा जी के पास जाते हैं और ब्रह्मा जी शंकर जी के पास पहुंचकर मंथन करते हुए कहते हैं कि इसका निदान तो सिर्फ प्रभु विष्णु के पास है। सभी देवता प्रभु विष्णु से रावण सहित सभी राक्षसों के आतंक से मुक्ति के लिए विनय करते हैं। इस पर प्रभु विष्णु आश्वासन देते हुए कहते हैं कि वह शीघ्र ही मृत्यु लोक में राजा दशरथ के घर जन्म लेंगे और आप सभी के कष्टों का निवारण करेंगे।

इसके बाद कलाकार अभियन करते हैं कि तीन विवाह करने के बाद संतान न होने पर राजा दशरथ ने कुलगुरु वशिष्ठ से अपनी मन की बात कही उस पर कुलगुरू ने महर्षि श्रृंग ऋषि से मिलकर कर पुत्रेष्टि यज्ञ कराते हैं तब अग्नि देव प्रकट होकर रानियों को खीर खिलाने को देते है जिसे के बाद रानी कौशल्या की कोख से प्रभु राम का जन्म होता है और बाद में इसके बाद रानी सुमित्रा लक्ष्मण, शुत्रघन और कैकई भरत को जन्म देती हैं।

प्रभु राम का जन्म होते ही अयोध्या नगरी सहित पूरा विश्व मंगल गान करने लगा। भोले शंकर बाल रूपी भगवान श्रीराम के दर्शन करने आते हैं और वशिष्ठ जी चारों भाइयों का नामकरण संस्कार करते हैं। कलाकारों द्वारा रामलीला बहुत ही आकर्षक ढंग से दिखाई गई। शंकर जी की भूमिका नरेंद्र गंगेले, वसिष्ठ जी की भूमिका हरिशचंद्र शर्मा, विष्णु और राम की भूमिका समर्थ तिवारी और लखन लाल ने की तथा व्यास की भूमिका रतिशचंद्र रावत और संचालन अनिल शुक्ला का रहा। इसके अलावा रामलीला में रावण सुबोध गंगेले, इंद्रजीत की भूमिका दीपू शुक्ला, कुंभकरण की भूमिका जीतेंद्र कुशवाहा, गाय माता की भूमिका प्यारे लाल ने अदा की भूमिका मन्नय तिवारी द्वारा निभाई जाएगी।

रामलीला में अखिल शुक्ला, यशवर्धन त्रिवेदी, प्रकाश कुशवाहा, अनूप गंगेले आदि ने व्यवस्था करने में अहम भूमिका निभाई।

# महिला लोक कलाकारों को किया प्रोत्साहित

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** संस्कृति विभाग के शासनादेश और जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के विभिन्न मंदिरों में देवी भजन एवं नारी सम्मान के गीतों के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें पुरुष लोक कलाकारों के साथ साथ महिला कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें मंच प्रदान करते हुए उनकी कला को प्रदर्शित करते हुए जिले वासियों को बुंदेली भाषा से रुबरू कराने का काम किया गया।

संस्कृति विभाग द्वारा आयेजित कार्यक्रम में वे बुंदेली कलाकार शामिल हुए जो संस्कृति विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कलाकार हैं। इन कलाकारों को खासकर महिलाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में बुंदेली



मंच में अपनी कला का प्रदर्शन करती महिला कलाकार। अमृत विचार

भाषा में देवी के भजन एवं नारी की सुरक्षा और सम्मान से सबंधित गीत की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए जन समुदाय को इन लोक कलाकारों ने गीत गाकर जागरूक करने का काम किया,

जनपद के बड़ी चंद्रिका मंदिर, छोटी चंद्रिका मंदिर, मदारन देवी मंदिर, महेशवरी देवी मंदिर चरखारी, बाघविराजन देवी मंदिर कुलपहाड़, बड़ी माता मंदिर पनवाड़ी, पंच पहाड़ी मंदिर कबरई, छेमायी माता मंदिर जैतपुर, श्रृंगी ऋषि मंदिर खरेला मंदिरों पर लोक कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई, इन महिला कलाकारों प्रमुख रूप से प्रतीक्षा यादव, अनीता सक्सेना, नैंशी श्रीनगर, गायत्री राय आदि शामिल रहे।

इन कलाकारों को विभाग की तरफ से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# कालपी में सिर कूंचकर युवक की हत्या

## जोधर नाले के पास कंबल से लिपटा मिला शव, शिनाख्त करने में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** कालपी में अज्ञात युवक का कंबल में लिपटा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की हत्या सिर कूंच कर की गई है। खबर मिलते ही सीओ कोतवाल फॉरेंसिक टीम सहित मौके पर पहुंचकर साक्ष्यों को एकत्रित कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

कालपी कोतवाली क्षेत्र में जोल्हूपुर-हमीरपुर हाईवे स्थित लमसर गांव से निकले जोधर नाले के समीप घटोई बाबा मंदिर के पास एक अज्ञात युवक का शव कंबल से लिपटा मिला। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है।



मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

शव की जानकारी तब हुई जब स्थानीय लोग घटोई बाबा मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने कपड़े व कंबल में अज्ञात युवक का शव देखा। तत्काल आसपास के लोगों के साथ पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही सीओ देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार पाठक फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। बाद में अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार ने भी घटना स्थल का निरीक्षण

● शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने शुरू की विधिक कार्रवाई

किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्यों को संकलित कर युवक के शिनाख्त के प्रयास किए। प्रथम दृष्टया चेहरे पर चोटों के निशान देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं इस मामले में पुलिस ने जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बारे में कालपी के सीओ डॉक्टर देवेंद्र पचौरी ने बताया कि अज्ञात युवक का शव मिला है। शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया, है जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

## अलग-अलग स्थान से दो बाइक चोरी

**उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पाठक पुरा निवासी संतोषी प्रजापति पत्नी गंगादीन निवासी पाठकपुर ने कोतवाली में बीती 8 अक्टूबर को तहरीर दी। जिसमें बताया कि अज्ञात चोर उसकी बाइक की चोरी कर ले गए।

उसने और मोहल्ले वालों ने बाइक की बहुत खोजबीन की लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। वहीं दूसरा मामला रेढर थाना क्षेत्र के ग्राम नावली का है। यहां के निवासी श्याम बाबू पुत्र रामगोपाल दोहरी ने गढ़ी थाना माधोगढ़ की आज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों को दर्ज कर चोरी गई बाइकों की खोज शुरू कर दी है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** आटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार भाग रहा ट्रैक्टर ग्राम चमारी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दबकर चालक की मौत हो गई। घटना से वहां अफरातफरी मच गई और सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी महिला नीलम देवी पत्नी अशोक कुमार कौशिक बीती 23 नवंबर को ट्रैक्टर से उरई लौट कर आ रहा था। इसी दौरान जब उसका ट्रैक्टर आटा थाना क्षेत्र के ग्राम चमारी के पास पहुंचा तभी ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबकर चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना देखकर वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना आटा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन के जरिए ट्रैक्टर को सीधा करवाया और उसके नीचे दबे चालक को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। लेकिन जब तक चालक थी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पूरे मामले को संज्ञान में लिया और तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करली है। पुलिस का कहना है जल्दी जांच पड़ताल करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन से गिरकर सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**उरई।** ट्रेन में सफर करते समय माल गोदाम के पास ट्रेन से गिरकर सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिहौनी निवासी संतोष सिंह राजावत 35 वर्ष झांसी यूनिवर्सिटी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। रविवार को वह ग्वालियर जाने के लिए दोपहर को गांव से निकला था। ट्रेन में दरवाजे के पास बैठे होने के कारण वह अचानक से पुराने माल गोदाम के पास अनियंत्रित होकर नीचे आ गिरा, जिससे सिर में गहरी चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने जब उसे पटरी किनारे देखा तो इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद खबर उसके परिजनों को दी।

# दुर्घटना से बचने के लिए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के साथ-साथ मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन परिवहन विभाग, पुलिस, यातायात पुलिस द्वारा किया गया।

रजनीश सिंह, प्राचार्य मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों को महिला सशक्तिकरण एवं सड़क सुरक्षा की प्रस्तावना से अवगत कराया गया व सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

महिला थानाध्यक्ष उमा सैनी कहा कि बालिकाओं को अपनी सुरक्षा हेतु प्रशासनिक सहायता के साथ-साथ स्वयं सावधान व सजग रहना चाहिए। महिला सशक्तिकरण व नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व महिला सहायता हेल्पलाइन नम्बरों (यथा-102, 108, 112, 181, 1076, 1090, 1098) के बारे में विस्तृत जानकारी दी व सड़क सुरक्षा के नियमों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभीजनों को जागरूक किया गया।



सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाते अधिकारी। अमृत विचार

● वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट का करें प्रयोग

वीर बहादुर सिंह, यातायात प्रभारी द्वारा उपस्थित सभी जनों को यातायात नियमों के बारें में जानकारी दी गयी तथा शहर के विभिन्न चौराहों पर लगी यातायात सांकेतिक बत्तियों के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-।) द्वारा बच्चों को सड़क पर सावधानी से चलने व वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, सड़क पर लगे यातायात सांकेतिक चिन्हों का पालन करने, वाहन को तीव्र गति से न चलाने, वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करने, 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरान्त, आवश्यक चालक लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही छात्र-छात्राओं से वाहन का संचालन करने का आह्वान किया। कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर हम सुरक्षित चल सकते हैं और दुर्घटनाओं को कम कर सकते हैं।

## प्रसव के बाद हालत बिगड़ने से महिला की मौत

**उरई।** कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम नुनसाई में प्रसव के बाद हालत बिगड़ने से महिला की मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष द्वारा ससुरालीजनों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है।

कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम नुनसाई निवासी राम किशोरी 30 वर्ष पत्नी कमलेश को रविवार रात प्रसव पीड़ा हुई तो परिवार के लोगों ने उसका घर पर ही प्रसव कर दिया। प्रसव के बाद उसकी हालत बिगड़ गई, जबकि नवजात सुरक्षित रहा। गंभीर हालत में परिवार के लोग उसे उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, मामले की खबर पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। मृतका की मां गीता देवी पत्नी रघुवर निवासी ग्राम बागी थाना कदौरा ने बताया कि इससे पहले भी उसकी पुत्री के तीन बच्चे हो चुके हैं जिसमें भी ससुरालीजनों ने लापरवाही बरती थी।



निरीक्षण करते एसडीएम सुशील कुमार सिंह व आबकारी अधिकारी मुकेश प्रताप सिंह।

# दर्जनभर शराब की दुकानों में छापा मारकर चेकिंग की

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** विभिन्न पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा कालपी नगर, उसर गांव तथा जोल्हूपुर में दर्जन भर से अधिक देशी, अंग्रेजी बियर तथा देशी मदिरा की दुकानों में छापा मारकर अभियान चलाया गया। टीम के द्वारा मदिरा की दुकानों की चेकिंग करके लाइसेंस धारकों तथा संचालकों को ओवररेटिंग में मदिरा न बेचने की चेतावनी दी गई।

उप जिलाधिकारी के साथ क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक आबकारी अधिकारी मुकेश प्रताप सिंह की संयुक्त टीम में शामिल पुलिस कर्मियों तथा आबकारी कर्मचारियों ने कालपी नगर के मोहल्ला बाईपास, सब्जी मंडी, टरनंनगंज टॉकीज रोड, खोवा मंडी के अलावा जोल्हूपुर मोड़,उसर गांव आदि स्थानों में स्थित देसी तथा अंग्रेजी शराब की दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया। दुकानों में शराब के स्टॉक का निरीक्षण तथा गणना करके रजिस्टर तथा अभिलेखों से मिलान किया। इस दौरान बोतलों तथा पैकेटों की सील की भी जांच की।

## सार-संक्षेप

### खेत पर फसल देखने गए किसान की हालत बिगड़ने से मौत

**उरई।** कोटरा क्षेत्र में ग्राम धुरट सोजना में किसान की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि वह कर्ज में था और खेत में फसल देखने के लिए गया था। कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम धुरट सौजना निवासी भगवत प्रसाद 65 वर्ष पुत्र शिवचरन खेत पर अचेत होकर गिर गया, सूचना पर पहुंचे परिजन अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे अखिलेश ने बताया कि कई वर्षों से खेतों में फसल में नुकसान होने से निरंतर कर्ज में डूबता चला गया। इस वर्ष भी अधिक वर्षा होने के कारण जलभराव वाले खेतों में सारी तिली व मूंगफली नष्ट हो गई थी। जिससे वह घर पर खामोश खामोश से रहने लगा था। उसकी नातिन मुस्कान की शादी तय हो चुकी थी आने वाले दिनों में शादी भी करनी थी। सोमवार को वह अपना खेत देखने के लिए गया था और देर रात तक वह घर नहीं लौटा। समय रहते घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान परिवार के लोग खेत पर पहुंचे। जहां पर वह अचेत अवस्था में पड़ा मिला। अचेत अवस्था में पड़ा देख वह उसे प्राईवेट अस्पताल ले गए। जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



माला पहनाकर नवनिर्वाचित पदाधिकारी को सम्मानित करते अधिवक्ता।

### जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान

**कालपी।** जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य पदाधिकारियों का प्रथम बार कालपी आगमन पर अधिवक्ताओं ने फूल-माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं के निराकरण तथा उनके हितों के लिए हम लोग निरंतर संघर्ष करेंगे। सोमवार को जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत शरण मिश्रा, महामंत्री पंकज खरे, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, संयुक्त सचिव नेहा रंजन, सौरभ सोनी व अन्य अधिवक्ताओं के साथ कालपी तहसील पहुंचे, कचहरी परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता अपूर्व शरद श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारी का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष भागवत शरण मिश्रा तथा महामंत्री पंकज खरे कहा कि अधिवक्ताओं ने मुझे जो दायित्व सौपा है उसे मैं पूरी ईमानदारी व लगनशीलता से निर्वाह करूंगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों के लिए संघर्ष करने में पीछे नहीं हटूंगा। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष करन सिंह राजपूत, जयवीर सिंह, सफीक मंसूरी, जयकिशोर कुलश्रेष्ठ, अतीक अहमद, शिवम पाल, गोलू श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता मौजूद रहें।

### रामलीला महोत्सव का समापन

**जालौन।** रामलीला भवन में चल रहे 176वें महोत्सव का समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन भरत मिलाप व राम राज्याभिषेक के साथ लवकुश लीला का मंचन किया गया। रामलीला महोत्सव के अंतिम दिन रामलीला भवन में प्रभु श्री राम के अयोध्या वापसी के साथ भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया तथा राज्याभिषेक हुआ। इस दौरान प्रभु श्रीराम संग माता सीता राजगद्दी पर विराजमान हुईं। लक्ष्मण, भरत, शत्रुहन, हनुमान जी सहित पूरी अयोध्या में खुशी मनाई गई। इसके बाद लवकुश लीला का मंचन किया गया। दूसरे प्रसंग में श्रीराम लक्ष्मण से मां सीता को वन भेजने को कहते हैं। प्रभु राम की आज्ञा पाकर लक्ष्मण सीता जी को वाल्मीकि आश्रम छोड़ आते हैं। वहीं, अश्वमेघ यज्ञ में सफेद घोड़े को छोड़ने के बाद लवकुश घोड़े को आश्रम में बांध देते हैं। जहां राम के साथ लवकुश के बीच युद्ध के लिए जैसे ही राम धनुष उठाते हैं। धनुष बाण छूट जाता है और उसी समय सीता जी धरती में समां जाती हैं। इस मौके पर राम के रूप में संतोष दुबे , सीता रामदूत तिवारी , लक्ष्मण गणेश दुबे , भरत सत्यव्रत तिवारी , शत्रुघ्न प्रिंस चतुर्वेदी , हनुमान जी संतोष गुसाई समित अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता मंत्री पवन चतुर्वेदी, निदेशक प्रयाग गुरु, राजकुमार मिझौना, गुड्डन सक्सेना आदि लोग उपस्थिति रहे।

### मारपीट व एससीएसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज

**उरई।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम सुरहती निवासी गौरव पुत्र मुन्नालाल ने थाने में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि मनोज यादव पुत्र बलवान सिंह निवासी गढ़ा थाना आटा समेत पांच लोगों ने मिलकर उसके मित्र विकास के साथ उसके घर में घुसकर जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया। इसके बाद गाली गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

# जिलाधिकारी ने तहसील कार्यालय का किया दौरा

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने सोमवार को कालपी तहसील का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की बैठक कर शासकीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी के कार्यालय में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बिंदुबार तरीके से समीक्षा की। आईजीआरएस प्रार्थना पत्रो के निस्तारण की वास्तविकता जानी। इसी प्रकार उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार के न्यायालयों में लंम्बित मुकदमों के निस्तारण की समीक्षा की गईं । जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए राजस्व संम्बंधी मामलों को जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक अतुल कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार तारा शुक्ला, नीलमणि सिंह आदि मौजूद रहे।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार ।

## मायके में रह रही महिला की मौत

**कालपी।** नगर के मुहल्ला उदनपुरा में मायके में रह रही महिला की बीमारी के चलते मौत हो गई। कालपी के मुहल्ला उदनपुरा निवासी कुसुम 30 वर्ष की दूसरी शादी राधाकृष्ण निवासी कटइया थाना सहार जिला औरैया के साथ हुई। आरोप है ससुरालीजन उसके साथ मारपीट करते थे। बीते तीन अक्टूबर को भी ससुरालीजनों ने मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। जिसके बाद वह अपने मायके आ गई थी, और मारपीट के बाद वह बीमार रहने लगी थी रविवार को उसकी हालत बिगड़ने पर घर के लोग उसे मेडिकल कालेज ले गए। जहां इलाज के बाद हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया था लेकिन रात में उसकी मौत हो गई। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक का कहना है कि महिला लंबे समय से बीमार चल रही थी, इसी कारण उसकी मौत हो गई है।



कार्यक्रम में मौजूद विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति दुर्गावाहिनी की कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

# महिलाएं संस्कार के साथ जूडो भी सीखें

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति दुर्गावाहिनी के द्वारा शस्त्र पूजन का आयोजन सिटी सेंटर उरई में किया गया। सभागार में मातृ शक्ति दुर्गावाहिनी की सदस्यों व पदाधिकारियों ने शस्त्र पूजन किए। वहीं अहिल्यावाई होल्कर की 300वीं जयंती एवं रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मातृ शक्ति प्रान्त संयोजिका डॉ सीमा जादौन ने देवी अहिल्यावाई होल्कर के जीवन से प्रेरित उदाहरण रखकर वर्तमान परिस्थिति में नारी शक्ति की भूमिका के बारे में बताया। दुर्गावाहिनी प्रान्त संयोजिका अवनी राजपूत ने लड़कियों को मजबूत बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा लड़किया पढ़ाई के साथ-साथ शस्त्र संचालन एवं जूडो सीखकर अपने को मजबूत करें। ताकि संस्कार के साथ शक्ति का भी संचार हो। विशिष्ट अतिथि डॉ अलका रानी पुरवार ने कन्या पूजन के महत्व को बताते हुए परिवार की महत्ता के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि साध्वी प्रियंका शास्त्री ने महिलाओं को सशक्त बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ स्वयं प्रभा दुबे ने किया। मुख्य रूप से मातृ शक्ति संयोजिका डॉ रचना श्रीवास्तव, सह संयोजिका संगीता पाठक, दुर्गावाहिनी से रेखा सिंह, सुविधा इटौंरिया रेखा वर्मा, प्रीति गुप्ता, व नगर मंत्री श्रेयांश दीक्षित, जिला मंत्री आचार्य तेजस विश्व हिन्दू परिषद नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सहमंत्री आशीष कपासी, लक्ष्मण दास बाबानी, श्यामदास आदि लोग उपस्थिति रहे।

कार्यक्रम | सूफी कबीर अहमद के उर्स मुबारक में उमड़ा जनसैलाब

# उरई शहर में धूम मची, सूफी कबीर की शादी रची

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला पटेल नगर जेल के पीछे स्थित सूफी बुजुर्ग हाजी कबीर अहमद का उर्स मुबारक रविवार को अदब और एहतराम के साथ शुरू हुआ। दरगाह शरीफ पर जहां फातिया ख्वानी कर खिराजे अकीदत पेश की गयी तो वहीं दो रोजा महफिले शमां के पहले दिन व दूसरे दिन कव्वाल ने एक से बढ़िया एक कलाम पेश कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

पहले दिन के प्रोग्राम में कव्वाल मतलूब निजामी ने पढ़ा कि ये तो करम है मेरे मौला अली का, महफिल भी क्या खूब सजी है, उरई शहर में धूम मची है, सूफी कबीर की शादी रची है। जिसको सुनते ही सूफी कबीर के चाहने वालों की भीड़ ने हाथ हिलाकर कव्वाल की खूब हौसला अफजाई की। लोगों ने कव्वाल को फिर से सूफी कबीर की शान में कव्वाली पढ़ने को कहा। जिसके बाद कव्वाल मकलूब निजामी ने पढ़ा कि उरई की सरजमी है जन्नत बनी हुई, जिसको सुनकर लोगों ने कव्वाल को तालियों की बौछार से नवाजा। इसके पहले कार्यक्रम में पधारे सांसद नारायणदास अहिरवार, सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर का उर्स कमेटी अध्यक्ष नसीर अहमद चिश्ती ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं सज्जादा नशीन तनवीर अहमद ने कव्वाल को पगड़ी व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। दरगाह शरीफ पर अकीदतमंदों का तांता लगा रहा और सलाम व फातिया ख्वानी का सिलसिला चलता रहा। इसके अलावा लंगर का भी आयोजन हुआ। आसपास से आये जायरीनों ने दरगाह पर चादर पेश कर मोहब्बत का यकीदा पेश किया। इस मौके पर सलीम निजामी, जफील मंसूरी, हलीम चिश्ती, मकबूल अहमद, मो आरिफ, सगीर जालौन सहित सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे।



उर्स में रचनाएं पढ़ते कव्वाल मतलूब निजामी। अमृत विचार

● कव्वाल ने सूफियाना कव्वालियां पेशकर बटोरी तालियां

## इंजीनियर की मौत के मामले में कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**उरई।** नेशनल हाईवे पर गतदिनों हुए सड़क हादसे में इंजीनियर की मौत के मामले में पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर भाजयुमो नेता के कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

नोएडा में तैनात इंजीनियर जितेंद्र यादव निवासी मोहल्ला शीतला माता मंदिर, नया पटेल नगर उरई अपनी बीमार दादी को देखने के लिए नोएडा से उरई आया था। 10 अक्टूबर की शाम सीएनजी लेने के लिए जालौन उरई मार्ग स्थित कुकरगांव के पास बने सीएनजी टैंक पर जा रहा था तभी तेज रफ्तार से आ रही भाजयुमो जिलाध्यक्ष की कार से इंजीनियर की कार में जोरदार भिड़त हो गई। बाद में इंजीनियर की मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर मृतक इंजीनियर की पत्नी नेहा गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई।



सम्मानित किए गए प्रतिभावान विद्यार्थी।

# पालिकाध्यक्ष ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सदर बाजार कालपी में सोमवार को विद्यालयों के प्रांतीय और क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद सिंह यादव द्वारा सम्मानित किया गया तथा नकद पुरस्कार दिया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक हरभूषण सिंह चौहान ने छात्र छात्राओं का उत्साह बढ़ाया और विद्यालय में हय प्रकार की सहयोग के लिए आश्वासन दिया।विद्यालय के छात्र सिद्धांत प्रजापति ने विज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और अर्पित सिंह राठौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया भैया सिद्धांत प्रजापति को क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिला है और बहन रोशनी निषाद ने क्षेत्रीय क्षेत्रीय खेलकूद में 1500 मीटर दौड़ में चौथा स्थान प्राप्त किया।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6900 -7000 अरहर 7500 -8200 मसूर 5500 -5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14900-15000 अरहरस्पेशल 11500-11600 चनादाल 8700-8800 मटरदाल 4300-4400 मसूरमलका 7350-7400 मसूरदाल 7550-7600 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1670-1720 सूजी 1700-1750 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570-1590 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500- 11000 मूंगफलीदानाषिवपुरी 9400- 11500 बटाली 8500 -11000 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14700-14800 अलसी 125600-12600 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1975-1984 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1975-1963 मयूर 1975-1963 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 4000-4100 मंगलौरलडडू 4700-4750 देशीभेली 4400-4500 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200-4260 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100



## सर्राफा



कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 93400 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 78150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 58250-58450 |

# खुदरा मुद्रास्फीति नौ माह के उच्चतम स्तर 5.49% पर

## खाद्य कीमतों में तेजी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में आया उछाल

- आरबीआई की नीतिगत ब्याज दर में भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल

नयी दिल्ली, एजेंसी

विशेष रूप से खाद्य कीमतों में तेजी के चलते देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर 2024 में उछल कर 5.49% पर पहुंच गयी। यह खुदरा मुद्रास्फीति का नौ माह का उच्चतम स्तर है और इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीतिगत ब्याज दर में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल हो सकती है।

अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति 3.65% थी। आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति को 4% या हद से हद 2% ऊपर-नीचे की सीमा में बनाए रखना



चाहता है। सितंबर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति क्रमशः 5.87 और 5.05% रही। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार सितंबर, 2024 में मुद्रास्फीति दर में उछाल मौसम की स्थिति के कारण विशेष रूप से सब्जियों और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों के ऊंचा बने रहने के साथ साथ तुलनात्मक आधार के प्रभाव के कारण भी है।

### आरबीआई की थी घोषणा

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति पिछले महीने के 5.66 से बढ़कर 9.24% हो गई। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने पिछले सप्ताह नीतिगत रेपो दर को नौवीं बार 6.50% पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया, जबकि कुछ तिमाहियों में दर में कटौती की चर्चा थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि सितंबर के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में तेजी से बड़ा उछाल देखा जा सकता है। आरबीआई का कहना कि 2023-24 में प्याज, आलू और चना दाल (ग्राम) के उत्पादन में कमी का बाजार पर प्रभाव बना हुआ है।

# एसएमई : देश के आर्थिक विकास के लिए प्रेरक

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आधार हैं। ये उद्यम नवाचार, रोजगार सृजन और समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसएमई में निवेश से उच्च विकास की संभावनाएं, विविधता और अर्थव्यवस्था को समर्थन मिलता है। इन निवेशों के साथ जोखिम भी होते हैं, जैसे आर्थिक अस्थिरता और प्रतिस्पर्धा। सही शोध और रणनीति के साथ, नए निवेशक एसएमई में अवसरों का लाभ लेसकते हैं इस पर आइये गौर करें ...



- **सूक्ष्म उद्यम :** जिनमें 10 कर्मचारी और सालाना टर्नओवर निश्चित सीमा (जैसे 2 करोड़) होता है।
- **लघु उद्यम :** जिनमें 10 से 50 कर्मचारी होते हैं और टर्नओवर लगभग 10 करोड़ तक होता है।
- **मध्यम उद्यम :** जिनमें 50 से 250 कर्मचारी होते हैं और टर्नओवर 10 से 50 करोड़ के बीच होता है।

### कंपनियां

- विनिर्माण
- सेवा उद्योग
- कृषि
- खुदरा
- आईटी और टेक्नोलॉजी

### निवेश के लाभ

- **उच्च विकास की संभावना :** एसएमई अक्सर नवाचार के लिए प्रेरित होते हैं और इसलिए उनमें विकास की अच्छी संभावनाएं होती हैं।
- **निवेश में विविधता :** छोटे और मध्यम उद्यमों में निवेश करने से आपका पोर्टफोलियो विविध हो सकता है।
- **स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन :** एसएमई स्थानीय समुदायों में रोजगार पैदा करते हैं और आर्थिक विकास में मदद करते हैं।

### जोखिम

- **आर्थिक अस्थिरता :** छोटे उद्यम अक्सर आर्थिक परिवर्तनों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।
- **सीमित संसाधन :** इसमें पूंजी, तकनीकी और मानव संसाधनों की कमी होती है।
- **प्रतिस्पर्धा :** बड़े कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो सकता है।

### कैसे करें निवेश

- **शोध करें :** एसएमई के व्यापार मॉडल, मार्केटिंग रणनीतियों और वित्तीय स्थिति का विश्लेषण करें।
- **नेटवर्किंग :** स्थानीय व्यापार संघों, निवेश फोरम और प्रदर्शनी में भाग लें।
- **मूल्यांकन :** निवेश से पहले व्यवसाय योजना को अच्छी तरह से समझें।

## सोना फिर 78,700 के उच्चस्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों और व्यापारियों की सतत लिवाली के कारण सोमवार को सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। हालांकि, वैश्विक स्तर पर सोने में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को सोना 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। ताजा औद्योगिक मांग के कारण चांदी 500 रुपये बढ़कर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले बंद भाव में यह 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## सीमा पार धन प्रेषण की लागत व समय कम करने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरबीआई के गवर्नर ने की वकालत, आईओएम के रिपोर्ट अनुसार, भारत का धनप्रेषण 111 अरब डॉलर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को विदेश भेजे जाने वाले धन में लगने वाले समय और लागत को कम करने की वकालत की, जो भारत सहित कई विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) द्वारा जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पिछले वर्ष भारत का धनप्रेषण अन्य सभी देशों से आगे बढ़कर 111 अरब डॉलर हो गया।

बैंक ऑफ इंग्लैंड के अनुमान के अनुसार, वैश्विक सीमा पार भुगतान का मूल्य 2027 तक 250 लाख करोड़ डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सीमा पार श्रमिकों द्वारा भेजे जाने वाले धन की महत्वपूर्ण मात्रा, पूंजी के सकल प्रवाह का बढ़ता आकार और सीमा पार ई-कॉमर्स के बढ़ते महत्व ने इस वृद्धि में उत्प्रेरक का काम किया है। दास ने सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण शुरुआती बिंदु है। हमारा मानना है कि ऐसे धन प्रेषणों की लागत और समय को महत्वपूर्ण रूप से कम करने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था से तलाशी जा सकती है। भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के विस्तार के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। इनमें प्रोजेक्ट नेक्सस भी शामिल है, जो चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत की घरेलू त्वरित भुगतान प्रणालियों (आईपीएस) को जोड़कर सीमा पार खुदरा भुगतान को सक्षम करने के लिए बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है।

## चीन के मुकाबले 5 वर्ष में भारतीय बाजार ने दिया अच्छा रिटर्न : सेबी

मुंबई, एजेंसी

- घरेलू शेयर बाजार ने लगातार 15% रिटर्न दिया, जबकि चीन में यह शून्य
- सेबी ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने सोमवार को निवेशकों से कहा कि घरेलू शेयर बाजार ने पांच साल में लगातार 15% रिटर्न दिया है, जबकि चीन में यह शून्य है और कई मामलों में तो गिरावट रही है। नारायण ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताते हुए निवेशकों के लिए सावधानी के कुछ क्षेत्रों को भी चिह्नित किया और उन्हें जोखिमों के प्रति सचेत रहने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में चीन के बाजारों के बारे में काफी चर्चा हो रही है। लेकिन पांच साल में भारतीय बाजार ने लगातार लगभग 15% सालाना का रिटर्न दिया है। वहीं चीन इसके आसपास भी नहीं हैं। वहां रिटर्न शून्य है। वास्तव में हांगकांग जैसे कुछ मामलों में निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा है। नारायण ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निवेशक जागरूकता सप्ताह की शुरुआत के कार्यक्रम में कहा कि 2023-24 भारत के लिए उल्लेखनीय वर्ष था। इसमें सूचकांकों ने 28% का रिटर्न दिया है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### असम : चार करोड़ मूल्य की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में गुवाहाटी के उपनगरीय इलाके में सोमवार को ट्रक से चार करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई और इस सिलसिले में असम पुलिस के विशेष कार्य बल ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। नागालैंड से गुवाहाटी की ओर मादक पदार्थ ले जाने की सूचना पर पुलिस ने जोराबाट के निकट अभियान चलाया और ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान पुलिसकर्मियों ने 537.2 ग्राम हेरोइन से भरे साबुन के 45 डिब्बे बरामद किए, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत चार करोड़ से अधिक है।

### कोविड-19 रोधी टीकों के दुष्प्रभाव वाली याचिका रद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 रोधी टीका लगाने से खून में थक्का बनने जैसे दुष्प्रभाव होने का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के इरादे से दायर की गई है। इस पर कार्रवाई के लिए मुकदमा दायर करें। इसका क्या उपयोग है? कृपया यह भी समझें कि अगर आप टीका नहीं लेते हैं तो इसका क्या दुष्प्रभाव होगा।

### कोर्ट से केंद्र ने कहा- चारधाम परियोजना 75 प्रतिशत पूर्ण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि सामरिक रूप से अहम उत्तराखंड की चारधाम परियोजना के तहत आवंटित ठेके का 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके तहत चीन तक यातायात के लिए सड़क बनाई जा रही है। सामरिक रूप से अहम 900 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना का उद्देश्य उत्तराखंड के चार पवित्र धामों यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ को साल पर चालू रहने वाली सड़कों से जोड़ना है। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ को बताया कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित निगरानी समिति ने उच्चतम न्यायालय को दो रिपोर्ट दाखिल की हैं।

### आबकारी मामला: अभिषेक की जमानत मंजूर की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत अर्जी सोमवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने अंतरिम जमानत के पहले के आदेश को नियमित जमानत में तब्दील किया। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत का विरोध नहीं किया।

# कांग्रेस चला रही भू हड़प आंदोलन

## राहुल खरगे के जमीन आवंटन अनुरोध को वापस लेने पर भाजपा ने घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे राहुल ने सिद्धारमैया की पत्नी के भूखंड लौटाने के बाद ये कदम उठाया
- भाजपा ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर जमीन घोटालों का आरोप लगाया

भाजपा ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भूमि सौदों से जुड़े भ्रष्टाचार में लिप्त है और पोल खुलने के बाद उसे नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा ने कांग्रेस पर ऐसे समय हमला किया जब कर्नाटक में सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल एम. खरगे ने बहु-कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र के लिए बेंगलुरु में पांच एकड़ जमीन आवंटन के अनुरोध को वापस ले लिया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे राहुल का यह कदम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती द्वारा मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण को 14 भूखंड लौटाने के बाद आया है। लोकायुक्त पुलिस ने इस मामले को लेकर सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया था। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये फैसले नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की प्रतिकूल रिपोर्ट और कानूनी कार्यवाही पर लिए गए हैं और एक तरह से यह उसके नेताओं की स्वीकारोक्ति है कि भू आवंटन गलत था।

त्रिवेदी ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर जमीन घोटालों का आरोप लगाया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से पूछा कि उनकी मोहब्बत की दुकान अब अवैध प्रॉपर्टी डीलर की दुकान में कैसे तब्दील हो गई?

### भूमि हड़पने का कार्य कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर

त्रिवेदी ने खरगे और सिद्धारमैया के परिवार द्वारा जमीन लौटाने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उनकी स्वीकारोक्ति है। सत्ता का दुरुपयोग करके भूमि को हड़पने का कार्य कर्नाटक में कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर हो रहा था। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि सिर्फ जमीन लौटाने से काम नहीं चलेगा। नैतिकता के आधार पर जिन्होंने जमीन वापस की, क्या उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए? त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी और विनोबा भावे के भूदान से जुड़ी पार्टी अब सोनिया और राहुल गांधी की प्रेरणा से भू हड़प आंदोलन चला रही है। जमीन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और कमलनाथ तथा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार समेत अन्य के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।

## उप्र के सीएम ने भी अपने मुकदमों को वापस लिया था : परमेश्वर


**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने 2022 में हुबली में हुए दंगे के आरोपियों पर से मुकदमे वापस लेने का सोमवार को बचाव करते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी खुद पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया था। उत्तरी कर्नाटक के हुबली में 16 अप्रैल 2022 को दंगे के दौरान पुलिस पर पत्थरबाजी की आरोपी भीड़ पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ भाजपा फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन कर रही है। इस बारे में सवाल किए जाने पर परमेश्वर ने यह टिप्पणी की।



सूत्रों ने बताया कि परमेश्वर को अंजुमन-ए-इस्लाम द्वारा दी गई अर्जी के बाद मंत्रिमंडल ने 43 मामलों को वापस लिया, जिनमें हुबली का मामला भी है। परमेश्वर ने कहा कि मामलों को वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद अदालत को जानकारी दी गई है। अगर अदालत इसे स्वीकार कर लेती है तो मामले वापस हो जाएंगे। हम सतर्कता से प्रक्रिया का पालन करेंगे। हम मामले केवल इसलिए वापस नहीं लेंगे क्योंकि किसी ने ऐसा करने के लिये कहा है।

## मेक इन इंडिया अब बनकर रह गया फेक इन इंडिया : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र सरकार का किया घेराव, बोली- इसके उद्देश्य साबित हुए जुमले

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मेक इन इंडिया की शुरुआत के समय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इसके जो उद्देश्य बताए थे वे जुमले साबित हुए हैं और मेक इन इंडिया अब फेक इन इंडिया बन गया है। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दशक में हमारे देश का आर्थिक नीति निर्माण स्थिर, पूर्वानुमान एवं समझदारी से भरा नहीं रहा है।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि मेक इन इंडिया की घोषणा के साथ प्रधानमंत्री ने चार उद्देश्य तय किए गए थे। उनकी स्थिति क्या है, इसे लेकर पड़ताल- पहला जुमलाः भारतीय उद्योग की विकास दर बढ़ाकर 12-14% प्रति वर्ष करना। हकीकत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर औसतन 5.2% है। दूसरा जुमला : 2022 तक औद्योगिक क्षेत्र में 10 करोड़ नौकरियां पैदा करना। हकीकत : श्रमिकों की संख्या 2017 में 5.13 करोड़ थी, जो गिरकर 3.56 करोड़ हो गई। तीसरा ्र : 2022 तक और 2025 तक निर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को जीडीपी के 25% ले जाएंगे। हकीकत में विनिर्माण का हिस्सा 2011-12 में 18.1 प्रतिशत था। यह गिरकर 14.3 प्रतिशत रह गया है।

## आईएएस और मंत्री से जुड़े लोगों के परिसरों पर ईडी ने मारा छापा

रांची, एजेंसी

### जल जीवन मिशन घोटाला

- योजना में अनियमितताओं को लेकर धनशोधन के मामले में रांची में कई स्थानों पर हुई कार्रवाई

ईडी ने झारखंड में जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर धनशोधन के मामले की जांच में सोमवार को रांची में कई स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि रांची में 20 से अधिक जगहों पर तलाशी ली जा रही है तथा चाईबासा और पश्चिमी सिंहभूम जिले में भी कुछ स्थानों पर छापे मारे गए।

उन्होंने कहा कि ईडी पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के स्टाफ में शामिल आईएएस अधिकारी मनीष रंजन, उनके भाई, कुछ सरकारी अधिकारियों, ठेकेदारों और व्यापारियों के परिसरों की भी तलाशी ली। रंजन भूमि, सड़क और भवन विभाग के सचिव हैं तथा ईडी उनसे पहले भी धनशोधन के अलग मामले में पूछताछ कर चुका है, जिसमें उसने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा चुनाव आने से ये जारी रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्षी भाजपा के सक्रिय सदस्य झारखंड का दौरा कर रहे हैं।

## अनशन जारी, दो और डॉक्टरों की हालत बिगड़ी

### आरजी कर मामला

कोलकाता, एजेंसी

आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद मांगों को लेकर चिकित्सकों का आमरण अनशन सोमवार को 10वें दिन भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि इस बीच दो और चिकित्सकों की तबीयत बिगड़ गयी और उनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पुलस्थ आचार्य को पेट में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि पुलस्थ क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती हैं। हमने इलाज के लिए चिकित्सा बोर्ड का गठन किया है। कोलकाता मेडिकल कॉलेज की एक और चिकित्सक तान्या पंजा की भी दोपहर को तबीयत बिगड़ गयी है, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत है। वहीं प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने सोमवार को धर्मतला के पास डोरिना चौराहे से यह मार्च निकाला जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए।



मांगों को लेकर रैली निकालते डॉक्टरों के साथ लोग।

## वक्फ पर संसदीय समिति की बैठक का किया बहिष्कार

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति की बैठक का सोमवार को बहिष्कार करते हुए आरोप लगाया कि समिति नियम-कानून के अनुसार काम नहीं कर रही है। कांग्रेस के गौरव गोगोई और इमरान मसूद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के ए राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी, सपा के मोहिबुल्लाह और आप के संजय सिंह जैसे विपक्षी सांसद बैठक से बाहर निकल गए और इसकी कार्यवाही को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। सावंत ने कहा कि विधेयक पर गौर कर रही संयुक्त समिति नियमों के मुताबिक काम नहीं कर रही है। अन्य सांसदों ने आरोप लगाया कि समिति के समक्ष उपस्थित व्यक्ति को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जैसे वरिष्ठ सदस्यों पर आरोप लगाने की अनुमति दी गई।

## मोदी पर टिप्पणी : थरूर पर मानहानि की कार्यवाही को लेकर रोक बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक सोमवार को चार सप्ताह के लिए बढ़ा दी। यह मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर कथित शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के विरुद्ध दायर मानहानि याचिका से जुड़ा है।



न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता को थरूर की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। पीठ ने निर्देश दिया कि मानहानि की कार्यवाही पर रोक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

## बीएनएस में आईपीसी की धारा 377 के समान प्रावधान बाहर करने के खिलाफ याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह मुद्दा संसद के क्षेत्राधिकार में, वह निर्देश नहीं दे सकता

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) से अप्राकृतिक यौन संबंध के अपराधों के लिए दंडात्मक प्रावधानों को बाहर करने के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। बीएनएस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) का स्थान लिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा संसद के क्षेत्राधिकार में आता है और वह इस मामले में कोई निर्देश नहीं दे सकती। पीठ ने याचिकाकर्ता को सरकार से संपर्क की अनुमति देते हुए कहा कि हम संसद को कानून बनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। आईपीसी की धारा 377 के तहत दो वयस्कों के बीच गैर-सहमति से अप्राकृतिक यौन संबंध, नाबालिगों के साथ यौन क्रियाएं और पशुगमन को दंडित किया जाता है।

## तेलंगाना के मंदिर में मूर्ति को तोड़ने से तनाव

**हैदराबाद।** तेलंगाना के सिकंदराबाद जिले के मोंडा मार्केट में मुथ्यालम्मा मंदिर में शरारती तत्वों के मंदिर में मूर्तियों को तोड़ने के बाद जिले में तनाव व्याप्त है। घटना की जानकारी के बाद लोग ने गुस्सा और रोष व्यक्त किया। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए बल तैनात किया है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद पुलिस आयुक्त सीवी आनंद के साथ स्थिति का आकलन करने के लिए मंदिर का दौरा किया। किशन रेड्डी ने पुलिस अधिकारियों से घटना का ब्योरा भी मांगा।

## मुंबई में प्रवेश करने वाले हल्के मोटर वाहनों पर नहीं लगेगा टोल शुल्क

मुंबई, एजेंसी

- महाराष्ट्र सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लिया निर्णय

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में प्रवेश के लिए सभी पांच टोल बूथ पर हल्के मोटर वाहनों के लिए टोल शुल्क पूरी तरह समाप्त करने की सोमवार को घोषणा की और यह फैसला आज मध्यरात्रि से लागू हो जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल के मुंबई में सोमवार सुबह हुई बैठक में टोल शुल्क समाप्त करने की अनुमति देने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि टोल बूथ पर यातायात जाम से टोल शुल्क समाप्त करने की मांग थी। एक अधिकारी ने बताया कि यह कदम आगामी राज्य विधानसभा चुनाव से पहले लिया गया है। टोल शुल्क समाप्त करने से दिवाली से पहले मुंबई आने और जाने वालों को राहत मिलेगा।यात्री पांच बूथ दहीसर, एलबीएस रोड-मुलुंड, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे-मुलुंड, एरोली क्रीक ब्रिज और वाशी पर टोल दिए बिना यात्रा कर सकेंगे।



# विराट में अब भी बाकी है रनों की भूख : गंभीर

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में 16 से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होगा पहला टेस्ट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा है कि उनमें रनों की भूख पहले की तरह ही बरकरार है एवं खेल के शीर्ष पर एक दशक से अधिक समय के बाद भी बल्ले से रन बनाने की उनकी इच्छा कम नहीं हुई है।

टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने 16 अक्टूबर से चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले कोहली के समर्पण की जमकर तारीफ की। विराट टेस्ट क्रिकेट में 9,000 रन बनाने के उल्लेखनीय मुकाम हासिल करने के काफी करीब है। गंभीर ने विराट के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा मुझे श्रीलंका में उनके डेब्यू टेस्ट में उनके साथ ओपनिंग करना याद है। उनकी भूख हमेशा बनी रहती है, और यही बात उन्हें विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है। विराट अपने दृढ निश्चय के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने लगातार यह साबित भी किया है कि सफलता के लिए उनकी भूख खत्म नहीं होती है। गंभीर ने इस बात पर जोर देते हुए कहा वह हमेशा अधिक रन बनाने के लिए भूखे रहते हैं और उनकी यह भूख कभी कम नहीं होती। मुझे यकीन है कि वह भारत में आगामी श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया दौरे में बल्ले से ज्यादा रन निकालने के लिए उत्सुक होंगे। उन्होंने कहा कि भारत तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज़ के लिए तैयार है उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का चुनौतीपूर्ण दौरा होगा। विराट का अनुभव और टीम के लिए उनका समर्पण महत्वपूर्ण साबित होगा। विराट ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 114 मैच खेलते हुए 8871 रन बनाए है जिसमें 29 शतक और सात दोहरा शतक शामिल है। उन्हें 9000 रन का बैरियर पार करने के लिए 140 रन की जरुरत है।

### जितना जोखिम, उतना फायदा, बल्लेबाजों पर कोई लगाम नहीं



**बेंगलुरु।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को यह स्पष्ट किया कि वह टेस्ट क्रिकेट में अपने बल्लेबाजों पर लगाम नहीं लगाएंगे क्योंकि जितना अधिक जोखिम लिया जाएगा उतना ही फायदा भी होगा। भारत ने हाल में बारिश से प्रभावित कानपुर टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ इसी तरह का रवैया अपनाया था। इस मैच में बारिश के कारण दो दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी लेकिन भारत ने आखिर में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। गंभीर ने कहा कोई ऐसा दिन भी होगा जब हमारी टीम 100 रन पर आउट हो जाए लेकिन हमें इसे स्वीकार करना होगा। हम अपने खिलाड़ियों को जोखिम से भरी क्रिकेट खेलने के लिए समर्थन जारी रखेंगे। हम इसी तरह से आगे बढ़ना चाहते हैं तथा कैसी भी परिस्थिति हो परिणाम हासिल करना चाहते हैं। गंभीर ने हालांकि तुरंत ही कहा की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना उनकी टीम के लिए आगे भी महत्वपूर्ण बना रहेगा। मैंने चेन्नई में कहा था कि हम एक ऐसी टीम चाहते हैं जो एक दिन में 400 रन बनाए तथा दो दिन तक बल्लेबाजी करके मैच ड्रॉ करा सके। इसे ही आगे बढ़ना कहा जाता है। इसे परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना कहा जाता है। यही टेस्ट क्रिकेट है। अगर आप हमेशा एक ही ढर्रे पर बने रहते हैं तो फिर आगे नहीं बढ़ सकते। गंभीर को विश्वास है कि उनके खिलाड़ी अपनी सीमा से आगे निकलने के टीम के रवैये पर कायम रहते हुए किसी भी परिस्थिति से पार पाने की क्षमता रखते हैं।



### जरूरी है अश्विन और जडेजा के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी : रचिन रविंद्र

**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने सोमवार को कहा कि अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के दोहरे खतरे से निपटना भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में उनकी टीम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होगा। अश्विन और जडेजा ने टेस्ट में मिलकर 800 से अधिक विकेट हासिल किए हैं। यह दोनों वर्तमान में विश्व क्रिकेट में सबसे अनुभवी गेंदबाजी जोड़ियों में से एक हैं। रचिन ने कहा वे लंबे समय तक एक क्षेत्र में गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं। मेरा मतलब है आप दो स्पिनरों को देखते हैं जो लगातार खेलते हैं। अश्विन और जडेजा दोनों बहुत ही कुशल गेंदबाज हैं। आप जानते हैं कि वे बल्लेबाजी भी कर सकते हैं जिससे प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए परिस्थितियां थोड़ी कठिन हो जाती है। वे निरंतर अच्छी गेंदबाजी करते हैं। खासकर दुनिया के इस हिस्से में उनके खिलाफ अच्छा संघर्ष होगा। हम जानते हैं कि भारत घरेलू परिस्थितियों में अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की गुणवत्ता में कितना अच्छा है। इससे पता चलता है कि किसी टीम के लिए यहां आकर जीतना कितना कठिन है।



### खेल के शानदार विचारक हैं कोच गौतम गंभीर : स्टार्क

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने गौतम गंभीर की रणनीतिक सूझबूझ की सराहना करते हुए कहा कि भारत के कोच खेल के शानदार विचारक हैं जो टीम की जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं और तकनीक तथा क्षेत्ररक्षण सजाने में समायोजन के माध्यम से लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। एक खिलाड़ी के रूप में स्टार्क ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के तत्कालीन मेंटर गंभीर के साथ काम किया था। गंभीर के मार्गदर्शन में केकेआर ने सबसे प्रभावशाली सत्रों में से एक का आनंद लिया और 10 साल के अंतराल के बाद खिताब जीता। स्टार्क ने कहा कोलकाता में अपने अनुभव से बोलते हुए, वह खेल के शानदार विचारक हैं। वह हमेशा प्रतिद्वंद्वी के बारे में सोचते हैं और गेंदबाजी आक्रमण के रूप में उन्हें कैसे आउट करना है या बल्लेबाजी आक्रमण के रूप में कैसे रन बनाना है। हमेशा टीम की एकाग्रता के बारे में है और तकनीक या क्षेत्ररक्षण सजाने या किसी भी चीज में छोटी-छोटी चीजों पर कैसे ध्यान दिया जाए।

## खेल डायरी

### कुसाले को महाराष्ट्र सरकार ने किया सम्मानित

**मुंबई।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले को सोमवार को महाराष्ट्र सरकार ने दो करोड़ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस और अजीत पवार ने मुंबई में एक कार्यक्रम में कुसाले और अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कुसाले ने पेरिस ओलंपिक की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की गोला फेंक एफ46 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर रजत पदक जीतने वाले एथलीट सचिन सरजेराव खिलारी को इस अवसर पर तीन करोड़ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों को भी 20 से 30 लाख रुपये तक के चेक देकर सम्मानित किया गया।

### डल्लास काउब्वॉयज ने तेंदुलकर को किया सम्मानित



**ह्यूस्टन।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का यहां डल्लास काउब्वॉयज एनएफएल मैच के दौरान टीम के मालिक जैरी जोंस ने दस नंबर की जर्सी भेंट करके सम्मान किया। अमेरिकी में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता में तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के जरिए योगदान दिया है। एनसीएल के सह मालिक तेंदुलकर अमेरिका में नये दर्शकों तक क्रिकेट को पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। एनएफएल के सबसे मशहूर केंद्रों पर उनका सम्मानित होना क्रिकेट और अमेरिकी खेलों को करीब लाने की दिशा में अहम कदम है। एनसीएल में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ी जुड़े हैं। इनके अलावा सुनील गावस्कर, वसीम अकरम, विवियन रिचडर्स जैसे लीजैंड इसके मेंटर में से हैं।

### उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के चेयरमैन बने नीरज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह को उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन की विशेष आम सभा (एसजीएम) में सर्वसम्मति से चेयरमैन चुन लिया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के विस्तार के साथ विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक प्रकाश (आईएएस) की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान विशेष रुप से उपस्थित उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने नीरज सिंह को चेयरमैन बनाने का प्रस्ताव किया जिसका पूरी कार्यकारिणी ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। सचिव प्रमोद कुमार ने बैठक के एजेंडा की जानकारी दी और कार्यकारिणी के विस्तार व कमेटियों के गठन पर मुहर लगाई गई। बैठक में सचिव प्रमोद कुमार व कोषाध्यक्ष डा.रोहित पाण्डेय ने जानकारी दी कि खेल के प्रसार में योगदान को देखते हुए बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के सचिव सहदेव सिंह समन्वय समिति के चेयरमैन बनाये गए है।

### दिल्ली हाफ मैराथन में कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद

**नई दिल्ली।** इथोपिया के दो बार के 5000 मीटर के विश्व चैंपियन मुक्तार इदरिस के यहां 20 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष एलीट वर्ग में युगांडा के 10,000 मीटर के ओलंपिक चैंपियन जोशुआ चेपटेगई को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद है।पेरिस ओलंपिक में 10 हजार मीटर का खिताब जीतने वाले 28 साल के चेपटेगई दिल्ली हाफ मैराथन में पदार्पण करेंगे। वह 10 हजार मीटर में तीन बार के विश्व चैंपियन हैं और हाफ मैराथन में उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 59 मिनट 21 सेकेंड है। चेपटेगई 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों में वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं और 15 किमी की दूरी का सर्वश्रेष्ठ समय भी उनके नाम है। उन्होंने भारत में टीसीएस विश्व 10के (10 किमी) बेंगलुरू में 2014 में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और दूसरे स्थान पर रहे थे। चेपटेगई को इदरिस से चुनौती मिलेगी जो 2022 के बाद दिल्ली हाफ मैराथन में वापसी करेंगे। उन्होंने 2020 में दिल्ली हाफ मैराथन में 59 मिनट चार सेकेंड के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ चौथा स्थान हासिल किया था। महिलाओं के एलीट वर्ग का नेतृत्व 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की 10,000 मीटर चैंपियन ग्रेट ब्रिटेन की इलिश मैकोलगन करेंगी। मैकोलगन के नाम 10 किमी की रोड रेस का यूरोपीय रिकॉर्ड है।

### पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में अगुवाई करेंगे कमिंस

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच की शृंखला में फिर से अपने देश की अगुवाई करेंगे। पिछले साल नवंबर में भारत में विश्व कप जीतने के बाद यह पहला अवसर होगा जबकि कमिंस वनडे टीम की कमान संभालेंगे। टेस्ट टीम में कमिंस के नियमित साथी तेज गेंदबाजों जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क को भी ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। सितंबर में स्कॉटलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टी-20 शृंखला में रन बनाने के लिए जूझने वाले सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क को एक और मौका दिया है। मैकगर्क स्कॉटलैंड के खिलाफ दो मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि एक मैच में उन्होंने 16 रन बनाए थे। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 30 गेंद पर 50 रन बनाए लेकिन इसके बाद उन्हें पांच मैचों की शृंखला के लिए नहीं चुना था। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पहला मैच चार नवंबर को मेलबर्न, दूसरा मैच आठ को एडिलेड ओवल तथा तीसरा और अंतिम मैच 10 को पर्थ में खेला जाएगा।

## अगर कुछ मौके भुना पाते तो स्थिति अलग होती : मजूमदार

**शारजाह, एजेंसी**



- महिला टी-20 विश्वकप में पाकिस्तान की जीत पर निर्भर है भारतीय टीम का सफर

ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद महिला टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की भारतीय टीम की उम्मीदों पर लगभग तुषारापात होने से दुखी मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि अगर टीम हाथ आये कुछ मौके भुना पाती तो नतीजा कुछ और होता। भारत को रविवार को करो या मरो के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने नौ रन से हराया।

मैच के बाद मजूमदार ने कहा हम आखिरी ओवर तक मैच में थे। ऑस्ट्रेलिया ने अपने अनुभव के दम पर बाजी मार ली। मैं इस हार से दुखी हूं। हमने अच्छी फील्डिंग की लेकिन कुछ मौके गंवाए भी। अगर वे मौके भुना लेते तो हालात दीगर हो सकते थे। भारत की उम्मीदें अब पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मैच पर लगी है और पाकिस्तान का जीतना भारत के लिए जरूरी है। मैं पाकिस्तान को शुभकामना देना चाहता हूं। हम मैच पर नजर रखेंगे।


## भारत के खिलाफ टेस्ट में चौथे नंबर पर लौटेंगे स्मिथ

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।

राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के इस साल संन्यास लेने के बाद से स्मिथ स्वेच्छा से पारी का आगाज कर रहे थे। उन्होंने नई भूमिका में दूसरे ही टेस्ट में नाबाद 91 रन बनाए लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ शृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। बेली ने कहा पैट कमिंस, एंड्रयू मैकडोनाल्ड और स्टीव स्मिथ से लगातार बात हो रही है।

## बंगाल और यूपी ने खेला ड्रा मुकाबला

**लखनऊ, एजेंसी**



- रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी : ईश्वरन ने बंगाल और गर्ग ने उत्तर प्रदेश के लिए जड़ा शतक

अनुभवी सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने नाबाद 127 रन की पारी खेलकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां बंगाल को मजबूत स्थिति में पहुंचाया लेकिन प्रियम गर्ग की नाबाद शतकीय पारी से उत्तर प्रदेश इस मुकाबले को ड्रॉ कराने में सफल रहा।

पहली पारी में बढ़त के आधार पर इस मैच से बंगाल को तीन जबकि उत्तर प्रदेश को एक अंक मिला। बंगाल ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 141 रन से आगे से करते हुए तीन विकेट पर 254 रन पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। ईश्वरन ने 172 गेंद में नाबाद 127 रन बनाये। प्रथम श्रेणी में यह उनका लगातार चौथा शतक है। उत्तर प्रदेश को जीत के लिए 274 रन का लक्ष्य मिला लेकिन खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक टीम 51 ओवर में छह विकेट पर 162 रन ही बना सकी। बंगाल ने पहली पारी में 311 रन बनाने के बाद उत्तर प्रदेश को 292 रन पर आउट कर 19 रन की बढ़त हासिल की थी। ईश्वरन ने न का आगाज 78 रन से आगे से करते हुए प्रथम श्रेणी का 27वां शतक जड़ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम में रिजर्व बल्लेबाज के लिए दावा मजबूत किया।

मुकेश और कैफ की बंगाल की तेज गेंदबाजों की जोड़ी ने सलामी बल्लेबाजों आर्यन जुयाल (पांच) और स्वास्तिक चिकारा (12) को सस्ते में समेट कर उत्तर प्रदेश की मुश्किलें बढ़ा दी लेकिन इसके बाद गर्ग ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने 156 गेंद की नाबाद पारी में 105 रन बनाए। इंदौर में खेले मैच में मध्य प्रदेश के आठ विकेट पर 425 रन के जवाब में कर्नाटक ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 206 रन बनाए।

## सिंधू और लक्ष्य सेन की नजर डेनमार्क ओपन में खोया फॉर्म हासिल करने पर

**ओडेन्से (डेनमार्क), एजेंसी**





- डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चीन के लू गुआंग झू से होगा लक्ष्य का सामना

भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 850000 डॉलर ईनामी राशि के डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के जरिए फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे। दोनों खिलाड़ियों का पिछले सप्ताह फिनलैंड के वांता में हुए आर्कटिक ओपन में प्रदर्शन औसत रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पहले ही दौर में बाहर हो गई जबकि 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन दूसरे दौर में हार गए।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे सेन को चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन ने हराया था। अब यहां उनका सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है। दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से टकरा सकते हैं। विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से क्वार्टर फाइनल में टक्कर हो सकती है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा जो पहले दौर में कनाडा की मिशेले ली से हार गई थी। नए कोच अनूप श्रीधर और कोरिया के ली ह्यून इल के मार्गदर्शन में वह पहले दौर में चीनी ताइपै की पेइ यू पो से खेलेंगी। दूसरे दौर में उनका चीन की हान युइ से सामना हो सकता है।

## इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स की टेस्ट में हुई वापसी

**मुल्तान।** पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में मंगलवार से यहां खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की अंतिम एकादश में वापसी हुई है। स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण अगस्त से टीम से बाहर थे।

इस श्रृंखला के पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को एक पारी और 47 रनों से हराया था। इंग्लैंड की एकादश में गस एटकिंसन की जगह तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया गया है। स्टोक्स ने तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह ली है जबकि टीम ने दोनों स्पिनरों शोएब बशीर और जैक लीच को अपनी एकादश में बरकरार रखा है।

## एचआईएल नीलामी: बेल्जियम के विक्टर 40 लाख रुपये में बिके

- सूरमा हॉकी क्लब ने लगाई सबसे ऊंची बोली, थिएरी ब्रिंकमैन को 38 लाख रुपये में खरीदा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) खिलाड़ी नीलामी 2024-25 के लिए दूसरे दिन सोमवार को पहले हाफ में सूरमा हॉकी क्लब ने सबसे ऊंची बोली लगाकर बेल्जियम के विक्टर वेगनेज को 40 लाख रुपये में खरीदा गया।

आज यहां नीलामी के दूसरे दिन सभी आठ फ्रैंचाइजी टीमों ने बोली लगाई। विदेशी खिलाड़ियों में डेनमार्क की जोड़ी थिएरी ब्रिंकमैन को 38 लाख और आर्थर वैन डोरेन को 32 लाख रुपये में कलिंगा लांसर्स ने खरीदा। वहीं दिल्ली एसजी पाइपर्स ने टॉमस डोमेन को 36 लाख रुपये में, कलिंगा लांसर्स ने ऑस्ट्रेलिया के एरन जेलेव्स्की को 27 लाख रुपये में, तमिलनाडु ड्रैगन्स ने ब्लेक गोवर्स को 27 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया। इस दौरान कलिंगा लांसर्स ने मोरियांगथेम रबीचंद्र को 32 लाख और मोहम्मद राहील मौसीन को 25 लाख में तमिलनाडु ड्रैगन्स ने खरीदा। आज पहले हाफ में कुल देशी विदेशी 51 खिलाड़ी बिके। इनमें शीर्ष बोली में विक्टर वेगनेज (बेल्जियम) को सूरमा हॉकी क्लब ने 40 लाख में, थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड) को कलिंगा लांसर्स ने 38 लाख रुपये में खरीदा गया।

## बॉलीवुड हलचल



### काजोल और कृति की दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल और कृति सैनन की आने वाली फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती में काजोल और कृति सैनन की अहम भूमिका है। फिल्म दो पत्ती,उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है।काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। फिल्म दो पत्ती का निर्माण कनिका ढिल्लों और कृति सेनन ने किया है। इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कृति इस फिल्म में जुड़वा बहनों की दोहरी भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में शहीर शेख और तन्वी आजमी भी अहम भूमिका है। यह फिल्म 25 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों करेंगी अच्छा प्रदर्शन : कार्तिक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि दीवाली पर एक साथ रिलीज होने वाली भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं। कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित स्टारर भूल भुलैया 3, 1 नवंबर को दीवाली के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसी अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर जैसे सितारों से सजी फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज होने वाली है। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एक-दूसरे से क्लैश कर रही है। भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन के क्लैश होने पर कार्तिक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यन ने कहा, दीवाली बहुत बड़ा हॉलिडे है। मुझे लगता है दो फिल्में आराम से चल सकती है सिंघम अगेन का एक्शन जॉनर है, हमारा कॉमेडी जॉनर है। अभी यहां पर दीवाली के अवसर पर दो फिल्में आ रही है, जिसका मुझे लगता है कि दोनों फिल्मों का फैंस ब्रेसबी से इंतजार कर रही है। मुझे लगता है कि मैं एक फिल्म देखने वाले के तौर पर बात करूं तो हम सभी के लिए यह एक तरह का त्योहार है कि उस दिन हमारे पास दो ऑप्शन आ रहे हैं, जो आजकल हमारी इंडस्ट्री में बहुत कम हो रहा है। दोनों ही फिल्मों के अच्छा करने की गुंजाइश है।

### द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने द लीजेंड ऑफ हनुमान पंचमुखी सीरीज के सीजन 5 का ट्रेलर जारी किया। इस सीजन में दर्शक शानदार दृश्यों, वफादारी तथा बहादुरी के विषयों पर आधारित कहानी से प्रेरित होंगे। इस दौरान, दर्शकों को पंचमुखी हनुमान का अवतार देखने को मिलेगा, जो अपनी अपार शक्ति और बुद्धि का प्रदर्शन करते नजर आयेंगे। ग्राफिक इंडिया के शरद देवराजन और जीवन जे. कांग द्वारा निर्मित इस सीरीज में शरद केलकर और दमन सिंह बग्गन सहित अन्य कलाकारों ने मुख्य भूमिका निभायी है। बहुप्रतीक्षित सीरीज, 25 अक्टूबर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाला है। ग्राफिक इंडिया के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और द लीजेंड ऑफ हनुमान के नए सीरीज के निर्माता एवं कार्यकारी निर्माता शरद देवराजन ने कहा द लीजेंड ऑफ हनुमान हमेशा से भारतीय एनीमेशन और कहानी कहने की सीमाओं को आगे बढ़ाने के बारे में रहा है। इस सीरीज के इस नये सीजन में, हम हनुमान के पंचमुखी अवतार को पेश करके इसे नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

### 100 करोड़ के क्लब में पहुंची वेट्टैयन

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने भारतीय बाजार में 100 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। जे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार वेट्टैयन ने रिलीज के पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनो में 82 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई की थी। फिल्म ने चौथे दिन 22 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। इस तरह यह फिल्म चार दिनों में भारतीय बाजार में 104 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर चुकी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



# स्टारशिप का पांचवां टेस्ट कामयाब
## बूस्टर 96 किमी. ऊपर जाकर लौटा

**टैक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का पांचवां टेस्ट कामयाब रहा। इस टेस्ट में पृथ्वी से 96 किमी ऊपर भेजे गए सुपर हैवी बूस्टर को लॉन्चपैड पर वापस लाया गया, जिसे मैकेजिला ने पकड़ा। मैकेजिला दो मेटल आर्म हैं जो चॉपस्टिक्स की तरह दिखाई देती हैं। वहीं स्टारशिप की पृथ्वी के वायुमंडल में री-एंट्री कराकर हिंद महासागर में कंट्रोल्ड लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप ने जब पृथ्वी के वातावरण में एंट्री की तब उसकी रफ्तार 26,000 किलोमीटर प्रति घंटे थी और तापमान 1,430 सेल्सियस डिग्री तक पहुंच गया था। स्टारशिप को 13 अक्टूबर को शाम 05:55 बजे टैक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को कलेक्टिवली स्टारशिप कहा जाता है। स्टारशिप में 6 रैप्टर इंजन लगे हैं, जबकि सुपर हैवी में 33 रैप्टर इंजन हैं।

**1 घंटे 5 मिनट 34 सेकेंड का मिशन**

**12:00:02 लिफ्टऑफ**

**01:05:34 लैंडिंग**

### सफल रहा था चौथा टेस्ट

स्टारशिप का चौथा टेस्ट 6 जून 2024 को हुआ था, जो सफल रहा था। 1.05 घंटे के इस मिशन को बोका चिका से शाम 6.20 बजे लॉन्च किया गया था। इसमें स्टारशिप को स्पेस में ले जाया गया, फिर पृथ्वी पर वापस लाकर पानी पर लैंड कराया गया। टेस्ट का मेन गोल यह देखना था कि स्टारशिप पृथ्वी के वातावरण में एंट्री के दौरान सर्वाइव कर पाता है या नहीं। टेस्ट के बाद कंपनी के मालिक इलॉन मस्क ने कहा था कई टाइलों के नुकसान और एक डैमेज्ड फ्लैप के बावजूद स्टारशिप ने समुद्र में सॉफ्ट लैंडिंग की।

# आज अमेरिका की यात्रा पर जाएगी भारतीय जांच समिति

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **पन्नू मामले पर गहराई से जांच करेगी भारतीय जांच समिति जुटाएंगे और जानकारी**

अमेरिकी विदेश विभाग ने सोमवार को कहा कि एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी अधिकारी की संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए गठित भारतीय जांच समिति मंगलवार को यहां आएगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है जांच समिति अपनी तफ्तीश के तहत मामले पर बातचीत के लिए 15 अक्टूबर को वाशिंगटन की यात्रा करेगी। इस दौरान, प्राप्त सूचनाओं पर बातचीत की जाएगी और यहां के अधिकारियों से ताजा जानकारी प्राप्त की जाएगी।

भारत ने कुछ संगठित अपराधियों की गतिविधियों की जांच करने के लिए समिति की स्थापना की थी और यह उस व्यक्ति की सक्रियता से जांच कर रही है, जिसकी पहचान पिछले साल न्याय विभाग के अभियोग में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के रूप में की गई थी, जिस पर न्यूयॉर्क शहर में एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश रचने का निर्देश देने का आरोप था। विदेश विभाग ने कहा इसके अतिरिक्त, भारत ने अमेरिका को सूचित किया है कि वे पूर्व सरकारी कर्मचारी के अन्य संबंधों की जांच के लिए अपने प्रयास जारी रख रहे हैं और आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

# इसरो अध्यक्ष को वर्ल्ड स्पेस अवार्ड




चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए आईएएफ विश्व अंतरिक्ष ने इसरो प्रमुख एस.सोमनाथ को मिला सम्मान।

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि उसके अध्यक्ष एस सोमनाथ को चंद्रयान-तीन की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए इंटरनेशन एरोनॉटिकल फेडरेशन (आईएएफ) के प्रतिष्ठित वर्ल्ड स्पेस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसरो का मुख्यालय यहां बेंगलुरु में है।

इसरो ने एक ऑनलाइन पोस्ट में कहा यह सम्मान अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के योगदान को रेखांकित करता है। आईएएफ के अनुसार, इसरो का चंद्रयान-तीन मिशन वैज्ञानिक जिज्ञासा और लागत प्रभावी इंजीनियरिंग के तालमेल का उदाहरण है जो उत्कृष्टता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और अंतरिक्ष अन्वेषण से मानवता को मिलने वाली विशाल क्षमता का प्रतीक है। आईएएफ ने एक बयान में कहा चंद्रमा की संरचना और भूविज्ञान के अज्ञात पहलुओं को तेजी से सामने लाते हुए यह मिशन नवाचार के प्रति वैश्विक प्रमाण का प्रतीक है।

## एक नजर

### पाकिस्तान में आतंकियों से झड़प, तीन पुलिसकर्मी मरे

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में सोमवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर हमला करने वाले आतंकवादियों के साथ भीषण झड़प में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी जबकि तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने खैबर-पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में पुलिस लाइन पर हमला किया जिसके कारण भीषण झड़पें हुईं। अधिकारी ने बताया कि झड़प में तीन पुलिसकर्मीयों की मौत हो गयी और तीन आतंकवादी मारे गए। हमलावरों ने पुलिस मुख्यालय में घुसने का प्रयास किया।

### चीन ने ताइवान के आसपास किया सैन्य अभ्यास

**ताइपे।** चीन ने सोमवार को ताइवान और उसके बाहरी द्वीपों के आसपास बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया, जिसमें युद्धक विमानों के साथ एक विमानवाहक पोत भी तैनात किया गया। उसका यह कदम ताइवान जलडमरूमध्य में तनावपूर्ण स्थिति को दर्शाता है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बीजिंग की उन मांगों को मानने से इनकार करने की प्रतिक्रिया है कि ताइवान खुद को कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत चीन के हिस्से के रूप में स्वीकार करे।

### अफगानिस्तान में पेट्रोल पंप पर धमाका, 17 घायल

**महमूद-ए-राकी।** पूर्वी अफगानिस्तान के कपिसा प्रांत में सोमवार को पेट्रोल पंप पर गैस सिलेंडर फटने से 17 लोग घायल हो गये। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल फतह फैज ने यह जानकारी दी। फैज ने बताया कि दुर्घटना तगाब जिले में स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 08:20 बजे हुई। हादसे में 17 लोग घायल हुये हैं। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। अधिकारी ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गयी है।

### श्रीलंका में बाढ़ से 1,34 लाख लोग प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका में भारी बारिश से कई हिस्सों में बाढ़ आ गई, तथा सोमवार को कोलंबो और उपनगरीय क्षेत्रों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार, सप्ताहांत में हुई भारी बारिश ने देश के कई हिस्सों में तबाही मचा दी है और यहां घर, खेत तथा सड़कें जलमग्न हो गई हैं। बाढ़ में तीन लोग डूब गए हैं, जबकि एक लाख 34 हजार लोग इससे प्रभावित हुए हैं।

# इजराइली हमलों से दहला मध्य पूर्व
## हिजबुल्ला के ड्रोन हमले में चार इजराइली सैनिक मारे गए, गाजा में 20 लोगों की मौत

**दीर अल-बला, एजेंसी**

- **मध्य इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर हुआ हमला, सात अन्य गंभीर रूप से घायल**
- **इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने कहा- हमले में घायल हुए 61 लोग**

मध्य इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर हिजबुल्ला के ड्रोन हमले में चार सैनिक मारे गए और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सेना ने बताया कि दो सप्ताह पहले इजराइल द्वारा लेबनान पर शुरू किए जमीनी हमलों के बाद से यह आतंकवादी समूह द्वारा किया गया सबसे घातक हमला है।

लेबनान के हिजबुल्ला ने बिनयामीना शहर के पास हुए हमले को बेरूत पर गुरुवार को किए इजराइली हमलों का बदला बताया, जिसमें 22 लोग मारे गए थे। बाद में उसने कहा कि उसने इजराइल की गोलानी ब्रिगेड को निशाना बनाया और ड्रोन हमलों के दौरान इजराइली वायु रक्षा प्रणालियों पर दर्जनों मिसाइलें दागीं। इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने कहा कि हमले में 61 लोग घायल हुए हैं।

गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से हिजबुल्ला और इजराइल के बीच लगभग हर दिन लड़ाई होती रही है। दो स्थानीय अस्पतालों के अनुसार, रविवार रात गाजा में हुए इजराइली हवाई हमलों में एक स्कूल के बच्चों सहित कम से कम 20 लोग मारे गए। युद्ध के कारण विस्थापित कई फलस्तीनियों ने नुसरत के उस स्कूल में शरण ले रखी थी। इस बीच, सोमवार को अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के बाहर दीर अल-बला में विस्फोट हुआ। अस्पताल ने बताया कि विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। तंबुओं में आग लग गई और मध्य गाजा समुदाय के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।



गाजा पट्टी के दीर अल बलाह में अल अक्सा शहीद अस्पताल के प्रांगण में एक तम्बू क्षेत्र पर इजरायली हमले के बाद नुकसान को देखते फिलिस्तीनी। ● एजेंसी

### आईएसए प्रमुख ने युद्धविराम और गाजा पर बातचीत के लिए किया मिस्र का दौरा

**गाजा।** इजरायली सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) के प्रमुख रोनेन बार ने काहिरा का दौरा किया जहां उन्होंने मिस्र की खुफिया एजेंसी के प्रमुख अब्बास कामेल के साथ युद्धविराम पर बातचीत फिर से शुरू करने और गाजा पट्टी से बंधकों की रिहाई के तरीकों पर चर्चा की। वाल्ला पोर्टल ने एक स्रोत का हवाले से यह रिपोर्ट दी। दोनों देशों के खुफिया प्रमुखों ने फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेता याह्या सिनवार के साथ संपर्क फिर से शुरू करने के तरीकों पर भी चर्चा की।

### उत्तर लेबनान में हवाई हमला, 18 की मौत

**दीर अल-बला।** लेबनान के रेड क्रॉस ने कहा है कि उत्तर लेबनान में हुए एक इजराइली हवाई हमले में कम से कम 18 लोग मारे गए हैं। यह हमला सोमवार को ऐतो गांव में एक छोटे से अपार्टमेंट पर किया गया, और यह इस महीने की शुरुआत में इजराइल द्वारा लेबनान पर आक्रमण शुरू करने के बाद से उत्तरी क्षेत्र में किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक था। हिजबुल्ला समूह की मौजूदगी मुख्य रूप से लेबनान के दक्षिण में और दक्षिणी उपनगर बेरूत में है।

### ब्रिटेन ने ईरानी सैन्य अधिकारियों और अंतरिक्ष एजेंसी पर लगाए प्रतिबंध

**लंदन।** ब्रिटेन ने पश्चिमी एशिया को अस्थिर करने के प्रयासों में कथित संलिप्तता के लिए ईरानी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों और संगठनों पर सोमवार को नये प्रतिबंधों की घोषणा की। फॉरेन, कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) ने बताया कि एक अक्टूबर को इजराइल के खिलाफ ईरान के हमले के जवाब में ये नए प्रतिबंध लगाए गये हैं और इन प्रतिंबधों के जरिये उन वरिष्ठ शख्सियतों को निशाना बनाया गया है, जिन्होंने इस्लामिक रिब्लबिक ऑफ ईरान आर्मी, ईरान एअर फोर्स और आईआरजीसी इंटेलिजेंस ऑर्गोनाइजेशन में होते हुए ये सब किया। फरजानेगन प्रोपल्शन सिस्टम डिजाइन ब्यूरो (एफपीएसडीबी) पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा।

### यूरोपीय संघ ने लेबनान में शांति सैनिकों पर हमलों की निंदा की

**बेरुत।** यूरोपीय संघ ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांतिसैनिकों पर हमले की निंदा करते हुए इजराइल के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि संयुक्त राष्ट्र वहां हिज्बुल्ला के खिलाफ उसके सैन्य अभियान को रोकने के लिए है। इजराइल के हिज्बुल्ला चरमपंथी समूह के खिलाफ जमीनी आक्रमण शुरू करने के बाद शांति सैनिक के स्थानों पर हुए हमलों संयुक्त राष्ट्र के पांच सैनिक घायल हुए हैं। इसका जिम्मेदार इजराइली बलों को ठहराया जा रहा है। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने कहा कि शांति सैनिकों का काम बहुत अहम है और संयुक्त राष्ट्र के सैनिकों पर हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य है। करीब साल भर हुई छोटी-छोटी झड़पों के बाद इजराइल ने हिज्बुल्ला के खिलाफ अपना अभियान तेज़ कर दिया है जबकि वह गाजा में हमास के खिलाफ भी जंग कर रहा है।

# ब्रिटेन में भारतीय पेशेवरों की संख्या सबसे अधिक : रिपोर्ट

**लंदन, एजेंसी**

- **सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों से जातीय अल्पसंख्यकों को एकल समूह के रूप में मानना अर्थहीन**

ब्रिटेन में पेशेवर कामगारों की सर्वाधिक संख्या वाला जातीय समूह भारतीय है और सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों से सभी जातीय अल्पसंख्यकों को एकल समूह के रूप में मानना अब देश में अर्थहीन हो गया है। एक नए थिंक-टैंक के विश्लेषण में यह निष्कर्ष निकाला गया।

पॉलिसी एक्सचेंज द्वारा प्रकाशित आधुनिक ब्रिटेन का एक रूपचित्र जातीयता और धर्म देश में विभिन्न जातीय समूहों की जनसांख्यिकीय, शैक्षिक, स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति की गहन पड़ताल को दर्शाता है। रिपोर्ट में सरकार के नेतृत्व वाली एक नई राष्ट्रीय एकीकरण रणनीति का आह्वान किया गया है, जिसमें ब्रिटेन में बच्चों को समावेशी तरीके से अपनी राष्ट्रीय विरासत पर गर्व करना सिखाया जाए जो देश के इतिहास और परंपराओं को प्रतिबिंबित करें। रिपोर्ट में कहा गया है, पेशेवर श्रमिकों की उच्चतम संख्या वाला जातीय समूह भारतीय था। ब्रिटिश भारतीयों के पास घर के स्वामित्व की दर भी सबसे अधिक है, जिनमें से 71 प्रतिशत ऐसी संपत्ति में रहते थे जिन पर उनका या तो सीधा स्वामित्व था या बंधक/ऋण या साझा स्वामित्व के तहत स्वामित्व था। इसमें कहा गया है वाक्यांश जातीय अल्पसंख्यक में निहित विविधता अब व्यापक है- प्रत्येक अल्पसंख्यक समूह के भीतर और विभिन्न अल्पसंख्यक समूहों के बीच। सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों से जातीय अल्पसंख्यकों को एक अखंड समूह के रूप में मानना अब अर्थहीन हो गया है। दक्षिण एशियाई जैसी श्रेणियां न केवल ब्रिटेन के भारतीयों, पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों के बीच उल्लेखनीय आर्थिक और सामाजिक असमानताओं को छिपाने का काम करती हैं।

### प्रत्येक समूह से लिए गए 200 नमूने

रिपोर्ट में 2021 की ब्रिटिश जनगणना के आंकड़े और सभी जातीयता के 2,000 लोगों के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि नमूने के अलावा, 1,400 जातीय अल्पसंख्यक उत्तरदाताओं के बूस्टर नमूनों का उपयोग किया गया था। अश्वेत अफ्रीकी, अश्वेत कैरेबियन, भारतीय, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी, चीनी और मिश्रित नस्ल वाले जातीय समूहों से प्रत्येक समूह से 200 नमूने लिये गये थे। विश्लेषण के प्रमुख निष्कर्षों में यह भी शामिल है कि लगभग चार में से तीन लोग (सर्वेक्षण में शामिल 72 प्रतिशत लोग) मानते हैं कि बच्चों को ब्रिटिश इतिहास पर गर्व करना सिखाया जाना चाहिए।

# नाटो ने शुरू किया उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास

**ब्रुसेल्स, एजेंसी**

- **13 गठबंधन देशों के 2,000 सैनिक और 60 सैन्य विमान लेंगे भाग**

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सोमवार को उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास स्टीडफास्ट नून शुरू कर रहा है, जिसमें 13 गठबंधन देशों के 2,000 सैनिक और 60 सैन्य विमान भाग लेंगे। नाटो महासचिव मार्क रट ने कहा कि अभ्यास मुख्य रूप से ब्रिटेन, उत्तरी सागर, साथ ही बेल्जियम और नीदरलैंड में होंगे।

उन्होंने कहा कि इन अभ्यासों से विरोधियों को पता चल जाएगा कि नाटो किसी भी खतरे का जवाब देने के लिए तैयार है। नाटो ने पहले कहा था कि अभ्यास की योजना एक साल से अधिक समय पहले तैयार की गयी थी और अभ्यास में किसी भी लड़ाकू हथियार का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। युद्धाभ्यास दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें आठ एयरबेस शामिल होंगे। विशेष रूप से परमाणु हथियार, बमवर्षक, एस्कॉर्ट फाइटर और ईंधन भरने वाले विमान ले जाने में सक्षम विभिन्न विमान, साथ ही टोही और इलेक्ट्रॉनिक युद्धक विमान अभ्यास में भाग लेंगे। नाटो प्रेस सेवा ने कहा कि गठबंधन लगातार परमाणु निरोधक बलों की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहा है। विशेष रूप से, 2024 में, नए डच लड़ाकू विमानों एफ35ए को परमाणु निरोधक मिशनों में उपयोग के लिए उपयुक्त माना गया।

# ट्रंप के रैली स्थल के पास एक हथियारबंद गिरफ्तार

- **13 आरोपी के पास से गोला बारूद तथा कई फर्जी पासपोर्ट हुए बरामद**

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** अमेरिका के साउदर्न कैलिफोर्निया में डोनाल्ड ट्रंप की रैली स्थल के निकट जांच चौकी पर नेवादा निवासी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और उसके वाहन से हथियार एवं गोला बारूद तथा कई फर्जी पासपोर्ट बरामद किए गए।

रिवरसाइड काउंटी के शेरिफ चाड बियांको ने बताया कि लास वेगास निवासी 49 वर्षीय संदिग्ध गैर पंजीकृत एसयूवी को चला रहा था, जिस पर अमान्य लाइसेंस प्लेट लगी थी। लॉस एंजिलिस के पूर्व में स्थित कोचेला में रैली के लिए तैनात अधिकारियों ने उसे रोका था। बियांको ने कहा कि वाहन चालक ने दावा किया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया क्योंकि उसके पास कोई वैध प्रमाणपत्र नहीं थे। पुलिस ने देखा कि वाहन का अंदरूनी हिस्सा अस्त-व्यस्त था और तलाशी में हथियार एवं गोला-बारूद के साथ विभिन्न नामों वाले कई पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस मिले।

# आज पाकिस्तान जाएंगे जयशंकर

**लाहौर (पाकिस्तान), एजेंसी**

- **दोनों देशों के समकक्ष नेताओं के बीच किसी भी द्विपक्षीय वार्ता से किया इनकार**
- **एससीओ की बैठक में होंगे शामिल, पाकिस्तान में 24 घंटे से भी कम समय रुकेंगे**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को पाकिस्तान जाएंगे। कई वर्षों से दोनों देशों में तनाव के बीच भारत की यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा होगी। अधिकारियों ने बताया कि विदेश मंत्री पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मेजबानी में आयोजित स्वागत भोज में भी शामिल होंगे।

दोनों पक्षों ने एससीओ शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन से इतर जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के बीच किसी भी द्विपक्षीय वार्ता से इनकार किया है। नौ साल बाद यह पहला मौका है जब भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान की यात्रा करेंगे, जबकि कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान की ओर से सीमा पार आतंकवाद को लेकर दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों में अब भी बर्फ जमी हुई है। ऐसी सूचना है कि जयशंकर पाकिस्तान में 24 घंटे से भी कम समय रुकेंगे। पाकिस्तान एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी कर रहा है जो 15 और 16 अक्टूबर को होगी।

### पाकिस्तान मेजबानी को तैयार, सुरक्षा इंतजाम बढ़ाए गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान एससीओ की बैठक की मेजबानी के लिए तैयार है और इसी के मद्देनजर सोमवार को इस्लामाबाद में सुरक्षा बढ़ा दी गई तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इस विशाल अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विदेशी गणमान्य अतिथि पाकिस्तान पहुंचने लगे हैं। समूचे देश में बढ़ते आतंकवादी हमलों और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा प्रदर्शन जारी रखने के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका की पृष्ठभूमि में इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।

# अल्जीरिया के संघर्ष की याद दिलाता है नेशनल म्यूजियम : राष्ट्रपति मुर्मू

- **राष्ट्रपति मुर्मू ने अल्जीरियाई राष्ट्रपति तब्बौन से की वार्ता सैनिकों को दी श्रद्धांजलि**

**अल्जीयर्स (अल्जीरिया), एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देल मजीद तब्बौन से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की तथा विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई। मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण के तहत रविवार को यहां पहुंचीं, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की पहली अल्जीरिया यात्रा है।

विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया भारत-अल्जीरिया के संबंधों को गति प्रदान कर रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देल मजीद तब्बौन से मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर लिखा गया दोनों नेताओं ने भारत-अल्जीरिया संबंधों की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने पर राजी हुए। अल्जीरिया में भारतीय दूतावास की वेबसाइट के अनुसार 2022-23 के दौरान भारत से अल्जीरिया को निर्यात 61.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर था जो 2023-24 में बढ़कर 84.816 करोड़ डॉलर हो गया। 2022-23 के दौरान भारत का आयात 1.5 अरब डॉलर था और 2023-24 के दौरान 88.554 करोड़ डॉलर हो गया। राष्ट्रपति मुर्मू ने आज दिन में यहां मकम एचाहिद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और आजादी की लड़ाई में जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने मोउदजाहिद में नेशनल म्यूजियम का भी दौरा किया जो आजादी के लिए अल्जीरिया के संघर्ष की याद दिलाता है।



मोउदजाहिद के राष्ट्रीय संग्रहालय का दौरा करतीं राष्ट्रपति मुर्मू। ● एजेंसी

# रक्षा संबंधों को मजबूत करने को जापान की यात्रा पर सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी जापान और भारत के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से पूर्वी एशियाई देश की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। सेना प्रमुख 14 से 17 अक्टूबर तक जापान की यात्रा के दौरान हिरोशिमा भी जाएंगे, जहां वह हिरोशिमा पीस पार्क में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

वह पीस पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग की मजबूत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनरल द्विवेदी सोमवार को जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज से बातचीत करेंगे और इसके बाद तोक्यो में भारतीय दूतावास में दोनों देशों के बीच संबंधों पर एक चर्चा में भाग लेंगे। वह मंगलवार को इचिगाया में रक्षा मंत्रालय में जापान के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व से भी बातचीत करेंगे।

**खगोल विज्ञान** | 150 वर्ष से छाया तूफान दोलन की तरह हिलता डुलता है

# स्थिर नही है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान

**अमृत विचार, नैनीताल**

बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट (चक्रवाती तूफान) स्थिर नही है, बल्कि दोलन की तरह हिलता डुलता है। यह तूफान 150 वर्ष से निरंतर बना हुआ है। पहली बार इस तूफान के स्वभाव का पता चला है। हबल अंतरिक्ष दूरबीन के जरिए यह रहस्य उजागर हुआ है।

बृहस्पति यानी गुरु हमारे सौरपरिवार का सबसे बड़ा ग्रह है, जो ग्रहों को नियंत्रित कर सौरमंडल के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बृहस्पति पर एक भयानक चक्रवाती तूफान 150 वर्षों से छाया हुआ है। इस तूफान का आकार इतना बड़ा है कि वह पृथ्वी को निगल सकता है। इस ग्रह का विशाल आकर व इसके दर्जनों उपग्रह हमेशा से खगोलविदों की जिज्ञासा का केंद्र रहे हैं। जिस कारण समय समय पर इस ग्रह की जांच परख होते रही है। मगर अब जो खुलासा हुआ है, वह आश्चर्यजनक है। ग्रेट रेड स्पॉट के नाम से पहचान रखने वाले तूफान की हबल दूरबीन ने पहली बार नजदीकी से ऐसी तस्वीरें ली हैं, जो बताती हैं कि यह तूफान पृथ्वी के तूफानों की तरह नही है, बल्कि हिलने डुलने वाला दोलन की तरह चलने वाला तूफान है। यह पहली बार है जब वैज्ञानिकों ने इस चक्रवात को दोलन करते हुए देखा है।

इसकी जेट जैसी धाराएँ इसे अपनी जगह पर बनाए रखती हैं लेकिन तूफ़ान एक तनाव गेंद की तरह दब जाता है। नासा ने 9 अक्टूबर को इसकी हकीकत उजागर की है। खगोलविदों ने दिसंबर 2023 से मार्च 2024 तक 90 दिनों तक लगातार इसका अध्ययन किया। समय के अंतराल में हबल ने इसकी तस्वीरे कैमरे में कैद की। तस्वीरों के आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रेट रेड स्पॉट अनोखा जटिल तूफान है। पीयर-रिव्यूड द प्लैनेटरी साइंस जर्नल में यह खोज प्रकाशित प्रकाशित हुई है।



हबल द्वारा बृहस्पति ग्रह की विभिन्न स्थितियों में ली गई तस्वीर।

### वातावरण की जानकारी जुटाता है हबल

**नैनीताल :** नासा के आउटर प्लैनेट एटमॉस्फियर लिगेसी प्रोग्राम (ओपीएएल) हबल के जरिए हर वर्ष सौरमंडल के ग्रहों के वातावरण की जानकारी जुटाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। बृहस्पति के तूफान की अंदरूनी स्थिति का पता लगाने के लिए हबल को लंबे समय तक लगाया गया। ग्रहों के वातावरण को समझना बेहद जरूरी है। जिसे दुनिया की स्पेस एजेंसिया महत्वपूर्ण मानती हैं और समय समय पर अनुसन्धान करते रहती है।